फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 22 प्रभात जयपुर, मंगलवार 23 अगस्त, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

ARBiT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com


Gutter Inspector's Report

Doctor ka farj tha ki dye ke jariye ukt ureter ke test kar leta ki vah sahi kam kar rah ya nahi?

More Dogs Diagnosed With Diabetes

PHOTO EXHIBITION: The 'Mahakumbh' of Photography

Tasaveer teri dil main jis din se utari hai......



*दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान जब स्लोवेनिया पर नाज़ियों का कब्जा था तब देश के ''प्रतिरोधी आंदोलन'' (रैज़िस्टैंस मूवमैंट) ने घायलों की देखभाल के लिए घने जंगलों में, गुफाओं, संकड़े पहाड़ी दर्रों जैसी जगहों पर गुप्त अस्पताल बनाए, ताकि वे शत्रु की पहुंच से बचे रहें क्योंकि नाज़ी अक्सर अस्पतालों को नष्ट कर देते थे। इन अस्पतालों तक पहुँचना ही बहुत मुश्किल होता था। वर्ष 1942 से 1945 के बीच स्लोवेनिया में ऐसे 120 अस्पताल थे, जिनमें अलग -अलग देशों के 15,000 से ज्यादा घायलों व बीमारों को शरण मिली थी। ये सभी सैनिक तब फासीवाद और नाज़ीवाद से लड़ रहे थे और इनका अस्तित्व स्थानीय लोगों की सहायता पर निर्भर होता था। स्थानीय लोग इन्हें भोजन पानी देते थे व घायलों को अस्पताल पहुंचाते थे। यही नहीं, इन अस्पतालों की देखभाल भी स्थानीय लोग ही करते थे। इसके लिए लोग प्रायः अपनी सुरक्षा को भी खतरे में डाल देते थे। उस समय बने गुप्त अस्पतालों में से कुछ आज भी मौजूद हैं। हालांकि अब वहां इलाज नहीं होता है। इन्हीं में से एक है, चित्र में नज़र आ रहा, फ्रान्या पार्टिसन हॉस्पिटल, जो वैस्टर्न स्लोवेनिया में है। उस समय यह एक सर्वाधिक सुविधा सम्पन्न अस्पताल था। यहां एक्सरे मशीन, ऑपरेशन थिएटर आदि, सब कुछ था। यह अस्पताल जर्मन अधिकृत यूरोप में एक दर्रे में बनाया गया था। इस क्षेत्र में जर्मन सेना की आवाजाही काफी थी पर यह अस्पताल गुप्त ही रहा। अस्पताल का दरवाजा छुपा हुआ था। ''रीट्रैक्टेबल'' पुलों के जरिए ही इस अस्पताल तक पहुंचा जा सकता था। ये वो पुल थे जिन्हें जरुरत पड़ने पर हटा दिया जाता था। अस्पताल की गोपनीयता कायम रखने के लिए मरीजों को आंखों पर पट्टी बांध के लाया ले जाया जाता था। यह अस्पताल 1943 में स्थानीय डॉ. विक्टर वोल्कजैक की देखरेख में बना था पर इसका नामकरण डॉ. फ्रान्या बॉज्क के नाम पर किया गया, जिन्होंने 1944 में यहां डॉक्टर व हॉस्पिटल मैनेजर की हैसियत से काम किया था। अस्पताल में 120 मरीज रखने की क्षमता थी पर युद्ध के दौरान इससे दस गुने मरीज यहां रहते थे। यहां एक जर्मन सैनिक का भी इलाज हुआ था जो ठीक होने के बाद यहीं रह गया और मरीजों की सेवा करने लगा। युद्ध के बाद इस अस्पताल को म्यूज़ियम में बदल दिया गया और आज भी यह स्लोवेनिया का ऐसा स्मारक है जहां सबसे ज्यादा लोग आते हैं।*

# गहलोत अचानक शाम को दिल्ली पहुंचे

## ऐसा माना जा रहा है कि, वे संभवतया सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 22 अगस्त। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से कल मुलाकात करने की खबरों के बीच आज शाम दिल्ली पहुँचे।

सूत्र बताते हैं कि राहुल गांधी द्वारा गांधी परिवार से अलग पार्टी के किसी सीनियर नेता, यानी कि अशोक गहलोत को कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव पर सोनिया गांधी गहलोत से चर्चा करना चाहती हैं।

सूत्र बताते हैं कि गहलोत किसी भी कीमत पर अपने मुख्यमंत्री पद की कुर्सी नहीं छोड़ना चाहते और वह सार्वजनिक रूप से यह पहले ही कह चुके हैं कि वे जयपुर नहीं छोड़ना चाहते।

गहलोत ने आज फिर इसे लेकर बेबाक बातचीत की कि पार्टी नेता और कार्यकर्ता किस प्रकार से राहुल को कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में देखना चाहते हैं। राहुल गांधी को उनकी सलाह यह है कि वे इस पद को स्वीकार कर कांग्रेस अध्यक्ष बन जाएं। उन्होंने कहा कि यदि राहुल ऐसा नहीं करते हैं तो कांग्रेस के लोग निराश होकर घर बैठ जाएंगे, जिससे पार्टी का नुकसान होगा। कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष के मुद्दे को लेकर अनिश्चित है और कुल मिलाकर इस मामले के स्थगित होने की उम्मीद है और यह कुछ समय तक खिंच सकता हैं। पार्टी के चुनाव प्राधिकरण ने कहा कि चुनाव तय कार्यक्रम अनुसार ही होंगे, लेकिन वास्तविकता यह है कि चुनाव प्राधिकरण की कुछ शक्तियों को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सी.डब्ल्यू.सी.) ने हड़प लिया है, और वही चुनाव कार्यक्रम को अंतिम रूप देगी तथा उसे अनुमोदित करेगी।

लेकिन वास्तविकता यह है कि चुनाव का कोई कार्यक्रम नहीं बनाया गया है और सी.डब्ल्यू.सी. की किसी मीटिंग की घोषणा नहीं की गई हैं।

महत्वपूर्ण ये है कि अशोक गहलोत दिल्ली क्यों आए हैं और कांग्रेस का अगला अध्यक्ष कौन बनेगा इसके सम्बधं में 10 जनपथ वास्तव में क्या करने जा रहा हैं।

- **दोनों की बातचीत में मुख्य मुद्दा होगा, राहुल गांधी का प्रस्ताव कि, गैर गांधी परिवार के व्यक्ति को (गहलोत को) कांग्रेस अध्यक्ष का पद सम्भलवाना चाहिये।**
- **जैसा कि, विदित ही है, गहलोत राजस्थान के मु.मंत्री की कुर्सी छोड़ना नहीं चाहते, तथा उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि, वे जयपुर नहीं छोड़ना चाहेंगे।**
- **कांग्रेस की, संगठन चुनाव की जिम्मेवारी सम्भालने वाली ''इलैक्शन अथॉरिटी'' ने इस संदर्भ में कहा है कि, चुनाव पूर्व निश्चित व घोषित प्रोग्राम के तहत समय पर ही होंगे।**
- **पर, जैसा देखा जा रहा है, अथॉरिटी के अधिकार अब कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने ग्रहण कर लिये हैं और अभी तक कांग्रेस वर्किंग कमेटी की कोई बैठक निकट भविष्य में प्रस्तावित नहीं है, अतः कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव आगे खिसक भी सकता है।**

# सब तरह से घिरी ममता बनर्जी, मां दुर्गा की शरण में पहुंचीं

## दुर्गा पूजा उत्सव के आयोजन के लिए दो सौ करोड़ का अनुदान दिया। हैलिकॉप्टर उपलब्ध कराये, व ग्यारह दिन की सरकारी छुट्टी दी

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 22 अगस्त। इससे ज्यादा सनकीपन और क्या हो सकता है! पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुर्गा पूजा उत्सव मनाने के लिये बहुत बड़े पैकेज की घोषणा की है। इस पैकेज के अन्तर्गत, स्थानीय संगठनों को 200 करोड़ रूपये दिये जायेंगे ताकि वे अपनी-अपनी बस्तियों में दुर्गा-पूजा उत्सवों का आयोजन कर सकें।

राजा-महाराजाओं एवं रानी-महारानियों की तरह, ममता बनर्जी ने घोषणा की है कि लोगों को राज्य में वर्ष में एक बार होने वाले दुर्गा-पूजा महोत्सव को ग्यारह दिन तक आनन्द पूर्वक मनाना चाहिये। इसके सरकार लोगों को कार्यस्थल से गैरहाजिर रहने तथा मौज-मस्ती करने की छूट देगी। सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि यह सब कुछ उस स्थिति में किया जा रहा है, जब राज्य सरकार सरकारी तथा व्यवहारिक तौर पर दिवालिया होने की स्थिति में पहुँच चुकी हैं।

- **यह ''तोहफे'' उस समय दिये जबकि, प.बंगाल सरकार अपने आप को कई बार ऑफिशियली दिवालिया बता चुकी है।**
- **एक उल्लेखनीय बात यह भी है कि, ग्यारह दिन के सवैतनिक अवकाश का सरकारी कर्मचारी व कॉरपोरेट दुनिया के ''ऑर्गनाइज़्ड'' वर्कर तो आनन्द लेते हैं, पर, समाज का सबसे कमज़ोर वर्ग, दैनिक मजदूरी से पेट पालने वाला, भूखों मरने के करीब आ जाता है, क्योंकि सार्वजनिक सेवाएं व सुविधाएं बंद हो जाती हैं। अतः ये सब लोग कमाई से वंचित हो जाते हैं।**

राज्य का खजाना खाली है तथा मुख्यमंत्री ने पूजा-समारोह-आयोजकों के साथ एक विशाल सम्मिलन में इस बात को स्वीकार किया था। लेकिन उन्होंने उस समय यह आशा भी व्यक्त की थी कि माँ दुर्गा राज्य के खजाने को भर देंगी।

आशा की जानी चाहिये कि देवी दुर्गा ममता बनर्जी की प्रार्थना सुनेंगी तथा अपनी पुत्री, माँ लक्ष्मी को आदेश देंगी कि वे पश्चिम बंगाल सरकार के खजाने को बहुत सारे धन से भर दें ताकि ये सब आडम्बर किया जा सके।

एक सार्वजनिक हस्ती तथा एक राज्य की शासन प्रमुख का इससे बड़ा पागलपन नहीं हो सकता।

यह पूरी तरह गैरजिम्मेदाराना कदम है। जब राज्य, लम्बे समय तक चली महामारी के बाद, अनेकानेक प्रकार की अक्षमताओं से गुजर रहा है, ऐसे समय पर, अर्थव्यवस्था के पुनरूद्धार के लिये कोई तर्कसम्मत आर्थिक योजना विकसित करने की कोशिश करने के बजाय, मुख्यमंत्री ऐसी पवित्र आशाएं सँजो रही हैं कि उनकी गैर जिम्मेदाराना व्यय की योजनाएं कुछ-कुछ पूरी हो चुकी हैं।

पूजा समारोह आयोजित करने वाले स्थानीय क्लबों के लिये ऐसी उदार घोषणा करने के साथ ही, सुश्री बनर्जी ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिये लम्बी छुट्टियों की घोषणा भी कर दी है। राज्य कर्मचारिकों इन समारोहों के लिये लगातार 11 दिन का सवैतनिक अवकाश मिलेगा। उन्होंने जनता से कहा है कि वे इस पर्व का खूब आनन्द लें।

दुर्भाग्य की बात यह है कि वे यह महसूस नहीं कर रहीं कि प्रत्येक सार्वजनिक अवकाश का मतलब यह भी होता है कि आप समाज के सबसे कमजोर वर्गो के लोगों को दैनिक मजदूरी से दो रोटी कमाने के अवसर से वंचित कर रहे हैं। इन जबरदस्ती दी जा रही छुट्टियों से बहुत अत्यावश्यक गतिविधियाँ भी मजबूरन बन्द रहेंगी, जो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# खेलों में सरकारी दखल

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 22 अगस्त। सरकार यह स्वीकार करने को तैयार नहीं है कि स्पोर्ट्स की वैश्विक इकाईयों द्वारा भारतीय स्पोर्ट्स इकाईयों के अधिस्वीकरण के निरस्त होने का कारण भारत की सभी स्पोर्ट्स इकाईयों में उसके द्वारा नैशनल स्पोर्ट्स कोड को जबरन लागू करने का प्रयास और उनके क्रियाकलापों में दखलंदाजी करना है।

- **सुप्रीम कोर्ट ने खेलों में सरकारी दखल को रोकने के लिए इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन पर नैशनल स्पोर्ट्स कोड के तहत गठित कमेटी ऑफ एडमिनिस्ट्रेटर्स पर रोक लगा दी है।**

सुप्रीम कोर्ट ने इस कोड के अधीन दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त तीन सदस्यीय कमेटी ऑफ एडमिनिस्ट्रेटर्स (सी.ओ.ए) को इण्डियन ओलम्पिक एसोसिएशन (आई.ओ.ए.) का कामकाज संभालने से सोमवार को रोक दिया। जस्टिस डी.वाय. चन्द्रचूड़ और जस्टिस ए.एस. बोपन्ना की एक सुप्रीम कोर्ट बैंच ने 28 अगस्त से शुरु होने जा रहे ए.आई.एफ.एफ. के चुनाव कार्यक्रम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एन.टी.आर. एक बार फिर जन्म लेंगे तेलंगाना में

## पर, इस बार वे भाजपा के समर्थन में काम करेंगे चुनाव में

**-लक्ष्मण वैंकेट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 22 अगस्त। भाजपा इस समय दक्षिण भारत में जबरदस्त मेहनत कर रही है। अब इसने पूरा ध्यान दो तेलुगूभषी राज्यों-तेलंगाना और आन्ध्र प्रदेश पर लगा दिया है पार्टी के अपने शीर्ष नेताओं को अपने अनुकूल वातावरण बनाने के अभियान में लगा दिया हैं। इन दोनों राज्यों से 42 लोकसभा सांसद चुने जाते हैं, इसलिये भाजपा के दक्षिण भारत सम्बन्धी योजनाओं में इन दोनों राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका हैं।

पिछली बार चार लोकसभा जीतने के बाद, जहाँ तेलंगाना में भाजपा अपनी मौजूदगी के विस्तार वास्तविक सम्भावना देखती है, वहीं आन्ध्र प्रदेश में, पार्टी अपने विस्तार के लिये गंम्भीर कोशिशें करना शुरू कर दिया है। ज्ञातव्य है कि तेलंगाना विधानसभा में भी भाजपा की दो सीटें हैं।

इस सन्दर्भ में, पूर्व भाजपा अध्यक्ष तथा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक रोचक व्यक्ति जूनियर एन.टी.आर. से मिले। जूनियर एन.टी.आर. अपने समय की प्रख्यात फिल्मी और उसके बाद राजनैतिक हस्ती रहे एन.टी.रामाराव के पौत्र तथा नामी फिल्म स्टार हैं। ज्ञातव्य है कि टी.डी.पी. के संस्थापक एन.टी.रामाराव ही थे। हैदराबाद में डिनर पर हुई इस उल्लेखनीय भेंट ने राजनैतिक हल्कों को आशाओं-अपेक्षाओं से पूरी तरह भर दिया है। प्रसंगवश बता दे कि फिल्मों के दीवाने रहे एकीकृत आन्ध्रप्रदेश में, एन.टी.आर. ने अपनी पार्टी बनाई और पार्टी की स्थापना के नौ माह के अन्दर ही सुस्थापित कांग्रेस पार्टी को उसके गढ़ रहे आन्ध्र प्रदेश की सत्ता से बेदखल कर दिया था। अब, देखना यह है कि उनके पौत्र जूनियर एन.टी.आर. प्रत्यक्षः या अप्रत्यक्षतः रूप से राजनीति में कूदते हैं अथवा नहीं।

अत्यधिक सफल फिल्म स्टार जूनियर एन.टी.आर. इन दोनों तेलुगूभाषी राज्यों में बहुत ज्यादा लोकप्रिय हैं तथा इस नाते वे एक ऐसे व्यक्ति सिद्ध हो सकते है, जो एक ऐसे समय पर भाजपा को आगे बढ़ा सकता है, जब पार्टी के पास वहाँ कोई ऐसा नेता नहीं है, जो वहाँ सुस्थापित राजनेताओं-आन्ध्रप्रदेश में जगमोहन रेड्डी तथा तेलंगाना में के चन्द्रशेखर राव को टक्कर दे सके।

राज्य के पूर्व मंत्री तथा वाय.एस.आर.सी.पी. के विधायक कोडाली नानी ने कहा कि यह बिल्कूल साफ है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह फिल्मों के दीवाने इन दोनों तेलुगूभाषी राज्यों में फिल्मी दुनिया के किन्ही लोकप्रिय नामों की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **आंध्र के पूर्व मु.मंत्री एन.टी.आर. जिन्होंने तेलुगू-देशम पार्टी बनाकर, आंध्र से कांग्रेस का सफाया किया, तथा कई बार लगातार आंध्र के मु.मंत्री बने, के पोते एन.टी.आर. जूनियर, जो स्वयं भी ठीक-ठाक फिल्म अभिनेता हैं, के अब भाजपा से जुड़ने की भारी चर्चा है।**
- **जैसा कि विदित ही है, तेलुगू भाषी तेलंगाना व आंध्र में, सदा से फिल्म अभिनेताओं के लिये जनता में भारी आकर्षण रहा है। भाजपा अब एन.टी.आर. जूनियर को जोड़ कर, इस ''फिल्मी क्रेज़'' का लाभ लेना चाहती है।**

# शिव सेना कश्मीरी दलों के पक्ष में

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 22 अगस्त। कश्मीर की राजनीतिक पार्टियों के नेताओं को सोमवार को एक अप्रत्याशित क्षेत्र से समर्थन मिला। चुनाव आयोग के प्रस्ताव के खिलाफ किए जा रहे उनके विरोध का शिवसेना ने समर्थन किया है। चुनाव आयोग के प्रस्ताव के अनुसार जम्मू तथा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **कश्मीर के राजनैतिक नेताओं को सोमवार को एक अप्रत्याशित क्षेत्र से समर्थन मिला। शिव सेना कश्मीर में रह रहे गैर कश्मीरियों को मताधिकार देने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ कश्मीरी पार्टियों के विरोध प्रदर्शन को सही ठहराया था।**

# 'मैं राजपूत हूं, सिर कटा सकता हूं, पर साजिश करने वाले भ्रष्ट लोगों के सामने सिर झुका नहीं सकता'

## सिसोदिया ने केजरीवाल के साथ गुजरात का चुनावी दौरा करते हुए हिम्मतनगर व भावनगर में कहा

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 22 अगस्त। एक कुलीन राजपूत के वास्तविक तेवर दिखाते हुए दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि वह उनके खिलाफ कथित दिल्ली शराब लायसैंस घोटाले में कार्रवाई करके दिखाए। इस घोटाले ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है और आप नेता अरविन्द केजरीवाल व सिसोदिया ने इस मुद्दे को लेकर अपनी ताल ठोक दी है।

सिसोदिया ने कहा कि ''मैं महाराणा प्रताप का वंशज हूं और एक राजपूत हूं। मैं अपना सिर कटवाने को तैयार हूं लेकिन षड़यंत्रकारियों और भ्रष्ट लोगों के आगे कभी नहीं झुक सकता। मेरे खिलाफ लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं।'' उन्होंने भाजपा को चुनौती दी क्योंकि अब लड़ाई का मैदान, चुनाव का सामना करने जा रहे गुजरात पर शिफ्ट हो गया है, जहां आप पार्टी के ये दोनों नेता फिलहाल दो दिवसीय दौरे पर हैं।

केजरीवाल और सिसोदिया गुजरात के हिम्मतनगर और भावनगर के दौरे पर हैं। उनका उद्देश्य गुजरात में दिल्ली के हैल्थकेयर और एजूकेशन मॉडल को स्थापित करना है, जिसके लिए पार्टी को अन्तर्राष्ट्रीय प्रशंसा मिल चुकी है।

सिसोदिया ने दावा किया है कि उन्हें भाजपा से मैसेज प्राप्त हुआ है, जिसमें उनसे कहा गया है कि ''अगर वह आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होते हैं तो उनके खिलाफ लगे सी.बी.आई. और एन्फोर्समैन्ट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) के केस बंद कर दिए जाएंगे।'' सिसोदिया ने ट्वीट किया कि ''मुझे भाजपा से संदेश प्राप्त हुआ है। आप छोड़ो- भाजपा में शामिल हो आओ। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपके खिलाफ सी.बी.आई. और ई.डी. द्वारा लगाए गए सभी केस बंद हों जाएं।''

सी.बी.आई. ने आप पार्टी के सीनियर नेता पर दिल्ली की आबकारी नीति में बदली गई कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार से संबंधित एक केस को लेकर हाल में छापा मारा था। आबकारी नीति को इस वर्ष की शुरूआत में लागू किया गया था और फिर वापस ले लिया गया। प्रकट रूप से अविचलित, सिसोदिया ने गत सप्ताह यह कहकर बात को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया कि दिल्ली की आबकारी नीति 2021-22 अपने आप में सर्वश्रेष्ठ थी और यदि पूर्व उपराज्यपाल ने अंतिम क्षणों में अपना निर्णय बदलने के लिए नहीं कहा जाता तो इससे प्रतिवर्ष 10 हजार करोड़ रूपयों की आय हो सकती थी।

अपने उपमुख्यमंत्री का समर्थन करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आप पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने भी यह कहते हुए भाजपा की भर्त्सना की कि उसके नेतृत्व वाली सरकार जांच एजेंसियों का दुरूपयोग करने और निर्वाचित सरकारों को गिराने के तरीके ढूंढ़ने में व्यस्त हैं क्योंकि जनता आसमान छूती महंगाई और रूपए की कीमत गिरने से परेशान है।

आप पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **सिसोदिया ने यह भी कहा कि, उन्हें भाजपा की ओर से संदेश मिला है, अगर वे आम आदमी पार्टी से नाता तोड़ लेते हैं, तो, उनके खिलाफ सी.बी.आई. व ई.डी. की कार्यवाही खत्म कर दी जायेगी।**
- **सिसोदिया ने अपनी ''एकसाइज़ पॉलिसी'' के बारे में कहा कि, यह पॉलिसी अपनी तरह की ''सर्वोत्तम पॉलिसी'' थी, जिससे दिल्ली सरकार को प्रतिवर्ष दस हजार करोड़ की आमदनी होती। पर, निवर्तमान लै. गवर्नर ने अंतिम क्षणों में पॉलिसी से छेड़-छाड़ करके पॉलिसी में परिवर्तन कराये, जिससे सब कुछ बदल गया।**

# तीस्ता को जमानत?

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 22 अगस्त। 2002 के गुजरात देगों के मामलों में निर्दोष लोगों को फँसाने के लिये, कथित रूप से जाली दस्तावेज तैयार करने के मामले गिरफ्तार हुई सोशल ऐक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ को एक्सपार्टी अन्तरिम जमानत देने से इनकार कर दिया साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को गुजरात सरकार को नोटिस जारी कर दिये, जिनका जवाब गुरूवार को चाहा गया हैं।

बैंच की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित ने शुरू में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **सुप्रीम कोर्ट ने तीस्ता सीतलवाड़ को अंतरिम जमानत देने से इंकार कर दिया, पर उनकी याचिका पर गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया।**

## विचार बिन्दु

अतिथि जिसका अन्न खाता है, उसके पाप धुल जाते हैं। –अथर्ववेद

# दवा कंपनियों की माया, उनके आगे कोई न टिक पाया

हाल ही में ''फेडरेशन ऑफ मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया'' ने उच्चतम न्यायालय में दायर एक याचिका में बताया कि दवा निर्माता कंपनी द्वारा डोलो- 650, मरीजों को लिखने के लिए चिकित्सकों को 1000 करोड़ रुपए की रिश्वत दी गई। चिकित्सा जगत में इस प्रकार की राशि को रिश्वत नहीं अपितु कमीशन या प्रोत्साहन राशि कहा जाता है। ग़्रह चौंका देने वाला आंकड़ा है, क्योंकि यदि इतनी बड़ी राशि चिकित्सकों को प्रोत्साहन के रूप में दी जा रही है, तो कंपनी ने तो इस से चार-पांच गुना अधिक कमाया ही होगा। स्वाभाविक है कि यह सब वसूल मरीजों से ही किया गया है। कोरोना- काल में, जब सभी लोग कोविद-19 से पीड़ित होकर त्राहि-त्राहि कर रहे थे, उस समय चिकित्सकों द्वारा लगभग प्रत्येक मरीज को डोलो-650 लिखी गई। उस समय कोई न समझ पाया कि अचानक यह दवा इतनी क्यों लिखी जा रही है? अब इस याचिका से यह खुलासा हुआ है कि इसके पीछे इतनी बड़ी धनराशि का हाथ था। चिकित्सकों ने, यह जानकारी होते हुए भी कि इससे कहीं सस्ती पेरासिटामोल दवाइयां उपलब्ध हैं, फिर भी धन के लोभ में डोलो-650 लिखना प्रारंभ कर दिया। मरीज के पास तो वैसे भी कोई विकल्प नहीं होता है। और डॉक्टर द्वारा लिखी दवाएं आंख बंद करके खरीद लेता है।

मरीज़ के इलाज में चार प्रभावित पक्ष हैं, दवा निर्माता कंपनियां, डॉक्टर, दवा विक्रेता और मरीज़। दवा कंपनियां और डॉक्टर मिलकर मरीज़ की जेब काटते रहे हैं। कोरोना की महामारी ने तो एक प्रकार से कोढ़ में खाज का काम किया।

अब जरा हम यह देखें कि दवा कंपनी और चिकित्सकों का गठजोड़ किस प्रकार काम करता है और कैसे न केवल दवा कंपनियां अपना आर्थिक साम्राज्य कायम कर लेती हैं, वे चिकित्सकों को भी इसमें एक प्रकार से महत्वपूर्ण भागीदार बना लेती हैं। लगभग 30 वर्ष पूर्व भारत सरकार ने एक निर्णय लिया कि दवा बनाने वाली प्रत्येक कंपनी अपनी दवा पर एमआरपी अर्थात अधिकतम विक्रय मूल्य अंकित करेगी। लोगों ने यह सोचा कि इसके पश्चात दवा कंपनियों द्वारा मनमानी कीमत वसूलने की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी। किंतु ऐसा नहीं हो पाया, क्योंकि कंपनियों ने अपने मनमानी तौर पर एमआरपी अंकित करना शुरू कर दिया। किसी ने यह जांच नहीं की कि किसी दवाई को बनाने की कितनी लागत आती है और उस पर अपना मुनाफा जोड़कर एमआरपी कितनी होनी चाहिए? नतीजा यह हुआ कि जिस दवा की निर्माण लागत 1 होती है, उसकी एमआरपी 10-20 रुपये तक अंकित होने लगी। मरीज़ आंख बंद करके एमआरपी के अनुसार दवाई खरीदने लगा। उसे यह पता नहीं लगा कि जो दवा वह खरीद रहा है उसकी वास्तविक कीमत कितनी है? दवा विक्रेता उस पर 5-10 प्रतिशत छूट देकर ग्राहक पर अहसान जताने लगा।

इस प्रकार की व्यवस्था में सभी पैसा कमाने लगते हैं- डॉक्टर, दवा विक्रेता एवं दवा कंपनियां। बस केवल शोषण होता है उस मरीज का जो पहले ही दुखी होता है। सरकार ने केवल कुछ ही दवाओं को जीवन दायक मानते हुए उनके लिए एमआरपी अपने स्तर पर निर्धारित की है। लगभग 99 प्रतिशत दवाइयां ऐसी हैं जिनकी निर्माता कंपनियों ने अपने स्तर पर मनमाने रूप से विक्रय मूल्य तय कर लिया है। सरकार ने कोई नियंत्रण, दवाओं के मूल्य के संबंध में नहीं किया एवं जनता को दवा कंपनियों की दया पर छोड़ दिया।

जब दवा की लागत और एमआरपी में बहुत अंतर होगा तो उस के मुनाफे में से दवा विक्रेता एवं चिकित्सकों को बहुत बड़ी धनराशि देने में कंपनियों को कोई परेशानी नहीं होगी। यह सब करने के बाद भी वे बहुत बड़ा मुनाफा कमा लेते हैं, जैसा कि डोलो वाले प्रकरण में पता लगा है। सरकार ने कुछ वर्षों से जेनेरिक दवाइयों की बात करना प्रारंभ किया है। जेनेरिक दवाइयां वे हैं जो किसी ब्रांड के नाम पर नहीं बिकती, अपितु उस दवा में जो तत्व है उन्हीं के नाम से बेची जाती हैं। राजस्थान सरकार ने इस दिशा में कुछ साल पहले महत्त्वपूर्ण पहल की थी। राज्य में अस्पतालों के नजदीक लाइफ लाइन स्टोर खोले, जहां पर जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध करायी गई। यह आम धारणा गलत है कि जेनेरिक दवाइयां निम्न स्तर की होती हैं और वे बीमारी के इलाज में प्रभावी नहीं हैं। यह भ्रांति फैलाना में डॉक्टरों का बड़ा योगदान है। ब्रांडेड दवाइयां लिखने पर उन्हें बहुत बड़ी राशि कमीशन के रूप में प्राप्त होती है। डॉक्टर यह चाहते हैं कि वे मरीज को ब्रांड के नाम से दवा लिखें ताकि वे दवा बनाने वाली कंपनी से मोटा लाभ लाभ प्राप्त कर सकें।विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि जिन्हें एमआर (मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव) कहा जाता है, का काम ही होता है, डॉक्टरों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर उनकी कंपनियों की ब्रांडेड दवा लिखने हेतु राजी करें। दवा विक्रेता यदि उसी प्रकार की दूसरी वैकल्पिक दवा दे तो डॉक्टर उसे अस्वीकार कर देता है। यही कारण है कि डॉक्टर जो दवाएं लिखते हैं, वे सामान्यतया उनके घर और अस्पताल के पास वाले मेडिकल स्टोर पर ही उपलब्ध होती हैं।

**मरीजों की जान की कीमत पर एवं उनके आर्थिक शोषण करने में सहायक बनना क्या चिकित्सकों के लिए मजबूरी है। कतई नहीं। स्थिति को सुधारने के लिए सरकार एवं चिकित्सकों को मिलकर प्रयास करने होंगे। आम जनता में यह जागृति उत्पन्न करनी होगी कि जेनेरिक दवाएं भी उतनी ही लाभकारी हैं जितनी की ब्रांडेड दवाएं।**

एक ऐसा दुष्चक्र बन चुका है, जिसकी तोड़ न सरकार के पास है और न ऐसा करने की इच्छा शक्ति उसमें है। सरकार इसे तोड़ने में अधिक रुचि नहीं रखती है क्योंकि दवा बनाने वाली कंपनियां सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों को पैसे के बल पर अपने पक्ष में निर्णय कराने की क्षमता रखती हैं। कहा गया है कि पैसा बोलता है और इस प्रकरण में तो तो पैसा सिर पर चढ़कर बोल रहा है।

राजस्थान के एक आईएएस अधिकारी डॉ. समित शर्मा जो स्वयं एक डॉक्टर हैं, ने कुछ वर्षों पूर्व जेनेरिक मेडिसिन की अवधारणा को राजस्थान में बहुत जोर-शोर से लागू किया था और उन्होंने इस प्रकार का माहौल बनाने का पूरा प्रयास किया कि सभी डॉक्टर जेनेरिक मेडिसिन ही लिखें, ताकि मरीजों को दवाएं सही कीमत पर प्राप्त हो सकें। इसी प्रकार अस्पताल में भी जेनेरिक मेडिसिन ही खरीदी जाए ताकि उपलब्ध राशि में अधिक से अधिक मरीजों को दवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। जैसा कि सम्भावित था, डॉ. समित शर्मा को डॉक्टरों की नाराजगी झेलनी पड़ी और उन्होंने सरकार के माध्यम से उनका स्थानांतरण करवा दिया। डॉक्टरों का तर्क था कि जेनेरिक दवाएं लिखने पर सारा पैसा दवा विक्रेता कमाएगा क्योंकि तब वही यह निर्धारित करेगा कि कौन सी कंपनी की जेनेरिक दवा मरीज को देनी है। जो कंपनी अधिकाधिक लाभ दवा विक्रेता को देगी वही दवा वह मरीज को पकड़ा देगा। इस तर्क में कुछ दम अवश्य है, किंतु इस पर नियंत्रण किया जा सकता है, यदि सरकार जेनेरिक दवाइयों की भी एमआरपी तय कर दे। दवाओं की एमआरपी तय करने का काम केंद्र सरकार का है। इस काम को करने में उसकी अधिक रुचि नहीं लगती है। इस कारण मरीज हर प्रकार से आर्थिक शोषण का शिकार निरंतर होते आ रहे हैं चाहे वह दवा विक्रेता के हाथों हो अथवा डॉक्टरों के हाथों।

किसी भी दवा के निम्न स्तर का होने की बात करना बेमानी है, क्योंकि देश में कोई भी दवा, बिना ड्रग कंट्रोलर की अनुमति के एवं उसकी देखरेख के नहीं बनाई जा सकती ।आवश्यकता केवल इस बात की है कि ड्रग कंट्रोलर, अपना काम पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें ताकि किसी भी दवा निर्माता कंपनी द्वारा गुणवत्तापूर्ण दवा ही बाजार में लाई जा सके। जब ऐसा होगा, तब बाजार में बिकने वाली प्रत्येक दवा गुणवत्तापूर्ण ही होगी। जो कंपनी दवा को सबसे कम कीमत में उपलब्ध कराएगी, वही लोगों द्वारा खरीदी जाएगी। सरकार को तो अभी यह करना है कि बाजार में बिकने वाली प्रत्येक दवा की कीमत, उसके लागत एवं मुनाफे को जोड़कर निर्धारित कर दे। साथ ही, जिन दवा निर्माताओं को दवा बनाने का लाइसेंस दिया जाए, वह अच्छी तरह जांच परखने के बाद दिया जाए।

मरीजों को शोषण से बचाने में चिकित्सकों की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। वे अंतरात्मा की आवाज़ सुनें एवं मरीजों के हित में दवाएं लिखना प्रारंभ करें न कि दवा कंपनियों द्वारा दिए जा रहे प्रलोभन के आधार पर। जब चिकित्सक अच्छी कंपनियों की जेनेरिक दवाएं लिखना प्रारंभ करेंगे तो फिर किसी कंपनी को विज्ञापन एवं उसका प्रचार प्रसार अनैतिक तरीकों से करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। तब दवा कंपनी और डॉक्टरों का अनैतिक गठजोड़ स्वतः टूट जाएगा। डॉक्टरों से अपेक्षा यही रहती है कि सबसे ऊपर अपने मरीज के हित का ध्यान रखें। जब तक डॉक्टर स्वयं जेनेरिक दवाओं के पक्ष में माहौल नहीं बनाएंगे तब तक इस दिशा में अधिक सफलता मिलना सम्भव नहीं है। गत 15-20 वर्षों में पूरे प्रयास के बाद भी जेनेरिक दवाओं की व्यवस्था सफल नहीं हो पाई है।

दवा कंपनियां, डॉक्टरों को प्रलोभन कई प्रकार के देती हैं, जिनमें सीधे नकद प्रलोभन, विदेश यात्राएं, महंगे होटलों में ठहराना, महंगे उपहार देना सम्मिलित हैं। यह सही है कि डॉक्टरों में कई अपवाद अवश्य हैं जो आज भी बिना किसी प्रलोभन के मरीजों के हित को सर्वोपरि मानकर कार्य करते हैं। शायद, ऐसे ही डॉक्टरों को भगवान का दर्जा दिया गया है।

मरीजों की जान की कीमत पर एवं उनके आर्थिक शोषण करने में सहायक बनना क्या चिकित्सकों के लिए मजबूरी है। कतई नहीं। स्थिति को सुधारने के लिए सरकार एवं चिकित्सकों को मिलकर प्रयास करने होंगे। आम जनता में यह जागृति उत्पन्न करनी होगी कि जेनेरिक दवाएं भी उतनी ही लाभकारी हैं जितनी की ब्रांडेड दवाएं। यह समस्या स्वतः ही कम हो जाएगी। इसकी संभावना कम इसलिए लगती है कि डॉक्टर इस प्रकार की अवैध और अनैतिक रूप से की गई कमाई के माध्यम से ही राजनीतिज्ञों तक पहुंच बनाते हैं और वे उनके एक ही स्थान पर बने रहना सुनिश्चित करते हैं।

निजी अस्पतालों ने तो खुली लूट ही मचा रखी है। अस्पताल थोक में दवा कंपनियों से 40-50 प्रतिशत छूट लेकर दवाएं खरीदते हैं किंतु इनमें से अधिकांश अस्पताल यह दवा सस्ते में उपलब्ध कराने के स्थान पर एमआरपी पर ही मरीजों को देते हैं। टाटा मेमोरियल जैसे अस्पताल तो अपवाद ही हैं जो सारी छूट मरीज़ों को दे देते हैं। निजी अस्पताल कानूनन लाभ के आधार पर नहीं चलाया जा सकता किन्तु यह बात केवल किताबों में रह गई है।

जनता को जागरूक होना होगा। अच्छे और बुरे डॉक्टरों में भेद करना होगा। सही और गलत अस्पताल का निर्णय करना होगा। और सरकार पर यह दबाव बनाना होगा कि वह बाजार में बिकने वाली दवा की एमआरपी निर्धारित करें। भारत जैसे देश में, जहां इलाज पर होने वाले कुल खर्च का लगभग 70 प्रतिशत मरीज खुद वहन करता है। इस दिशा में तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि मरीजों को सरकारी एवं निजी अस्पतालों में उपयुक्त दाम पर सही इलाज मिल सके।

समित शर्मा जैसे अधिकारियों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। आशा है सरकार जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने की दृष्टि से उपरोक्त वर्णित कदम उठाएगी। डॉक्टरों के सम्बंध में तो हम यही अपेक्षा रखते हैं कि उनकी अंतरात्मा जागे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# कम्प्यूटर संचार क्रांति, पंचायती राज के सशक्तिकरण के प्रणेता राजीव रत्न गांधी


प्रधानमंत्री रहते हुए स्व गांधी ने कई महत्वपूर्ण काम किए जिन्होंने देश के विकास को नई दिशा प्रदान की। स्व गांधी मानते थे कि युवा पीढ़ी को कंप्यूटर टेक्नोलॉजी और विज्ञान की शिक्षा देना जरूरी है। कंप्यूटर की कीमतें घटाने के लिए राजीव ने इसे सरकारी नियंत्रण से बाहर निकल दिया और असेंबल कंप्यूटर का आयात शुरू किया । बड़ी टेलीकॉम कंपनी एमटीएनएल और बीएसएनएल की शुरुआत उनके कार्यकाल में ही हुई। राजीव जी जानते थे कि गांवों को सशक्त बनाने और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायतों को सत्ता में वही स्थान मिलना चाहिये जो संसद और विधानसभा का है। राजीव ने ही पंचायती राज अधिनियम के माध्यम से केन्द्रीकृत सत्ता का विकेंद्रीकरण करके पंचायतों को कई महत्त्वपूर्ण और वित्तीय अधिकार दिये थे। अयोध्या में विवादित स्थल का ताला खुलवाया, उन्होंने सनातनधर्मीयों की नाराजगी को दूर करने के लिए अयोध्या के विवादित स्थल का ताला खुलवा दिया और 1989 में राम मंदिर के निर्माण के लिए शिलान्यास की इजाजत भी दे दी। युवाओं को रोजगार देने के लिए जवाहर रोजगार योजना को शुरू किया था। राजीव ने 1986 की शिक्षा नीति के तहत ग्रामीण क्षेत्र के लाखों बच्चों को सर्वोत्तम शिक्षा देने के उद्देश्य से जवाहर नवोदय स्कूल प्रारम्भ किये और आज तो स्थिति ऐसी है कि शहरी क्षेत्र के बच्चे भी नवोदय स्कूलों में प्रवेश ले रहे हैं।

इंदिरा गांधी एवं फिरोज गांधी के ज्येष्ठ पुत्र राजीव का जन्म 20 अगस्त 1944 को मुंबई में हुआ था। जब वे दून स्कूल में पढ़ रहे थे, तब उनके नाना पंडित जवाहरलाल नेहरू पहली बार उनसे मिलने स्कूल पहुंचे तो राजीव बाथरूम की बास्केट में छिप गए थे। राजनीति में आने से पहले राजीव गांधी एयरलाइंस में पायलट की नौकरी करते थे।।

राजीव का पूरा नाम राजीव रत्न गांधी था । उनका यह नाम उनके नाना नेहरूजी ने पत्नी कमला की याद को ताजा बनाए रखने के लिए रखा था। राजीव गांधी संगीत प्रेमी थे। उनको पश्चिमी संगीत के साथ हिन्दुस्तानी शास्त्रीय एवं आधुनिक संगीत पसंद था। लन्दन में राजीव गांधी की मुलाकात एड्विगो मानिओ से हुई थी। 1968 में राजीव गांधी ने उनसे शादी कर ली और उनका नाम ये नाम बदलकर सोनिया गांधी रखा गया। राजीव और सोनिया के पुत्र और पुत्री राहुल और प्रियंका हैं। राजीव गांधी का स्वभाव स्नेहमय सहनशील और सरल था वे जन्म से ही दयालु और करुणा मय व्यक्ति थे । स्व. राजीव गांधी ही वो इंसान थे जिन्होंने उन्नीसवीं सदी में इक्कीसवीं सदी के भारत का सपना देखा था। वे देश की कंप्यूटर क्रांति के जनक के रूप में भी जाने जाते हैं। रेलवे का कम्प्यूटरीकरण करके उन्होंने इस देश के सामने क्रांतिकारी परिवर्तन करके रख दिया।

40 वर्ष की अल्पआयु में ही में राजीव गांधी विशाल जनादेश के साथ भारत के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बन गये थे। उस चुनाव में कांग्रेस को 508 में से रिकॉर्ड 401 सीटें प्राप्त हुई थी। स्मरणीय रहे कि राजीव गांधी राजनीति में आने अनिच्छुक थे। राजीव गांधी को अपने नाना नेहरु की तरह सुरक्षाकर्मियों का घेरा बिलकुल पसंद नहीं था। वे अपनी जीप और कार खुद ड्राइव करना पसंद करते थे। राजीव गांधी को अपने नाना से आराम हराम है और अपने पिता से अपना काम खुद करो की प्रेरणा मिली थी। युवा राजीव गांधी ने अपने मन में भारत को मजबूत, आत्मनिर्भर और तकनीकी विकास के मार्ग तेज रफ्तार से दौड़ता मुल्क बनाने का सपना संजोये रक्खा।

राजीव गांधी किसी भी निर्णय में जल्दबाजी नहीं करते थे और निर्णय लेने से पहले पार्टी के नेताओं से गहन सलाह मशविरा करते थे । उन्होंने दिल्ली शासन के तंग गलियारों से बाहर निकलकर देश के गांवों में जाकर वहां के निवासियों से



डा. जे. के. गर्ग

बात करके देश की नब्ज को टटोलना शुरू किया।

राजीव गांधी एक ऐसे प्रधानमंत्री थे जिनकी पहुंच देश के आम आदमी के ह्रदय तक थी। राजीव गांधी ने देश के गरीबों के उत्थान के लिए 1 अप्रैल 1989 को जवाहर रोजगार गारंटी योजना, इंदिरा आवास योजना और 10 लाख कुआं जैसी योजनाएं चालू कीं। लोग राजीव गांधी को देखने व सुनने के लिए टीवी देखा करते थे। एक ऐसा प्रधानमंत्री जिसने उस दौर में पंजाब की यात्रा की, जब देश की खुफिया एजेंसियों ने ऐसा करने से उनको मना किया था। राजीव गांधी ने पंजाब समस्या के समाधान को प्राथमिकता देते हुए 24 जुलाई, 1985 को अकाली दल के अध्यक्ष संत हरचंद सिंह लोंगोवाल के साथ समझौता करके अशांत पंजाब में शांति और सौहार्द के वातावरण का निर्माण किया। राजीव गांधी वो इन्सान थे, जो जब यात्रा पर जाते थे तो तय रास्ते से अलग होकर गांवों में जाते और आम आदमी के घरों में जाना और हर व्यक्ति से हाथ मिलाना जैसे उनको अपनी मां और नाना से विरासत में मिला था।

नवंबर 1982 में भारत में आयोजित सफल एशियाई खेलों के संचालन में उनकी महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका थी। प्रधानमंत्री के रूप में राजीव गांधी अपनी माता इंदिरा गांधी से अधिक व्यावहारिक और उदार थे। कालांतर में यही दिशा 1990 के दशक में व्यापक आर्थिक उदारवाद और मुक्त व्यापार का आधार बनी जिसे नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह ने आगे बढ़ाया। वर्ष 1986 में मिजोरम में लालडेंगा के नेतृत्व में दशकों से चल रहे अलगाववादी हिंसक आंदोलन को मिजोरम समझौते के द्वारा खत्म कर राज्य में लोकतांत्रिक व्यवस्था की पुनर्स्थापना राजीव गांधी की बड़ी सफलता मानी जाती है। असम गणतन्त्र परिषद के साथ असम समझोता उन्होंने ही किया था, समझोते के बाद हुए चुनाव में विपक्ष की जीत और कांग्रेस की हार पर उन्होंने कहा कि भले ही उनकी पार्टी हार गई हो किन्तु प्रजातंत्र जीत गया है। जब राजीव ने भारत में कम्प्युटर क्रांति का सूत्रपात किया था तब अटलबिहारी बाजपेयी अडवानी और राष्ट्रीय सेवा संघ ने मखोल उड़ाया और उन्हें नोसिखिया बालक कहा।

युवा सम्राट राजीव गांधी ने सही कहा था कि कोइ भी साम्प्रदायिक अथवा धार्मिक संस्था जो धर्म निरपेक्षता का विरोध करती हो, या कोइ भी राजनीतिक ताकत जो साम्प्रदायिक या धार्मिक हितों का आसरा लेती, उसे किसी भी सूरत में राष्ट्र को कमजोर बनाने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।

राजीव को जब मालूम पड़ा कि अटलजी गम्भीर रोग से ग्रस्त हैं तो उन्होंने उन्हें यूएनओ जाने वाले डेलीएषण का सदस्य बना कर उनको अमेरिका भेजा और राजदूत को निर्देश दिय की उनका उपचार राजकीय खर्चे से करवाया जाये। राजीव के राजनेतिक विरोधी अटलबिहारी वाजपेयीजी ने कहा था कि अगर वे आज जिन्दा है तो इसकी वजह राजीव ही है। राजीव ने राजनीति में भी नैतिकता को सर्वोच्च स्थान दिया, बोफोर्स कांड के आरोप के बीच संसद भंग कर नये चुनाव करवाने का जज्बा उन्हीं में था।

बोफोर्स कांड की कई वर्षों तक उनके विरोधियों द्वारा करवाई गई जाँच में उनके विरुद्ध कोई साक्ष्य नहीं मिले थे इस जाँच को करवाने में करदाताओं के करोडों रूपये बर्बाद हो गये। सीधे सच्चे ईमानदार राजीव विरोधियों एवं मीडिया के झूठे कुत्सित प्रचार के शिकार बन गये। 1989 में हुये लोकसभा चुनाव में 195 सीटे जितने और सबसे बड़े दल के नेता होने के बावजूद उन्होंने कहा कि जनादेश कांग्रेस के खिलाफ है इसलिए उन्होंने विरोधी पक्ष में बेठने का फैसला करके स्वस्थ लोकतान्त्रिक परम्परा स्थापित की थी।

राजीव ने ही भारत को विश्व के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना सिखाया था। इसी का परिणाम था कि राजीव गांधी ने श्रीलंका में शांति प्रयासों के लिए भारतीय सैन्य टुकड़ियों को भेजा लेकिन इसके नतीजे में वे खुद लिट्टे के निशाने पर आ गए और उनकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। 21 मई, 1991 को राजीव गांधी एक रैली को संबोधित करने के लिए चेन्नई से 30 किलोमीटर दूर श्रीपेरंबुदूर में पहुंचे, इन्हीं में एक लिट्टे सदस्य धनु भी थी। राजीव गांधी के आस-पास काफी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद धनु धनु ने गाँधी के पैर छूये और एकाएक बम फट गया जिसको धनु ने अपने कपड़ों में छुपाया हुआ था। राजीव गाँधी समेत 17 अन्य लोग भी काल के ग्रास बन गये। इसी कारण से 21 मई, राजीव गांधी बलिदान दिवस को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। राजीव भी भी अपनी मां इंदिराजी के जैसे आतंकवाद के शिकार बने। उन्हें 'भारत रत्न' से भी नवाजा गया था। राजीव ने लोगों के दिलों में अपने को बसाया। स्वर्गीय राजीव गांधी एक ऐसे इंसान थे, जिन्होंने ज़मीन पर ही नहीं, किन्तु जनमानस के ह्रदय पर भी राज किया। समूचा राष्ट्र राजीव गांधी को उनके 78वें जन्म दिन पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करता है।

**डा. जे. के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कालेज शिक्षा जयपुर**

# 'मेरी कोटपूतली ज़ारोंज़ार रो रही है'

डॉ. विजय नागपाल 'नाविक' मूलतः हरियाणा के गुरूगांव के निवासी है एवं कोटपूतली के स्थानीय डॉक्टर हैं। जो 1977 से यहां अपनी सेवाएं दे रहे है। कोटपूतली की समस्याओं को वे कविता के माध्यम से लिखते रहे हैं । अभी कोटपूतली कस्बे में नगर परिषद द्वारा की गई तोड़ -फोड़ पर आपने कविता के माध्यम से अपने विचार रखे हैं जो इस प्रकार हैं-

मेरी कोटपुतली जारोंजार रो रही है
ये नियति भी ग़ज़ब कहानी लिख रही है
मेरी अन्नदाता भूमि ,भानगढ़ दिख रही है

राम जाने किसका ये, श्राप पाप ढो रही है
आज मेरी कोटपुतली जारों जार रो रही है

कल तक भरा पूरा समृद्ध बाज़ार था
भरा पूरा ख़रीददारों से ,गुलज़ार था

दिन भर ख़ूब गहमा ग़हमी रहा करती थी
कई परिवार पलते थे ,गृहस्थी चलती थी

रंग बिरंगे वेश में आती थी ग्रामीण नारियां
भागती मोटर साइकलें हॉर्न बजाती लारियाँ


बच्चों की ज़िद कुरकुरे, ड्रेस व खिलौनों की
ललक चाट पकौड़ी,पानी पतासी के दोनों की

मोल भाव करती मिलती थी अनेकों नार
सही दाम है कहते मिला करते दुकानदार

पुरुषों का भी ठसका , बहुत निराला था
चाय बीड़ी संग बतरस का बोलबाला था

मनिहारी,गोटा किनारी,काजल बिंदी लाली
महिलाओं की भीड़ ,ख़रीदें गोरी हों या काली

सांवों की खरीददारी का तो बाज़ार ही गर्म था



डॉ. विजय नागपाल 'नाविक'

उन्हों ने सस्ता ख़रीदा है,सब को इसका भ्रम था

बारहमासी बिक्री होता परचूनी का सामान
मावस छोड़ कर हर दिन खुलती थी दुकान

सुनार ,लखेरा , बरतनवाला , बिजलीवाला
सुबह -सुबह ही सबका ,खुल जाता ताला

वार-त्यौहार रेडीमेड की रहती धूमधाम थी
पार्लर , टेलर कमाई खाते शोहरत नाम की

मिठाई, समोसा, कचौरी वालों की पौ बारह थी
टिक्की छोले, चाट बर्गर, पिज़्ज़ा की वाह वाह थी

अब सब सुनसान है शमशान सा
खंडहर खड़े हैं दीखता वीरान सा

मलबा बिखरा पड़ा चहुँ ओर ही
छिना बच्चों के मुख का कोर भी

तहस नहस कर सब तोड़ डाला
बस बुलडोज़र का है बोलबाला

खून के आँसू रो रहा दुकानदार है
भूखों मरने को अनेकों परिवार हैं

कैसा विकास,ये तो विनाश हो रहा है
शीर्ष नेतृत्व किसकी बाट 'जो' रहा है

विकास तो , मुख पर मुस्कान लाता है
विकास कब, खून के आँसू रुलाता है

धंधा कभी नहीं छीनता, घर नहीं बैठाता है
मायूसी नहीं बांटता , ख़ुशियाँ फैलाता है

कागज प्रमाण देखता है ,नहीं धमकाता है
दया धर्म से विचारता ,मुआवज़ा दिलाता है

पालिका के व खेतड़ी वाले पट्टे किए निरस्त
जनता फिरती मारी -मारी,अधिकारी हैं मस्त

वो कहते हैं लागू कर रहे मास्टर प्लान हैं
परिणाम बता रहे हैं ये डिज़ास्टर प्लान है

कोई तो उन्हें सच्चे विकास का अर्थ समझाओ
तिनका -तिनका जोड़ कर सब बनता ये बताओ

उनके अंदर बैठे हुए राम का अहसास जगाओ
प्रभु अब आप ही मेरी कोटपुतली को बचाओ

मास्टर प्लान के नाम पर परोसे जा रहे ।
कोटपुतली डिज़ास्टर प्लान से बचाओ ।।

हमारी कोटपुतली को बचाओ ।
हमारी कोटपुतली को बचाओ ।।

# ब्रिटिश संसद के सामने डीडवाना के जज ने फहराया ध्वज

डीडवाना, (निसं)। आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत समूचा देश आजादी के जश्न में डूबा हुआ है ओर पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है।

वहीं रविवार को तिरंगा उस धरती पर भी लहराया जिसका झंडा भारतीय भूमि पर करीब 2 सदियों तक लहराता रहा।

जानकारी अनुसार भारतीय स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यूके स्थित ब्रिटिश संसद के सामने भारतीय समुदाय द्वारा आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाया गया।

इस मौके पर डीडवाना की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ सरिता स्वामी ने कार्यक्रम में शिरकत की ओर लंदन बरो ऑफ साउथवर्क के मेयर सुनील चौपड़ा के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने तिरंगा लहराया। इस अवसर पर अपने भाषण में डॉ सरिता स्वामी ने तिरंगे को भारतीय आन बान ओर शान का प्रतीक बताया।

उन्होंने ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि तिरंगे में वो ताकत है जो हम भारतीयों को देश और विदेश में भी जोड़े रखता है। उन्होंने कहा कि भारत को 75 वर्षों तक एकजुट रखने में भारतीय संविधान का भी विशेष महत्व रहा है।

उन्होंने कहा कि अपने राष्ट्र के मूल्यों को समझने के लिए हमें भारत के संविधान की प्रस्तावना पर विचार करना चाहिए।

## राशिफल मंगलवार 23 अगस्त, 2022



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2079, आद्रा नक्षत्र दिन 10:44 तक, सिद्धि योग रात्रि 12:32 तक, बालव करण प्रातः 6:03 तक, चन्द्रमा मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-वृष, बुध-कन्या, गुरू-मीन, शुक्र-कर्क, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज यमघट योग सूर्योदय से 10:44 तक है। त्रिपुष्कर योग दिन 10:44 से सूर्योदय तक है। आज अजा एकादशी व्रत वैष्णवों का, उन्मीलिनी महाद्वादशी व्रत है। आज एकादशी तिथि में वृद्धि हुई है और आज से राष्ट्रीय भाद्रपद मास आरम्भ होगा। सायन कन्या में सूर्य प्रवेश प्रातः 8:46 पर होगा और शरद ऋतु आरम्भ होगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:18 से 10:54 तक, लाभ-अमृत 10:54 से 2:05 तक, शुभ 3:41 से 5:17 तक।


**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:06, सूर्यास्त 6:53


### मेष


परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले सुसंदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।


### सिंह

आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

### धनु

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### वृष

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### कन्या

व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### मकर

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय दूर होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन


व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे और व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

### तुला

परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सुसंदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।


### कुंभ

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क

व्यक्तिगत परेशानियों के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

### वृश्चिक

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### मीन

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

# भाजपा का मिशन-2023 विस्तारकों के भरोसे

## दो चरणों में 200 विधानसभा सीटों पर लगाएंगे विस्तारक

- पहले चरण में कमजोर सीटों पर लगाए 100 विस्तारक

**जयपुर।** प्रदेश भाजपा 2023 में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए एक्टिव मोड में आ गई है। इसके लिए अभी से तैयारियो शुरु कर दी है। इसके लिए भाजपा ने फिलहाल करीब 100 विधानसभा सीटों में पर विस्तारक लगाए है। ये विस्तारक बहुत बारीकी से पार्टी के लिए फुल टाइम काम करेंगे। ये विस्तारक 2023 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव तक लगातर फील्ड में एक्टिव रहेंगे। ये ग्रांउड सर्वे और जिताऊ उम्मीदवारों पर भी फीडबैक पार्टी तक पहुंचाएंगे। हाल ही मे जालोर के नन्दगांव में इन विस्तारकों का ट्रेनिंग कैम्प लगाया गया है। संगठन को मजबूत करने, जनाधार बढ़ाने और नेताओं-कार्यकर्ताओं से कॉर्डिनेशन का जिम्मा भी विस्तारकों के पास रहेगा। इन विस्तारकों के लिए भाजपा प्रदेश संगठन ने सभी जिला अध्यक्षों के जरिए पार्टी के एक्टिव कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को विस्तारक पद के लिए सलेक्ट किए जा रहे हैं।

फिलहाल करीब 100 विस्तारक पार्टी ने लगाए है और इन विस्तारकों ने फील्ड में उतरकर अपना काम भी शुरु कर दिया है। भाजपा की ओर से शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म दोनों तरह के विस्तारक लगाए जाएंगे। इसके साथ ही पार्टी की ओर से किसी भी विस्तारक को अपने विधानसभा क्षेत्र में नहीं लगाया जाएगा। उसे दूसरे विधानसभा क्षेत्र का जिम्मा सौंपा जाएगा। ये सभी बूथ कमेटियों, मंडल, शक्ति केंद्र, पन्ना प्रमुख, विधायक, सांसद सभी लेवल पर पार्टी नेताओं के टच में रहकर काम करेंगे। विधानसभा और लोकसभा सीट के तमाम समीकरण इकट्ठा करेंगे। मेन टास्क यह है कि जिन घरों या परिवारों से भाजपा को वोट नहीं मिलते हैं, उन्हें ट्रेस आउट किया जाएगा। लोगों के बीच मेल-जोल बढ़ाकर, उनसे समझाइश कर भाजपा के पक्ष में वोट कास्ट करने के लिए मोटिवेट किया जाएगा। रेग्युलरली ऐसे लोगों से सम्पर्क, उनके हाल-चाल जानने और व्यवहार बनाने का काम भी विस्तारक करेंगे। विधानसभा के बाद मण्डल लेवल पर भी विस्तारक लगाने का विजन है। मण्डल लेवल पर भी दूसरे क्षेत्र के ही कार्यकर्ता को लगाया जाएगा।

भाजपा प्रदेश मंत्री और विस्तारक प्रोग्राम कॉर्डिनेटर विजेन्द्र पूनिया ने बताया भाजपा ने पहले चरण में 100 विस्तारक लगाए हैं, जिन्होंने फिल्ड में उतरकर अपना शुरु कर दिया है। वहीं दूसरे चरण में सितम्बर अक्टूबर में 100 विस्तारक और लगाए जाएंगे। पिछले दिनों राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सशक्त मंडल, सक्रिय बूथ समिति, पन्ना प्रमुख नियुक्ति अभियान और मिशन-2023 का आह्वान किया था। हमारे 200 विस्तारक इस ट्रेनिंग में हिस्सा लेंगे। राजस्थान में 21 सदस्यों की बूथ समितियां बनाने का काम पूरा हो गया है। जिसमें हर मेम्बर की फोटो शामिल है। साथ ही पन्ना प्रमुख नियुक्ति अभियान तेजी से चल रहा है। सभी 52 हजार बूथों पर समितियां और पन्ना प्रमुख का काम पूरा होने के साथ विस्तारकों के जरिए बूथ मैनेजमेंट किया जाएगा। मिशन 2023 विधानसभा और मिशन 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा का काम कैसे मजबूत हो, इसे लेकर विस्तारक लगाए जा रहे हैं।

विस्तारक लगाने के लिए ऐसे नेताओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जो पार्टी के लिए लम्बे वक्त से सेवाएं देते आ रहे हैं। आगे समय देने को तैयार हैं। सक्रिय कार्यकर्ता हैं। इलाके में लोगों के बीच अच्छी छवि और पकड़ है। पूर्व जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, मोर्चों के नेता, जिले से जुड़े पदाधिकारियों, पूर्व में जिला प्रमुख, उप प्रमुख, मेयर, डिप्टी मेयर, पार्षदों को यह जिम्मेदारी दी जाएगी।

वही विस्तारक अपने-अपने जिम्मे वाले विधानसभा और लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की मौजूदा स्थिति, स्थानीय जनप्रतिनिधियों का जनता से मिला फीडबैक, जो दूसरी पार्टियों के वोटर्स हैं, वो क्यों भाजपा से अब तक नहीं जुड़े। पार्टी चुनाव में उतरती है तो क्या स्थिति रहेगी। संभावित उम्मीदवारों और नए चेहरों को लेकर भी जनता का मन टटोलने का काम विस्तारक करेंगे। इन तमाम पॉइंट्स की एक सीक्रेट रिपोर्ट तैयार कर भाजपा प्रदेश नेतृत्व को सौंपी जाएगी। उसके आधार पर पार्टी क्षेत्र के लिए स्पेसिफिक रणनीति तैयार करेगी। विस्तारक केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याण की स्कीम्स, उपलब्धियों को भी लोगों को बताएंगे। ताकि मोदी फेस पर लोग बीजेपी को वोट देने को तैयार हों सकें।

गौरतलब है कि भाजपा ने राजस्थान में 2018 विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी विस्तारकों की नियुक्तियां की थीं। तब 197 विस्तारक तब लगाए गए थे। उन्हें कुल 101 बाइक दी गई थीं। ट्रेनिंग देकर फील्ड में भेजा गया था। पार्टी ने ही विस्तारकों का खर्चा उठाया था।

## बसों में माल ढुलाई के खिलाफ सुनवाई कल

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में चलने वाली निजी बसों को माल ढुलाई का लाइसेंस देने का प्रावधान करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई 24 अगस्त को तय की है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस अनूप ढंड ने यह आदेश मुस्कान खंडेलवाल की पीआईएल पर दिए।

जनहित याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने गत 27 जुलाई को एक नोटिफिकेशन जारी कर निजी यात्री बसों के लिए स्कीम जारी की है। इसके तहत यात्री बसें निर्धारित लाइसेंस लेकर माल की ढुलाई कर सकती हैं। याचिका में कहा गया कि ऑटोमोटिव इंडस्ट्री स्टैंडर्ड के तहत बस बॉडी की छत पर परिवहन करना नियमों के खिलाफ है। इसके अलावा छत पर माल रखने या यात्रियों को बैठाकर बस चलाना जानलेवा साबित हो सकता है। अब तक ऐसी बसों से कई घटनाएं हो चुकी हैं। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार करोड़ों रुपए कमाने के लिए लोगों की जान से खेल रही है। इसलिए इस नोटिफिकेशन को वापस लिया जाए।



लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, सेना कमांडर उत्तरी कमान और सभी रैंकों ने बहादुर हवलदार सत्यपाल को पूरे सैन्य सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी। सत्यपाल राजौरी सेक्टर में हुए आतंकी हमले के दौरान बहादुरी से लड़े और गंभीर चोटों के कारण दम तोड़ दिया था।

# हाईकोर्ट ने राजस्थान विश्वविद्यालय की तीन अपीलों को खारिज किया

## अदालत ने छात्रसंघ चुनाव में सिंगल बैंच के आदेश में दखल से इंकार किया

- सिंगल बैंच ने अपने आदेश में पीजी प्रवेश परीक्षा के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे छात्र नेताओं को भी चुनाव लड़ने की मंजूरी दी थी

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान विश्वविद्यालय के 26 अगस्त हो होने वाले छात्रसंघ चुनाव में अपनी सिंगल बैंच के पूर्व आदेश में दखल देने से इन्कार किया है। सिंगल बैंच ने अपने आदेश में पीजी प्रवेश परीक्षा के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे छात्र नेताओं को भी चुनाव लड़ने की मंजूरी दी थी। एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव व जस्टिस अनूप ढंड की खंडपीठ ने यह आदेश सोमवार को राजस्थान विश्वविद्यालय की तीन अपीलों को खारिज करते हुए दिए।

अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि एक ओर तो विश्वविद्यालय द्वितीय और तृतीय वर्ष के उन विद्यार्थियों को चुनाव की मंजूरी दे रहा है, जिनका परिणाम नहीं आया है। वहीं पीजी की प्रवेश परीक्षा दे चुके विद्यार्थियों को परिणाम नहीं आने का हवाला देकर चुनाव से रोका जा रहा है। आखिरकार विवि छात्र किसे मान रहा है।

अपील में विवि की ओर से एकलपीठ के आदेश को चुनौती देते हुए कहा गया कि जो विद्यार्थी छात्रसंघ का सदस्य ही नहीं है, उसे चुनाव लड़ने की अनुमति कैसे दी जा सकती है। सिंडिकेट भी 13 अगस्त 2022 को आदेश जारी कर उन्हें अयोग्य ठहरा चुका है। चुनाव की नोटिफिकेशन जारी हो चुकी थी, इसलिए एकलपीठ को चुनाव प्रक्रिया में दखल नहीं देना चाहिए था। इसके अलावा प्रवेश परीक्षा में 17 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए हैं, लेकिन सीटें सिर्फ तीन हजार चार सौ ही हैं। ऐसे में सिर्फ प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के आधार पर ही चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी जा सकती।


सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क है। पूरे जयपुर में सड़कों के यही हाल हैं। सीकर रोड, रोड नम्बर एक पर यही नजारा नजर आ रहा है।

## शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने एक शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से पांच चोरी के मोबाइल बरामद किए है। थानाधिकारी गयासुदीन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित जाविद उर्फ चुहा (26) मथुरा (यूपी) हाल शांति कॉलोनी ट्रांसपोर्ट नगर का रहने वाला है। आरोपित नशा करने का आदि है। वह राहगीरों की जेब से और पार्क और सुनसान क्षेत्रों में सो रहे लोगों के मोबाइल चुरा कर उन्हे बेच कर नशे की पूर्ति करता है।

# प्रदेश में करोना से हो रही मौतों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी

## राज्य में इस बीमारी से पिछले सात दिनों में 21 लोगों की मौत हो चुकी है

- सोमवार को जयपुर में तीन और सवाई माधोपुर में एक संक्रमित की मृत्यु हुई है।
- प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 425 नए संक्रमित मिले, इनमें सर्वाधिक 195 मरीज जयपुर में पाए गए हैं।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में करोना संक्रमण से मरने वालों की संख्या भी अब तेजी से बढ़ने लगी है। राज्य में पिछले सात दिन में इस बीमारी से 21 मरीजों की मृत्यु हो चुकी है। सोमवार को भी राज्य में करोना से लगातार दूसरे दिन भी चार लोगों की मौत हुई है। वहीं इस बीच 425 नए संक्रमित मिले हैं।

प्रदेश में सोमवार को करोना से जयपुर में 3 और सवाई माधोपुर में 1 संक्रमित की मौत हुई है। राज्य में 16 से 22 अगस्त तक सात दिनों में 21 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। हालांकि, अब तक इस बीमारी से राज्य में 9614 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा मौतें जयपुर जिले में हुई है।

उधर पिछले चौबीस घंटों में प्रदेश के 26 जिलों में 425 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले रविवार को इनकी संख्या 402 रही थी। राज्य में आज भी सर्वाधिक 195 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा भरतपुर में 27, जोधपुर में 25, अजमेर में 24, भीलवाड़ा में 18, उदयपुर में 16, राजसमंद में 15, प्रतापगढ़ व सिरोही में 12-12, बूंदी व चित्तौड़गढ़ में 11-11, नागौर, पाली व बीकानेर में 8-8, सवाई माधोपुर में 7, अलवर में 6, झुंझुनूं में 5, डूंगरपुर में 4, कोटा में 3, बांसवाड़ा, झालावाड़ व जैसलमेर में 2-2 तथा गंगानगर, हनुमानगढ़, जालोर और सीकर में एक-एक नया संक्रमित मिला है।

राज्य में सोमवार को भी रिकवरी में सुधार हुआ है। इस दौरान 741 मरीज ठीक हुए हैं। प्रदेश में नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी होने से एक्टिव केस घटकर 3924 रह गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 1480 मामले जयपुर जिले में हैं। इसके अलावा भरतपुर में 413, अलवर में 378 और उदयपुर में 215 लोगों का इलाज चल रहा हैं।

राजधानी जयपुर में रविवार को 36 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 41 नए मरीज सांगानेर में पाए गए हैं। इसके अलावा जगतपुरा में 22, मानसरोवर में 16, मालवीय नगर में 12, दुर्गापुरा में 9, झोटवाड़ा व सोड़ाला में 8-8, दूदू में 7, वैशाली नगर में 6, बस्सी में 5, बापू नगर व सी-स्कीम में 4-4, गांधी नगर व गर्जुर की थड़ी में 3-3, अजमेर रोड, बनीपार्क, सिविल लाइन, गोविंदगढ़, जवाहर नगर, जौहरी बाजार, मुरलीपुरा व निर्माण नगर में 2-2 तथा अम्बावाड़ी, बगरू, बजाज नगर, चांदी की टकसाल, चांदपोल, गोपालपुरा, जमवारामगढ़, झालाना डूंगरी, कोटपूतली, फागी, पुरानी बस्ती, शास्त्री नगर, सिरसी रोड, सुभाष चौक, विद्याधर नगर और जामडोली में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 22 संक्रमितों का पता गलत मिला है। जिले में पिछले चौबीस घंटों में 272 मरीज ठीक हुए हैं।

## चोरी की बाइक के साथ बदमाश पकड़ा

**जयपुर।** चित्रकूट थाना पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। एसीपी (वैशाली नगर) आलोक कुमार सैनी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित आंनद सिंह बिसाउ जिला झुंझुनु हाल हाथोज का रहने वाला है। उसके कब्जे से एक चोरी की बाइक बरामद की है।

# पुजारियों को वेतन-भत्ते व सुरक्षा मिले : पाठक

- विभिन्न कॉलोनियों की विकास समितियों के लिए गाइडलाइन भी जारी करने की मांग

**जयपुर, (का.सं.)।** ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अंबिकाप्रकाश पाठक ने राज्य सरकार से मांग की है कि राज्य में विभिन्न स्थानों पर मंदिरों में पूजा अर्चना कर रहे पुजारियों के लिए वेतन भत्ते तय किए जाएं। इसके साथ ही पाठक ने विभिन्न कॉलोनियों की विकास समितियों के लिए गाइडलाइन भी जारी करने की मांग की है।

इसके साथ ही पुजारियों की रक्षा के लिए अलग से सेल का गठन किया जाए जो मंदिरों में जाकर समय-समय पर पुजारियों की रक्षा कर सके। इसकी जानकारी देते हुए पाठक ने बताया कि राज्य के ग्रामीण इलाकों के साथ ही शहरी इलाकों में कई मंदिर ऐसे हैं जहां पुजारी परिवार वर्षों से सेवा पूजा करते आ रहे हैं उनके लिए कोई वेतन भत्ता भी निर्धारित नहीं है। इसके कारण कई पुजारियों को तो वर्षों से अभावों में जीवन यापन करना पड़ रहा है। ग्रामीण इलाकों में विकास समितियों के पदाधिकारी पुजारियों को परेशान कर रहे हैं। मुरलीपुरा की शंकर विहार कॉलोनी में हाल ही पुजारी गिर्राज ने विकास समिति के पदाधिकारियों से परेशान होकर आत्मदाह कर लिया। इस घटना के बाद पूरा ब्राह्मण समाज आंदोलित है और पुजारी गिर्राज के लिए न्याय मांग रहा है। इससे पहले करौली जिले के सपोटर के निकट एक गांव में पुजारी ने ग्रामीणों से परेशान होकर आत्मदाह कर लिय था। ये घटनाएं तो बानगी भर है जबकि हकीकत इससे भी अधिक डराने वाली है। मंदिर माफी की जमीन के लिए पुजारियों को परेशान किया जा रह है और आए दिन उन पर हमले हो रहे हैं। वहीं शहरों में भी मंदिरों में पुजारियों को पर्याप्त सम्मान नहीं मिल रहा है और कॉलोनी की विकास समिति के लोग पुजारियों को परेशान कर रहे हैं।

## "महिला निधि" का शुभारम्भ 26 को

**जयपुर, (का.सं.)।** महिला समानता दिवस (26 अगस्त, शुक्रवार) के अवसर पर होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत स्वयं सहायता समूह सदस्यों की प्रथम महिला निधि "राजस्थान महिला निधि कॉपरेटिव क्रेडिट फैडरेशन" का लोकार्पण करेंगे।

जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी, कन्वेशन हॉल में प्रात: 12 बजे से पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री रमेश चन्द मीना की उपस्थिति में होने वाले इस समारोह में स्वयं सहायता समूह एवं विभिन्न योजनाओ से लाभान्वित 10,000 महिलाएं शामिल होंगी। साथ ही कई वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की प्रमुख शासन सचिव अपर्णा अरोरा ने एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी।

# सौरभ जैन ने 24 घंटे की नॉन स्टॉप स्पीच देकर बनाया कीर्तिमान

- जयपुर लर्निंग फेस्टिवल का समापन

**जयपुर, (का.सं.)।** मोटिवेशनल गुरु सौरभ जैन ने बिना खाए-पिए और न बैठे, न सोए 24 घंटे की नॉन स्टॉप स्पीच देकर अपना ही 16 घंटे 18 मिनट का विश्व कीर्तिमान तोड़ नया विश्व कीर्तिमान बनाया। गौरतलब है कि जयपुर लर्निंग फेस्टिवल का यह महाकुंभ यहां बिड़ला सभागार में 21 अगस्त को प्रात: 9 बजे शुरू हुआ जो अगले दिन 22 अगस्त को प्रात: 9 बजे तक जारी रहा। इस दौरान मोटिवेशनल गुरु सौरभ जैन ने दैनिक जीवन से जुड़े प्रासंगिक विषयों पर अपनी स्पीच अविरल रखते हुए नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया।

आजादी का अमृत महोत्सव में हुए महाकुंभ में सात विश्व कीर्तिमान बने। इनमें व्यक्तित्व विकास और जीवन कौशल प्रबंधन पर 24 घंटे बिना रुके भाषण, सिंगल इवेंट फेसबुक पर 3000 से अधिक लोगों की तरफ से लाइव, यू ट्यूब और फेस बुक पर 24 घंटे से अधिक समय तक लाइव, 500 से अधिक संगठनों ने आयोजन का समर्थन किया, 150 से अधिक प्रतिभागी सौरभ जैन के भाषण को 8 घंटे से अधिक समय तक सुनते रहे, सौरभ जैन वक्ता ने अपने भाषण के दौरान बिना किसी नोट की सहायता के 300 से अधिक कहानियां, उपाख्यान साझा किए, इसके अलावा गूगल व्यापार पृष्ठ पर केवल 24 घंटों में 2000 से अधिक लोगों ने रेटिंग प्राप्त की जैसे कीर्तिमान भी बने। सौरभ जैन ने टाइम मैनेजमेंट, इमोशनल इंटेलिजेंस, डिसिजन मेकिंग, कम्युनिकेशन स्किल, स्ट्रेस मैनेजमेंट, बेस्ट यूज़ ऑफ ब्रेन, मेमोरी इम्प्रूवमेंट, पॉजिटिव थिंकिंग व ऐटिट्यूड, लीडरशिप, करियर प्लानिंग, रिलेशनशिप, कॉन्फिडेंस, सोशल मिथ्स आदि 50 अधिक जीवन के महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी स्पीच कवर की। इस दौरान सौरभ जैन ने स्टेज पर 5-6 मीटर के दायरे में खड़े रह कर ही स्पीच दी। इस दौरान 40 घंटे तक खाने- पीने का पूर्णत: त्याग रहा। धारा प्रवाह, आवाज, गति एवं ऊर्जा स्पीच की शुरुआत से अंत तक बनी रही।

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एआरएल इन्फोटेक लिमिटेड के प्रवर्तक नंद किशोर पहाड़िया, शांता देवी पहाड़िया, प्रमोद पहाड़िया, नीना पहाड़िया पदम कासलीवाल, नीता कासलीवाल एवं सुनीता जैन, चक्रेश जैन एवं चेतना जैन मौजूद रहे। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी राजकुमार बैद ने बताया कि कार्यक्रम में सौरभ के साथ 150 से अधिक व्यक्तियों ने 8 घंटे से अधिक एवं महेंद्र गिरधरवाल ने 24 घंटे तक लगातार स्पीच सुनकर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया।



सौरभ जैन (दायें से दूसरे)।


### तीये की बैठक


अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया माताजी श्रीमती लक्ष्मी देवी धर्मपत्नी स्व. श्री रामचंद्र जी खोवाल (सैनी) का स्वर्गवास दिनांक 21.8.2022 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 23.8.2022 सांयकाल को 4:00 से 5:00 बजे सामुदायिक केन्द्र, श्याम नगर, जयपुर पर होगी। **शोकाकुल :-** तृप्ति नारायण, नंदकिशोर (पुत्र), चन्द्र प्रकाश, ओम प्रकाश, सतीश, घनश्याम, कैलाश (भतीजे), राहुल (प्रदीप), हर्षित (पौत्र) एवं समस्त खोवाल परिवार ऊँ तृप्ति स्टोर्स, नारायण विहार, श्री राम खाद बीज भण्डार, सोडाला। 9571973140, 9887061436

नम्बर मिलाइए 9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

### कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर
(पं.दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-15) (राजस्व-द्वितीय प्रकोष्ठ)
क्रमांक: एफ-6() उपा.राज.-द्वितीय(सा.प्र.)/ननिज/2022/1219 दिनांक :- 22.8.2022

**सार्वजनिक सूचना**

मूल भूखण्ड संख्या डी-89, अम्बाबाडी, जयपुर का नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा मेजर यू. एन. माथुर के नाम से क्षेत्रफल 388.88 वर्गगज भूमि का आवंटन किया गया था। मेजर यू.एन.माथुर द्वारा उक्त भूखण्ड की वसीयत अपनी पत्नी श्रीमती मन्जुल माथुर के पक्ष में निष्पादित की गई। श्री यू. एन.माथुर की मृत्यु उपरान्त श्रीमती मन्जू माथुर पत्नी स्व. श्री मेजर उमेश नारायण माथुर द्वारा भूखण्ड संख्या डी-89, अम्बाबाडी, जयपुर की वसीयत अपनी दोनों पुत्रियों मोना माथुर उर्फ नेहा माथुर एवं पिंकी माथुर उर्फ रीमा माथुर के पक्ष में अपंजिकृत वसीयतनामा निष्पादित की गई। मोना माथुर उर्फ नेहा माथुर एवं पिंकी माथुर उर्फ रीमा माथुर पुत्रियान् स्व. श्री उमेश नारायण माथुर द्वारा भूखण्ड संख्या डी-89, अम्बाबाडी, जयपुर 1. श्री युसुफ अली 2. श्री शौकत अली 3. श्री युनुस अली 4. श्री जाकिर अली पुत्रान् श्री अहमद अली को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा बेचान किया गया। 1. श्री शौकत अली 2. श्री युनुस अली 3. श्री जाकिर अली पुत्रान् श्री अहमद अली द्वारा उक्त भूखण्ड मुख्त्यारनामा आम श्री युसुफ अली पुत्र श्री अहमद अली को नियुक्त किया गया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत अपंजिकृत वसीयतनामा, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, रजिस्टर्ड मुख्त्यारनामा आम, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा श्री युसूफ अली पुत्र श्री अहमद अली के पक्ष में क्षेत्रफल 388.88 वर्गगज का पट्टा जारी किया जाना है। इस पट्टा जारी किये जाने बाबत् किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की काई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, राजस्व-द्वितीय) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार पट्टा जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी। (सोहन राम चौधारी) उपायुक्त (राजस्व-द्वितीय) नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम अपराजिता मोर से बदलकर अपराजिता अग्रवाल पत्नी विकास अग्रवाल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे निवासी डी-131-बी, कैलाश मार्ग, कबीर मार्ग के पास, बनीपार्क, जयपुर

### आम-सूचना

मेरे पिता जी स्व. श्री देवदत्त गौतम पुत्र स्व. श्री दुर्गा प्रसाद गौतम निवासी मकान नम्बर 73, पुरूषार्थ नगर-बी, जगतपुरा, जयपुर 302017 के नाम परिवहन विभाग में वाहन KWID संख्या RJ45CL9017 पंजीयत हैं। मेरे पिता की मृत्यु दिनांक 11 मई 2021 को हो गई है। उक्त वाहन मेरे नाम स्थानान्तरित करवाया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति/ वितीय संस्था को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में परिवहन कार्यालय सम्पर्क करें। कौशलेश गौतम पुत्र स्व. श्री देवदत्त गौतम 73, पुरूषार्थ नगर-बी, जगतपुरा, जयपुर 9694233841

### न्यायालय तहसीलदार जमवारामगढ, जिला जयपुर
क्रमांक/रिपोर्ट/2022 दिनांक 13.8.2022

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राधेश्याम पुत्र श्री रामनिवास शर्मा, नि. मालावाला ने एक प्रा. पत्र प्रस्तुत कर ग्राम मालावाला के ख.न. 338 रकबा हि.1/8 का रजि. वसीयत के मुताबिक नामांतरण खोलने बाबत निवेदन किया है। अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 29.8.2022 तक न्यायालय में पेश करें बाद मियाद कोई आपत्ति नही सुनी जावेगी। सूचित रहें।

### आम सूचना

मेरे अभिभाष्य श्री गिरधारी लाल देवतवाल पुत्र श्री गैंदीलाल देवतवाल, उम्र 64 वर्ष, जाति रैगर, निवासी रैगरों का मोहल्ला, कृष्णा कॉलोनी, झोटवाडा, जयपुर, राजस्थान के तीन पुत्र क्रमशः (1) मुरलीधर, (2) मुकेश एवं (3) हनुमान को अपनी समस्त चल, अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, यदि कोई भी व्यक्ति या संस्थान (1) मुरलीधर, (2) मुकेश एवं (3) हनुमान मेरे अभिभाष्य के कहने में नही है व मेरे अभिभाष्य की सेवासुश्रा, स्वास्थ्य एवं भरण पोषण नही करते है व आये दिन मेरे अभिभाष्य के खिलाफ झूठे मुकदमें दर्ज करवाकर परेशान करते रहते है, इसलिये मेरे अभिभाष्य ने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से उक्त तीनों पुत्र को बेदखल कर दिया है, यदि उक्त तीनों पुत्रों से कोई संव्यवहार करता है, तो उसकी जिम्मेदारी किसी भी प्रकार से मेरे अभिभाष्य एवं उसेक परिवार की नही होगी। सूचित रहे।
जयपुर (भीम चन्द बासोटिया) एडवोकेट
दिनांक - मो. 9660902951

### राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर - 0141-4901853

**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या 14/9 मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 120.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री प्रकाश चन्द अग्रवाल पुत्र श्री लौहरे लाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1012 दिनांक 15.09.1992 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 786 दिनांक 18.05.1993 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 10.01.2001 को करवाया गया। श्री प्रकाश चन्द अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 09.06.2015 को हो जाने के पश्चात उनके पुत्र श्री सोनू अग्रवाल पुत्र स्व. श्री प्रकाश चन्द अग्रवाल के द्वारा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, हक त्याग पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री सोनू अग्रवाल पुत्र स्व. श्री प्रकाश चन्द अग्रवाल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही करदी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।

### कार्यालय आवासीय अभियंता
राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-कोचिंग हब जयपुर (उपखण्ड दौसा)
(Email Id : rech.rhb@rajasthan.gov.in

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवास संख्या 2/359, खान भांकरी रोड योजना दौसा, क्षेत्रफल 98.850 वर्ग मीटर का आवंटन श्री सतीश अग्रवाल पुत्र स्व. श्री रमेशचन्द अग्रवाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 74 दिनांक 05.04.2013 को जारी किया गया था व मूल आवंटी को कब्जा दिनांक 02.08.2013 को संभलवा दिया गया। तत्पश्चात मूल आवंटी श्री सतीश अग्रवाल की दिनांक 31.01.2017 को मृत्यु हो जाने के पश्चात उनके उत्तराधिकारी पत्नि श्रीमती विनीता अग्रवाल ने उक्त आवास का हस्तांतरण अपने पक्ष में करने हेतु निवेदन किया है। अत: आवास सख्या 2/359, खान भांकरी रोड योजना दौसा के हस्तांतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित उत्तराधिकारी श्रीमती विनीता अग्रवाल पत्नी स्व. श्री सतीश अग्रवाल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। कार्यालय आवासीय अभियंता
राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-कोचिंग हब, जयपुर

### खोया-पाया

मैं पोखर मल स्वामी पुत्र श्री नेमीचन्द मेरे आर्मी रिकार्ड न. 10303930H में मेरी पत्नी का नाम भूलवश सरोज दर्ज हो गया है जो गलत है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में सरोज देवी है जो सही है आर्मी रिकार्ड में सरोज देवी किया जावे।

मेरी एक दुकान सं.-6/SC/2/31, इंदिरा गांधी नगर, जयपुर का मूल आवंटन पत्र सं. 3649 दिनांक 12.11.2020 जो कि अन्तिमा जैन के नाम से है कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें गिर्राज प्रसाद मीना 9414484182

I Surendar Singh S/o Bajrang Singh have lost my original document (पट्टा) of property (Buniyadi Vikash Grah Nirman Sahkari Samiti) Anyone finds please return at PNo. 85 Hanuman Nagar Meenawala Sirsi Road Jaipur or Contact-8005520931

स्वच्छ फुलेरा-स्वस्थ फुलेरा
प्ररुप-10
(नियम 6 (7) देखिए)

### प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगर पालिका मण्डल, फुलेरा
क्रमांक ना.पा.जा./2022-23/1764 दिनांक 10.8.2022

**लोक सूचना**

श्री अभिषेक गुर्जर पुत्र श्री ईश्वर गुर्जर श्री करण सिंह पुत्र श्री प्रेमचन्द गुर्जर, श्री राघवेन्द्र सिंह गुर्जर पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी अनु विहार कॉलोनी, जोबनेर रोड फुलेरा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग (भू-रुपान्तरण) हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात् :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला. जयपुर जयपुर तहसील फुलेरा | ग्राम फुलेरा तहसील फुलेरा जिला जयपुर | खसरा नम्बर 1404/489 रकबा 0.0674 हेक्टेयर, किस्म बारानी ए | 674.00 वर्गमीटर |

इस लिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 9-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्ततु कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 10.8.22 को जारी की गयी। (शिकेश कांकरिया)
प्राधिकृत अधिकारी, नगर पालिका मण्डल फुलेरा

# एयरफोर्स भर्ती परीक्षा: हरियाणा के तीन फर्जी परीक्षार्थी पकड़े

## एक फर्जी निकला तो दो ने इलेक्ट्रोनिक डिवाइस ब्लू टूथ लगा रखा था

**जोधपुर, (कासं)।** इंडियन एयरफोर्स भर्ती परीक्षा का आयोजन इन दिनों चल रहा है। रविवार को झालामंड में निजी स्कूल के एक सेंटर पर तीन परीक्षार्थियों को नकल और फर्जीवाड़े में पकड़ा गया। स्कूल प्रधानाचार्य की तरफ से कुड़ी थाने में इस बारे में मामला दर्ज कराया गया है। पकड़े गए तीनों अभियुक्त हरियाणा जिंद के रहने वाले हैं। आज तीनों को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर अभिरक्षा में लिया है।

कुड़ी थानाधिकारी सुमेरदान ने बताया कि रविवार को परीक्षा का एक सेंटर झालामंड स्थित एसआर आदर्श सीनियर सैकंडरी स्कूल में था। यहां पर परीक्षक द्वारा जांच के समय एक फजी परीक्षार्थी हरियाणा के जिंद स्थित छापर निवासी शिव कुमार वाल्मिकी पुत्र रघुवीर को पकड़ा गया। वह किसी अन्य के स्थान पर परीक्षा देने आया था। इसी परीक्षा केंद्र में दो परीक्षार्थियों को इलेक्ट्रानिक डिवाइस यानी ब्लू टूरथ से नक ल करते पकड़ा गया। दोनों अभियुक्त हरियाणा के जिंद निवासी विक्रम पुत्र सतेसिंह एवं हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी विक्रमसिंह पुत्र नरेश कुमार को पकड़ा गया। इन लोगों ने कानों में ब्लूटूट लगा रखा था। जांच में इनके पास से बाद में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को जब्त किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य राधेश्याम विश्नोई की तरफ से राजस्थान परीक्षा अधिनियम में केस दर्ज कराया गया।

## टीचर ने पीटा तो 10वीं के स्टूडेंट ने जहर पिया

■ पिता को फोन पर कहा-आज के बाद आप मेरा मुंह नहीं देखोगे

**अनूपगढ़, (निसं)।** राजस्थान में एक बार फिर स्कूल के छात्र की पिटाई का मामला सामने आया है। श्रीगंगानगर के अनूपगढ़ के रावला मंडी में कक्षा 10 के एक स्टूडेंट ने कीटनाशक पीकर जान देने की कोशिश की। छात्र के हवाले से कहा जा रहा है कि स्कूल में टीचर ने उसे बुरी तरह पीटा।

कीटनाशक पीने से पहले छात्र गुरप्रीत सिंह ने अपने पिता निरंजन सिंह को फोन पर कहा कि टीचर ने उसे बहुत पीटा है। आज के बाद आप मेरा मुंह नहीं देखोगे। इसके बाद छात्र गुरप्रीत ने फोन काट दिया। छात्र के पिता निरंजन सिंह ने बताया कि गुरप्रीत रावला के पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 10वीं क्लास का स्टूडेंट है। बेटा सुबह स्कूल गया था, करीब 11 बजे वापस घर आ गया। इसके बाद कीटनाशक पीकर सुसाइड करने का प्रयास किया। निरंजन सिंह ने कहा कि बच्चे का फोन आने के बाद पड़ोसियों ने कहा कि गुरप्रीत की हालत बिगड़ गई है। निरंजन सिंह घर पहुंचा, इससे पहले ही पड़ोसी गुरप्रीत को रावला के राजकीय चिकित्सालय भर्ती करा दिया था। सूचना के बाद तहसीलदार पृथ्वीराज मौर्य और एसआई जिया राम ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। फिलहाल छात्र के बयान दर्ज किए गए हैं। उधर बीआर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल सुरेंद्र कुमार ने बताया कि स्कूल में एग्जाम चल रहे हैं। गुरप्रीत एग्जाम देकर घर चला गया था। किसी भी टीचर ने गुरप्रीत को नहीं पीटा है। एसआई जिया राम हटिला ने कहा कि छात्र गुरप्रीत सिंह अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जैसलमेर के रास्ते भारत में प्रवेश करने वाला पाक नागरिक गिरफ्तार

## सीमा सुरक्षा बल को हाई अलर्ट पर रखने का मिला फायदा

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** पाकिस्तान सीमा से जैसलमेर के रास्ते भारत में प्रवेश करते हुए पाक नागरिक को सीमा के सादेवाला चौकी पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पकड़ा। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पाकिस्तानी नागरिक आलम पुत्र फैजल खान उम्र 50 वर्ष को गिरफ्तार कर रामगढ पुलिस के हवाले किया।

ज्ञात रहे कि जैसलमेर बॉर्डर से आतंकियों की घुसपैठ के इनपुट मिलने के बाद जिले से सटे समूचे बॉर्डर को सील कर सीमा सुरक्षा बल को हाई अलर्ट पर रखा गया है। केन्द्रीय खुफिया एजेंसियों से बीएसएफ को इस आशय का इनपुट मिला है कि जैसलमेर से सटी पाकिस्तान की 470 किलोमीटर लम्बी सीमा पर तारबंदी के बावजूद पाकिस्तान की मदद से 5 से 6 आतंकवादी भारतीय सीमा में घुसने की फिराक में हैं।

जैसलमेर के म्याजलार बॉर्डर पर पिछले दिनों पाकिस्तान जाने की फिराक में पकड़े गये बांगलादेशी युवक से कड़ी पूछताछ के बावजूद अभी तक सुरक्षा व जांच एजेंसियां किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। उससे पहले जैसलमेर बॉर्डर से इस्लामिक आतंकवादियों के किसी ग्रुप के घुसपैठ के इनपुट मिलने के बाद खुफिया एजेंसियां हैरान व परेशान थी।

कश्मीर व पंजाब के बॉर्डर पर नित नये पैतरे आजमाने के बावजूद आतंकी संगठनों के पाकिस्तान में बैठे सरगना अभी तक वहां से घुसपैठ करवाने में कामयाब नहीं हो पा रहे है। इधर पाकिस्तान ने पश्चिमी बॉर्डर के खासकर गंगानगर बॉर्डर पर हेरोईन व अन्य ड्रग्स की तस्करी पर खासा फोकस कर रखा है। कई बार ड्रोन के जरिये भारतीय सीमा में फेंकी गई ड्रग्स भारतीय सीमा में जब्त की जा चुकी है। कई स्थानीय तस्कर भी पकड़े जा चुके हैं। ऐसी स्थिति में जैसलमेर बॉर्डर पर भी सुरक्षा बलों का पहरा बढ़ा दिया गया है क्योंकि पिछले दिनों बाड़मेर बॉर्डर पर भी तस्करी से जुड़े लोगों को पकड़ा जा चुका है। यहां गौरतलब है कि पिछले 6 महीनों में पश्चिमी बॉर्डर पर घुसपैठ व तस्करी की वारदातों में इजाफा हुआ है।

# पहले चप्पल से नकल कराने के मामले में गिरफ्तार युवक, अब पटवारी परीक्षा में भी गिरफ्तार

**बीकानेर, (कासं)।** चप्पल से नकल मामले में गिरफ्तार हो चुके दिल्ली के एक युवक को पुलिस ने अब पटवार परीक्षा में नकल मामले में भी गिरफ्तार कर लिया है। इसी युवक ने गंगाशहर थाने के थानेदार पर सामान लौटाने के नाम पर रुपए मांगने पर गिरफ्तार करवाया था।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित बुडानिया के नेतृत्व में एक टीम ने दिल्ली में दबिश देकर सुरेंद्र धारीवाल को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर पटवार परीक्षा में पौरव कालेर को नकल सामग्री बेचने का आरोप है। दरअसल, सुरेंद्र को पुलिस रीट परीक्षा में नकल के लिए सामग्री देने के मामले में गिरफ्तार कर चुकी थी। इसके बाद पटवार परीक्षा में नकल का मामला भी दर्ज हो गया था। पुलिस उस समय पौरव कालेर को गिरफ्तार नहीं कर पाई, तब तक सुरेंद्र की जमानत हो गई। पौरव कालेर ने अपने बयानों में पुलिस को बताया कि उसने भी नकल सामग्री सुरेंद्र धारीवाल से ही खरीदी थी। ऐसे में उसकी गिरफ्तारी के लिए बार- बार दबिश दी जा रही थी। दो बार पहले पुलिस खाली हाथ लौट आई लेकिन इस बार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित बुडानिया के नेतृत्व में पुलिस ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में कोतवाली थानाधिकारी नवनीत सिंह और डीएसटी के हेड कांस्टेबल दीपक यादव की भूमिका रही।

सुरेंद्र धारीवाल ने अपनी गिरफ्तारी के बाद जमानत मिलते ही गंगाशहर थानाधिकारी राणीदान चारण पर कार्रवाई करवा दी। उसका आरोप था कि गिरफ्तारी के समय जो सामान उसने जब्त किया था, वो वापस लौटाने के नाम पर थानेदार राणीदान रिश्वत मांग रहा है। एसीबी ने राणीदान पर कार्रवाई भी की लेकिन वो निकलने में सफल हो गया। इस मामले की जांच अब तक चल रही है।

# जेईई-एडवांस्ड-2022 प्रवेश पत्र 23 अगस्त को जारी होंगे, कोटा में भी परीक्षा केन्द्र

**कोटा, (निसं)।** आईआईटी मुम्बई द्वारा आयोजित की जा रही देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड के प्रवेश पत्र 23 अगस्त को जारी होंगे। जेईई-एडवांस्ड के माध्यम से देश की 23 आईआईटी की 14 हजार सीटों पर प्रवेश दिया जाता है, इस वर्ष यह परीक्षा देश के 215 परीक्षा शहरों में 28 अगस्त को दो पारियों में सुबह 9.00 से 12.00 एवं दोपहर में 2.30 से 5.30 बजे तक होगी।

विदेशों में इस वर्ष जेईई-एडवांस्ड की परीक्षा: नहीं करवाई जाएगी, इस वर्ष भी कोटा में कई परीक्षा केंद्र बनाये गए है। जेईई-एडवांस्ड का परिणाम 11 सितम्बर सुबह 10 बजे जारी किया जाएगा। प्रवेश पत्रों के साथ विद्यार्थियों को अपने परीक्षा केन्द्र व शहर का पता चल सकेगा। विद्यार्थियों को आवेदन के दौरान 8 परीक्षा केन्द्र चुनने का अवसर दिया गया था, परीक्षा से चार दिन पूर्व परीक्षा केन्द्रों के आवंटन होने पर पहले परीक्षा केन्द्र मिलने की संभावना ज्यादा दिखाई दे रही है। प्रवेश पत्रों में विद्यार्थियों के कोरोना संबंधित गाईडलाईन जारी की जाएगी जिसका स्टूडेंट्स को पालन करना होगा।


ऐसे विद्यार्थी जो जेईई-एडवांस्ड आवेदन के समय उचित प्रारूप में केटेगरी दस्तावेज़ उपलब्ध ना होने एवं ओबीसी एवं ईडब्लयूएस का प्रमाण पत्र 1 अप्रैल 2022 के बाद नहीं होने के कारण डिक्लेरेशन के माध्यम से आवेदन किया है वे जोसा काउंसलिंग में रिपोर्टिंग तक अपने केटेगरी दस्तवेजो को जमा करवा सकते है।

# ललवाडी की घासी की ढाणी का आईजी अजमेर ने किया निरीक्षण

## दोनों समुदायों के लोगों से शांति की अपील की

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत ललवाडी की घासी की ढाणी में रविवार की शाम आईजी अजमेर रूपेन्द्र सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण किया एवं ग्रामीणों से चर्चा की।

ललवाडी में घासी की ढाणी में चार दिन पूर्व गोकशी के प्रकरण में हुए विवाद के बाद से पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। गांव ललवाडी की पटेल की ढाणी और घासी की ढाणी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रविवार की शाम को आईजी अजमेर रूपेन्द्रसिंह ने पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान आईजी ने घासी की ढाणी में घटना स्थल व मस्जिद का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एडीएसपी सुभाषचंद्र मिश्रा और डीएसपी रूद्रप्रकाश शर्मा से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने तथा अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की।



हिन्दू संगठनों के आयोजित प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर एसटीएफ तैनात की गई।

आईजी ने मौके पर तैनात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से उक्त घटना की पूरी जानकारी ली। गौ-हत्या की घटना के बाद हिन्दू संगठनों द्वारा सोमवार को आयोजित धरना प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पूरी तरह मुश्तैद रहे। हालांकि मुख्यालय पर लगातार हो रही तेज बारिश की वजह से प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाषचन्द मिश्रा के निर्देशन में स्पेशल टॉस्क फोर्स के 75 एवं पुलिस लाइन अजमेर से आए 50 जवान उपखण्ड मुख्यालय पर तैनात रहे। एडीएसपी मिश्रा ने बताया कि ललवाडी प्रकरण में किसी भी बेगुनाह के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की जाएगी साथ घटना में लिप्त अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। सोमवार को भी घटना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर बीसलपुर प्रभातीलाल जाट, कार्यवाहक एसडीएम रवि वर्मा, तहसीलदार प्रांजल कंवर, महिला सेल के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाशचंद्र, रूद्रप्रकाश शर्मा, थानाधिकारी अजय कुमार, बरोनी थानाधिकारी हरिराम, सदर थानाधिकारी कप्तान सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पुलिस-ग्रामीणों ने युवक को बचाया

**पिंडवाड़ा, (निसं)।** पिण्डवाड़ा शहर के निकटवर्ती कादंबरी बांध पिंडवाड़ा से उदयपुर जाने वाले मार्ग पर चल रही नदी में उतरा बाइक सवार संतुलन खो बैठा। युवक निजी फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी अजय कुमार निवासी सीकर जो गावो में लोगों को लोन देने का काम करता है। गनीमत रही की नदी के किनारे वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए खडे पुलिस और लोगों ने पकड लिया। पुलिस के हैड कांनिस्टेबल दिनेश रावल, कांनिस्टेबल शंकर मीणा, मोती राम मीणा वाकई समाजसेवी ने बहते पानी में जाकर पानी में से बाइक सवार युवक को खींच लिया। जिससे उसकी जान बच गई। लेकिन उसकी बाइक नदी में जा गिरी। पानी के बीच पत्थरों में फंस गई।

गौरतलब है कि गत दो दिनों से जिलेभर में तेज बारिश का दौर चल रहा है। सोमवार को सुबह बारिश के चलते तेज गति से नदी रपट पर बह रही है। दोपहर 12 बजे करीब निकटवर्ती कादंबरी बांध सड़क मार्ग पर निर्मित रपट में नदी तेज बहाव के साथ चलने लगी पानी का बहाव तेज होने व सड़क पर तीस फीट तक पानी बहने के कारण दोनों तरफ वाहनों का जाम लग गया था। साथ ही पुलिस थाने के हैड कांनिस्टेबल दिनेश रावल मय जाप्ता क्षेत्र के कुछ ग्रामीण वाहन चालक भी दोनों तरफ खडे हो गए। ताकि यहां कोई हादसा नहीं हो।

# विधायक ज्ञानचंद पारख ने जातरूओं को रेल में बैठा मध्य प्रदेश भेजा




ट्रेन के इंतजार में बैठे मध्यप्रदेश के जातरू।

**पाली, (नि.सं.)।** प्रदेश में लगातार रामदेवरा जाने वाले वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां होने से जातरूओ में बढ़ रही दुर्घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन एव पुलिस प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत रतलाम से एक जत्था रामदेवरा से दर्शन कर वापस अपने गांव जा रहा था। उसमें दर्जनों जातरू थे। पुलिस ने उस टेक्टर को सीज किया। पाली शहर के निकट पणिहारी चौराहा जोधपुर मार्ग पर रामदेवरा जाने वाले जातरूओं के लिए आम भंडारे की व्यवस्था की गई है।

यह सभी जातरू वहां पहुंचे एवं अपनी आप बीती बात वहां मौजूद समाजसेवी सुनिल पोद्दार, सुनील गुप्ता,हीरालाल को बताई। इस पर पोद्दार ने विधायक ज्ञानचंद पारख को इस बात से अवगत कराया। इन सभी 60 जातरूओं को सुरक्षा की दृष्टि से पारख ने रेलवे के उच्च अधिकारी से बात की। सभी दर्जनों जातरूओं को पाली विधायक ज्ञानचंद पारख द्वारा सुरक्षित उनके मध्यप्रदेश के रतलाम भेजने हेतु सभी यात्रियों को ट्रेन द्वारा टिकट की व्यवस्था कर गाडी में सुरक्षित रवाना किया गया।

# मंत्री शेखावत पूर्व विधायक काका को बधाई देने पहुंचे



पूर्व विधायक हाल-चाल जानते केन्द्रीय मंत्री शेखावत।

**चिड़ावा, (निसं)।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत अचानक पूर्व विधायक सुंदरलाल काका के घर पहुंचे और उनको 90 वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस दौरान काका से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और पार्टी से जुड़ी गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने काका के पुत्र पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल से भी कुछ देर बात की। मेघवाल ने मंत्री को तलवार भेंट कर और साफा पहनाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर सूरजगढ़ विधायक शर्मा पूनिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष सुभाष शर्मा, सेवा राम गुप्ता, सूरजगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष पुष्पा गुप्ता, महेंद्र मोदी, पालिका उपाध्यक्ष अभय सिंह, पार्षद रजनीकांत मान, जगदीश प्राण, पूर्व पार्षद सुरेश जलिंद्रा, विक्की सोलंकी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नशीली गोलियों के सप्लायर गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर जिले के भोपालगढ़ में अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, फरार अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस थाना खेडापा द्वारा नशीली गोलियों के सप्लायर श्यामलाल को गिरफ्तार किया। इस बीच आरोपी ने भगाने की कोशिश की, जिसका पुलिस ने 2 किमी तक पीछा कर दबोच लिया। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक अनिल कयाल ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ जिले में अभियान चल रहा है। जिस पर एडिशनल एसपी सुनील के पंवार, भोपालगढ़ डिप्टी सुदर्शन पालीवाल के निर्देशन में टीमो का गठन किया गया। पिछले साल 17 जनवरी 2021 को गश्त के दौरान कुलदीप सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी चक 1 एमएलडी पुलिस थाना सूरतगढ़ जिला गंगानगर व सुनील कुमार पुत्र हरिसिंह निवासी ढाणी राणासर के कब्जे से 2300 अवैध नशीली गोलियां जब्त की गई थी।

2 फरवरी को पुलिस थाना पीलीबंगा में नाकाबंदी में एक मोटरसाइकिल सवार रविशंकर पुत्र डूंगरराम जोशी निवासी पल्लु के कब्ज से अवैध 3950 ट्रमाडोल नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों मामलों में पूछताछ में अवैध नशीली गोलियां आरोपी श्यामलाल के द्वारा सप्लाई करना पाया गया। जिस पर एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण दर्ज कर आरोपी श्यामलाल की तलाश शुरु कर दी गई। एसपी ग्रामीण कयाल ने बताया कि खेड़ापा थानाधिकारी नेमाराम नेतृत्व में टीम बिराई गांव में पहुंची, जहां पर एक व्यक्ति बावर्दी पुलिस जाब्ता को देखकर भागने लगा।

# उनियारा उपखंड क्षेत्र में भारी बारिश, उनियारा गलवा बांध पर चली चादर

## पानी में बहने से दम्पत्ति की मौत, कई गांवों का टूटा सम्पर्क,कई जगहों पर घुसा पानी

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** उनियारा उपखण्ड क्षेत्र में भारी बारिश के कारण चारों तरफ बाढ़ के हालात बन गए। वहीं कई सरकारी आवासों, कार्यालयों, विद्युत ग्रेड, थानों, दुकानों तथा मकानों में पानी तक घुस गया तथा कई जगहों पर तेज पानी के बहाव के कारण साधनों की आवाजाही बंद रही।

पलाई क्षेत्र के गांवों जैसे देवरी, भाखरवाडी, रामपुरिया, बालापुरा गांवों का सम्पर्क टूट गया। कई विद्यालयों में अध्यापकों तथा छात्रों की संख्याएं नगण्य रही तथा कई विद्यालयों में पानी घुस गया। वहीं उनियारा शहर में चारों तरफ पानी ही पानी का आलम बना रहा।

**उनियारा गलवा बांध की 2 फीट चली चादर:-** उनियारा में स्थित गलवा बांध की तेज बारिश होने के कारण चादर चल पडी। गलवा बांध पर खबर लिखे जाने तक 2 फीट की चादर चलने के कारण चारों तरफ पानी ही पानी हो गया। चादर चलने की सूचना मिलते ही प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित जगहों पर रहने तथा तेज बहाव क्षेत्र में नहीं जाने की अपील की। ताकि क्षेत्र में पानी से कोई भी जनहानि नहीं हो। वहीं सवाई माधोपुर रोड को पानी के तेज बहाव को देखते हुए पुलिस ने बेरिकेटिंग लगा कर बंद कर दिया। ताकि किसी भी प्रकार की घटनाएं ना हो। लेकिन तेज बारिश के कारण बाढ़ के बने हुए हालातों तथा बांधों की अपडेट अधिकारियों से लेने की कोशिश की तो उन्होंने अपना फोन रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा।

**पानी के तेज बहाव में बहने से दम्पत्ति की मौत:-** उनियारा उपखण्ड क्षेत्र के अलीगढ़ थाना क्षेत्र के मंडावरा निवासी बाबूलाल पुत्र



मृतक दम्पती बाबूलाल व समोदरा।

शिवनारायण जाति मीणा उम्र 50 साल तथा उसकी पत्नी समोदरा मीणा उम्र 48 साल काकरिया खाल के नाले में अपने पाडे को बचाने के चक्कर में बह गए। जिसके चलते हुए दोनों की पानी में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर अलीगढ़ थानाधिकारी नाहर सिंह, सोप थानाधिकारी नरेंद्र सिंह राजावत मय जाप्ते मौके पर पहुंचे तथा लोगों की मदद से दोनों का शव ढूंढ कर सीएचसी अलीगढ़ ले जाया गया। जहां पर शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

**सोप पुलिस ने बहाव वाली जगहों पर पुलिस कर्मियों को किया तैनात:-** क्षेत्र में हुई तेज बारिश के कारण बने हालातों को देखते हुए सोप थानाधिकारी नरेंद्र सिंह राजावत ने बहाव वाली जगहों, पुलिया, रपटों पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया। ताकि पानी से आमजनों का जीवन सुरक्षित बना रहे। वहीं थानाधिकारी ने अपने थाना क्षेत्र के बहाव वाले क्षेत्रों का मौका मुआयना कर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिससे कोई जनहानि नहीं हो।

## मालपुरा में भारी बारिश, बांधों व तालाबों पर चली चादर



मालपुरा के किरावल सागर बांध की चादर चलने का ग्रामीणों ने लुत्फ उठाया।

**मालपुरा, (निसं)।** मौसम विभाग द्वारा रैड अलर्ट के बाद सोमवार को मालपुरा वृत्त क्षेत्र में हुई भारी बारिश से क्षेत्र के बांध व तालाब लबालब हो गये।

■ 12 साल बाद चादर चलने से किसानों में खुशी की लहर

तकरीबन 12 साल बाद किरावल बांध ओवरफ्लो हो चादर चलने से क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। वहीं लावा पंचायत के सुल्तान बांध में क्षमता से अधिक हुई पानी की आवक के बाद बांध की दिवारें टूटने का अंदेशा जता ग्रामीणों ने जेसीबी से चादर तोड़ पानी का दबाव कम किया। वहीं शिव सागर बांध से भी टूटने का अंदेशा होने पर एसडीएम आरके वर्मा व थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने सरपंच कमल कुमार जैन की उपस्थिति में जेसीबी मशीन से चादर की मोरी तोड़ पानी का दबाव कम किया।

शहर के प्रमुख जलाशय बम्ब तालाब में 15 साल बाद चादर चलने की मिली सूचना के बाद बड़ी संख्या में लोगों का हुजुम चादर देखने उमड़ पड़ा। टोरडी सागर बांध व चान्दसेन के भैरू सागर बांध भी छलकने की कगार पर है।

# आईएएस यज्ञमित्र सिंह देव से बदसलूकी मामले की न्यायिक जांच में दोषी तीनों पार्षद बर्खास्त

## स्वायत्त शासन निदेशक ने बर्खास्तगी के आदेश में तीनों पार्षदों पर 6 साल तक चुनाव लड़ने का प्रतिबंध भी लगाया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । ग्रेटर नगर निगम जयपुर के पूर्व आयुक्त यज्ञमित्र सिंह देव के साथ बदसलूकी मामले की न्यायिक जांच में दोषी पाए गए तीन पार्षदों अजय सिंह चौहान, पारस जैन और शंकर शर्मा को बर्खास्त कर दिया है। साथ ही तीनों पार्षदों पर 6 साल तक चुनाव लड़ने का प्रतिबंध भी लगाया है। इस संबंध में स्वायत्त शासन निदेशक ह्रदयेश शर्मा ने सोमवार को आदेश जारी किया है।

सूत्रों की मानें तो 10 अगस्त 2022 को पूरी हुई न्यायिक जांच में ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर भी दोषी मिली है, लेकिन उनके खिलाफ कार्रवाई से पहले राज्य सरकार विधिक राय ले रही है। क्योंकि निलंबन के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सौम्या गुर्जर ने पुनः कुर्सी संभाली थी। ऐसे में राज्य सरकार की जमकर किरकरी हुई थी। इस बार यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल से लेकर पूरा महकमा जल्दबाजी में ऐसा कोई आदेश जारी नहीं करना चाहता, जिसे लेकर बाद में दुबारा फजीहत हो।

ज्ञात रहे कि 4 जून 2021 को सफाई की वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर महापौर सौम्या गुर्जर के दफ्तर में हुई बैठक में यज्ञमित्र सिंह देव से बदसलूकी का मामला सामने आया था। बैठक को बीच में छोड़कर बाहर निकले तत्कालीन निगम कमिश्नर यज्ञमित्र सिंह ने पार्षद अजय सिंह चौहान, पारस जैन और शंकर शर्मा पर महापौर सौम्या गुर्जर की शह से बदसलूकी किये जाने का आरोप

■ **चर्चा है कि महापौर सौम्या गुर्जर भी न्यायिक जांच में दोषी मिली है, सुप्रीम कोर्ट का स्टे होने के कारण विधिक राय लेने के बाद ही राज्य सरकार सौम्या पर कोई एक्शन लेगी**

लगाया था और राज्य सरकार को शिकायत की थी। यहां तक कि खुद के लिए पुलिस सुरक्षा भी मांगी थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने 6 जून 2021 को आदेश देकर सौम्या गुर्जर के साथ-साथ पार्षद अजय सिंह चौहान, पारस जैन और शंकर शर्मा को निलंबित कर दिया था। साथ ही न्यायिक जांच भी शुरू कर दी थी। 7 जून को शील धाभाई को कार्यवाहक महापौर बनाया था। इसके बाद सौम्या गुर्जर राज्य सरकार के निलंबन आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची और वहां से मिले स्टे के आधार पर पुनः आकर महापौर की कुर्सी पर काबिज हुई थी। सौम्या गुर्जर को स्टे मिलने के कारण राज्य सरकार की जमकर किरकिरी हुई थी।

आईएएस यज्ञमित्र सिंह के साथ सौम्या गुर्जर व तीनों पार्षदों के इस विवाद की न्यायिक जांच करीब 14 महीने बीतने बाद 10 अगस्त 2022 को पूरी हुई। इसके बाद से तीनों पार्षद लगातार स्वायत्त शासन मुख्यालय में धरना देकर न्यायिक जांच की रिपोर्ट मांग रहे थे। इसी बीच राज्य सरकार ने पहले तो हाईकोर्ट में चल रहे कैवियट दायर की और सोमवार को स्वायत्त शासन निदेशक ह्रदयेश शर्मा ने आदेश जारी कर वार्ड 39 के पार्षद अजय सिंह चौहान, वार्ड 72 के पार्षद पारस जैन और वार्ड 103 के पार्षद शंकर शर्मा को बर्खास्त कर दिया।

चर्चा है कि महापौर सौम्या गुर्जर के खिलाफ कार्रवाई से पहले राज्य सरकार अतिरिक्त महाधिवक्ता से राय ले रही है। इस राय के आधार पर ही आगे कदम उठाया जायेगा। माना जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट में न्यायिक जांच की रिपोर्ट पेश करने के बाद ही राज्य सरकार सौम्या गुर्जर पर कोई एक्शन लेगी।

# भगवान गणेश के जन्मोत्सव कार्यक्रम 24 से 31 तक



मोतीडूंगरी महंत कैलाश शर्मा

**जयपुर** (कासं)। श्री मोती डूंगरी गणेशजी का जन्मोत्सव 24 से 31 अगस्त तक श्रद्धा और उल्लास से मनाया जाएगा। 24 अगस्त को सवा लाख मोदकों की झांकी सजेगी। 25 अगस्त को गुरू पुष्य नक्षत्र में पंचामृत अभिषेक

■ **एक सितम्बर को शहर में धूमधाम से निकलेगी शोभायात्रा**

होगा। 26 को को ध्रुवपद गायन, 27-28 अगस्त को कथक, 29 अगस्त को सुगम संगीत और 30 अगस्त को मेहंदी पूजन का कार्यक्रम होगा। मुख्य उत्सव 31 अगस्त को गणेश जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। अगले दिन 1 सितंबर को दो साल बाद गणेशजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर के महंत पं. कैलाश शर्मा ने बताया कि मोदकों की झांकी 24 अगस्त बुधवार को सजेगी। झांकी के दर्शन सुबह 5 बजे से होंगे। मंदिर में बाहर का प्रसाद नहीं चढ़ेगा। इस झांकी के 251 किलो के 2 मोदक, 51 किलो के 5 मोदक, 21 किलो के 21 मोदक, 1.25 किलो के 1100 मोदक होंगे। भगवान श्रीगणेश फूलों के झरोखे में विराजमान होंगे। शाम 6:30 बजे से रात्रि 9 बजे तक मोदक निःशुल्क वितरित किए बुधवार को भगवान को माणक और पन्ना युक्त विशेष मुकुट धारण कराया जाएगा।

# होटल की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर छापा



आमेर पुलिस ने होटल में हुक्का पिला रहे दो बदमाशों को पकड़ा।

जयपुर। आमेर थाना पुलिस ने होटल की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर छापा मार कर मौके से हुक्के, चिलम, पाइप सहित फ्लेवर जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही 15 लोगों के खिलाफ कोटपा एक्ट में कार्रवाई की गई है। डीसीपी (नॉर्थ) परिस देशमुख ने बताया नटाटा रोड स्थित आंनद महल रिसॉर्ट एंड होटल में हुक्का पिलाने की सूचना मिल रही थी। इस पर एक पुलिसकर्मी को बोगस ग्राहक बना कर भेजा और हुक्का पीने के लिए ऑर्डर दिया गया। जैसे ही पुलिसकर्मी को हुक्का परोसा गया तो इशारा मिलते ही पुलिस टीम द्वारा छापा मारा गया। पुलिस ने मौके से तोसिफ और आरिफ निवासी रामगंज को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस ने साकिब खान, राजा, तौफिक, तोफीक, इरफान, उमरदराज, सुलेमान, कमर, वाहिद, बिलाल, सोयेब, मोईन और कमरूदीन के खिलाफ कोटपा एक्ट में कार्रवाई की है। उधर चित्रकूट पुलिस ने भी रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर छापा मार मैनेजर सहित दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। एसीपी आलोक सैनी ने बताया नर्सरी सर्किल के पास क्लब जगुआर रेस्टोरेंट में संचालित हुक्का बार में कार्रवाई की गई। बार मैनेजर उमाशंकर सहित दो कर्मचारी पकड़े हैं।

# एक और पाक जासूस गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान पुलिस इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के मामले में मुम्बई के युवक फैजल को हिरासत में लिया है। दिल्ली से मुम्बई भेजी गई 5 मोबाइल सिम इसी युवक ने ली थी और उसने सभी सिम मुम्बई से दुबई भेज दी। राजस्थान इंटेलिजेंस अब दुबई की कड़ी खंगालने में जुटी है।

राजस्थान इंटेलिजेंस की पकड़ में आए भीलवाड़ा निवासी नारायणलाल गाडरी, मूलतः पाकिस्तान हाल दिल्ली निवासी भागचंद और मुम्बई से हिरासत में लिया गया फैजल एक दूसरे को जानते तक नहीं। इन तीनों को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी का हैंडलिंग अफसर टारगेट देता और ये हैंडलिंग अफसर के बताए अनुसार काम करते हैं। सूत्रों के मुताबिक भीलवाड़ा निवासी गाडरी को दिल्ली की एक ट्रेवल एजेंसी का पता बताकर पांच मोबाइल सिम पार्सल के जरिए भिजवाई। दिल्ली में भागचंद को ट्रेवल एजेंसी से सिम का पार्सल लेकर मुम्बई के पते पर भेजने का टारगेट दिया। मुम्बई में सिम पहुंचने पर फैजल को उन्हें लेकर दुबई भेजने के निर्देश दिए। तब फैजल ने सिम दुबई भिजवा दी। गौरतलब है कि राजस्थान इंटेलिजेंस ने कुछ दिन पहले जासूसी के मामले में 10 लोगों को हिरासत में लिया था। इनमें से भीलवाडा निवासी नारायणलाल गाडरी, दिल्ली निवासी भागचंद और पाली निवासी कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया। मुम्बई से हिरासत में लिए गए फैजल से पकड़े गए अन्य संदिग्धों के साथ पूछताछ की जा रही है। राजस्थान इंटेलिजेंस ने भागचंद को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

# बाढ़ नियंत्रण पर मिट्टी घोटाला कर रहे ठेकेदार और अफसर?

## महापौर सौम्या ने मानसरोवर फ्लड कंट्रोल रूम पर पकड़ी धांधली

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । "आपदा में अवसर ढूंढना" तो कोई नगर निगम के ठेकेदार और अफसरों से सीखे। तेज बारिश और अतिवृष्टि जैसी मुसीबत में लोगों की मदद के लिए खोले गए फ्लड कंट्रोल सेंटर पर ही मिट्टी के कट्टों की धांधली हो रही है। कट्टों में 25-30 किलो मिट्टी भरनी होती है, लेकिन ठेकेदार मात्र 6 से 10 किलो तक ही मिट्टी भरकर कट्टों की संख्या बढ़ा रहे है।

सोमवार को ग्रेटर महापौर सौम्या

■ **इलेक्ट्रिक कांटे पर मिट्टी के कट्टे तोले तो वजन 6 से 10 किलो तक ही निकला**

गुर्जर ने जब मानसरोवर और मालवीय नगर के फ्लड कंट्रोल सेल का औचक दौरा किया तो यह गोरखधंधा खुलकर सामने आया। पिछले दिनों हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने भी बनीपार्क फायर स्टेशन पर यही धांधली पकड़ी थी, ठेकेदार पर कार्रवाई के निर्देश भी महापौर ने दिये, लेकिन बाद में अफसरों के साथ-साथ खुद महापौर ने भी चुप्पी साध ली।

सोमवार को जब ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर भी मानसरोवर फ्लड कंट्रोल सेल पर निरीक्षण करने पहुंची तो वहां रखे मिट्टी के कट्टे देखकर चौंक गई। उन्होंने जब मौके पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों से पूछा कि इन कट्टों में कितनी मिट्टी है तो सभी चुप हो गए और बगलें झांकने लगे।

इसके बाद सौम्या गुर्जर ने इलेक्ट्रिक कांटा मंगवाया और मिट्टी के कट्टे तुलवाये तो वजन देखकर खुद मेयर भी दंग रह गई। फ्लड सैल में भरे रखे मिट्टी के कट्टे साढ़े 6 किलो से लेकर 10 किलो तक वजन के ही निकले। जबकि नियमानुसार एक कट्टे में 25 से 30 किलो तक मिट्टी भरी होनी चाहिए और उसी के आधार पर नगर निगम ठेकेदार को भुगतान करता है। यह धांधली उजागर होने के बाद महापौर सौम्या गुर्जर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए ठेकेदार को नोटिस थमाने को कहा। महापौर सौम्या ने बताया कि ठेकेदार ने गुमराह करने के लिए आगे की लाइन में 15 से 20 किलो तक वजनी मिट्टी के कट्टे रखवा रखे थे। इनके पीछे रखे कट्टों में 5 से 10 किलो ही मिट्टी थी। इसके बाद मालवीय नगर फ्लड सेल पर पहुंचने के बाद जब महापौर ने वहां की स्थिति देखी तो ज्यादा खास नहीं थी। फ्लड कंट्रोल रूम पर वहां के हेल्प लाइन नंबर तक लिखे हुए नहीं थे। उन्होंने अफसरों को बड़े-बड़े अक्षरों में नंबर लिखवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा वहां तैनात कर्मचारियों की उपस्थित और मडपंप, मिट्टी के कट्टों की संख्या व संसाधनों की उपलब्धता भी देखी।



ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने मानसरोवर फ्लड कंट्रोलरूम का औचक निरीक्षण किया तो वहां मात्र 6 किलो वजनी मिट्टी के कट्टे मिले।


## सार-समाचार

### डॉ. अचल शर्मा कार्यवाहक अधीक्षक



**जयपुर** । राज्य सरकार ने सोमवार को एक आदेश जारी कर सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. अचल शर्मा को एसएमएस अस्पताल का कार्यवाहक अधीक्षक नियुक्त किया है। चिकित्सा विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार अग्रिम आदेशों तक डॉ. अचल शर्मा को यह कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि डॉ. शर्मा सवाई मानसिंह अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष है। उल्लेखनीय है कि एसएमएस अस्पताल अधीक्षक के पद पर डॉ विनय मल्होत्रा द्वारा लगातार कार्य करने में असमर्थता दिखाने के कारण राज्य सरकार को यह निर्णय लेना पड़ा। सवाई मानसिंह अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और नियंत्रक डॉ. राजीव बरहगट्टा ने बताया कि डॉ. विनय मल्होत्रा द्वारा बार-बार असमर्थता दिखाए जाने के कारण ही सरकार से आग्रह किया गया था। डॉ. मल्होतरा के पास अभी सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का भी जिम्मा है। वह पेट संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए बनाए गए सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का कार्यभार देखते रहेंगे।

### वैष्णवी शर्मा को पुरस्कृत किया



**जयपुर**, (का.सं)। बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित राजस्थान डीजी फेस्ट 2022 में उद्घाटन सत्र के दौरान भारतीय विद्या भवन की छात्रा वैष्णवी शर्मा को आईटी क्षेत्र में बेहतरीन प्रोजेक्ट के लिये सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राज्य मंत्री ममता भूपेश, चीफ सेक्रेटरी उषा शर्मा की उपस्थिति में डिपार्टमेंट ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एंड कम्युनिकेशन द्वारा प्रदत आईटी स्टार्ट, स्कूल इनोवेशन चैलेंज पुरस्कार से भारतीय विद्या भवन प्रताप नगर जयपुर की छात्रा वैष्णवी शर्मा को सम्मानित किया गया।

### कैंसर अवेयरनेस कैंप लगाया

**जयपुर**, (का.सं.)। रॉटरी क्लब जयपुर राउंड टाउन एवम् एच सी जी कैंसर हॉस्पिटल मानसरोवर के सहयोग से हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर कपिल देव श्योरान ,(सलाहकार सर्जिकल ऑकोलॉजिस्ट) ने कैंसर संबंधित लक्षण की विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस अवसर पर 25 रोटेरियनस की निःशुल्क जांच की गई, जिसमें पुरुषों की पी.एस.ए. एवम् कान की जांच की एवम् महिलाओं की मेमोग्राफी एवम् पैप स्मियर जांचे की गईं। अध्यक्ष रोटेरियन सुनील दत्त गोयल, सचिव रोटेरियन अश्विनी वाधवा, पधाधिकारी रोटेरियन मधुरिमा शर्मा, रोटेरियन चंद्रेश नागर, रोटेरियन अनिल शर्मा, रोटेरियन कमल सामोदिया ने एच.सी.जी. कैंसर हॉस्पिटल के डॉक्टर एवम् अधिकारी श्री कृष्ण कांत गौड़ को पारितोषिक देकर सम्मान व्यक्त किया।

### किशोरियों को उनके अधिकार बताए

**जयपुर**, (का.सं.)। सेवा भारती जयपुर ने महेश नगर स्थित अंबेडकर सेवा बस्ती में महिला समन्वयक अनिल शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलन कर किशोरियों के संपूर्ण विकास, शारीरिक मानसिक ,बौद्धिक, सामाजिक विकास हेतु कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। प्रांत उपाध्यक्ष सुमन बंसल ने किशोरियों को उनके अधिकार के बारे में तथा गुड बैटर समझाया, सेवा भारती के कार्यों को बखान करते हुए योग द्वारा तनाव दूर करने की विधि सिखाई तथा पारंपरिक खेल भी कराएं। स्वर्ण लता दाधीच ने ब्यूटी पार्लर संबंधी जानकारी देते हुए प्राकृतिक वस्तुएं आलू बेसन चावल से किस तरह फेशियल किया जाता है, बताया इसके उपरांत नृत्य के स्टेप सिखा कर उन्हें नृत्य भी कराया। मंच संचालन शालिनी शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अर्चना जिंदल, मंजू भट्ट, अशोक गोयल, जगत नारायण, शिवचरण, कविता, कोमल उपस्थित रहे।

### पेयजल आपूर्ति आंशिक बाधित रहेगी

**जयपुर**, (का.सं.)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बीसलपुर-जयपुर पेयजल परियोजना के बीसलपुर इन्टेक पम्पिंग स्टेशन पर वाल्व (एन.आर.वी.) बदलने तथा सेन्ट्रल पार्क पम्पिंग स्टेशन पर कॉमन हैडर के वाल्व की मरम्मत के कारण 24 अगस्त को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक शट डाउन लिया जाना प्रस्तावित है। इस शट डाउन के दौरान जयपुर शहर एवं मालपुरा, झिराना फीडर (टी.एम.-1 एवं टी.एम.-2) में 24 अगस्त को शाम के समय पेयजल आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार टेंकरों से जल वितरण किया जाएगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता, परियोजना वृत जयपुर (शहर) शुभांशु दीक्षित ने आमजन से अपील की है कि प्रभावित क्षेत्र के लोग समुचित मात्रा में पेयजल का संग्रहण कर के रखें ताकि आंशिक पेयजल आपूर्ति बाधित होने के समय उन्हें परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

### 'राजनैतिक विद्वेष से हटाये हैं पार्षद'

**जयपुर** । ग्रेटर उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने राज्य सरकार द्वारा तीन पार्षदों अजय सिंह चौहान, पारस जैन और शंकर शर्मा को बर्खास्त करने की कार्यवाही को राजनैतिक विद्वेष बताया है। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि एक सामान्य सी घटना को इस तरीके से उपयोग में करना और चुने हुए जनप्रतिनिधि की सदस्यता समाप्त कर देना, यह लोकतंत्र पर गहरा प्रहार है। हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे और अपने साथियों के हक की लडाई भी लड़ेंगे। अंतिम विजय हमारी ही होगी।

### पार्क में किशोरी से दुष्कर्म


**जयपुर** (कासं)। गलता गेट इलाके में एक किशोरी से पार्क में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। थानाधिकारी मुकेश खरड़िया ने बताया इलाके निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दी है। आरोप है 21 अगस्त की रात करीब 3 बजे हारून उसकी 16 वर्षीया बेटी को ग्रीन वैली पार्क ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। उधर मुहाना थाने में 30 वर्षीया महिला ने परिचित सुमन कुमार के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि युवक उसे केसर चौराहे पर ले गया, जहां एक कमरे में उसके साथ दुष्कर्म किया।

# राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्र नेताओं ने किया शक्ति-प्रदर्शन

## नामांकन के बाद रैली निकालकर उडाई आचार संहिता की धज्जियां, जेएलएन मार्ग को दो घंटे तक जाम किया







राजस्थान विवि. में छात्रसंघ चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद एनएसयूआई उम्मीदवार रितु बराला, एबीवीपी के नरेन्द्र यादव और एनएसयूआई की बागी निहारिका ने अपना दमखम दिखाया।

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान विश्वविद्यालय में सोमवार को छात्रसंघ चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक नामांकन दाखिल किया। इसके बाद शुरू हुआ शक्ति-प्रदर्शन का खेल।

एनएसयूआई प्रत्याशी रितु बराला ने ट्रेक्टर पर सवार होकर विश्वविद्यालय कैंपस और इसके बाहर रैली निकाली। वहीं एनएसयूआई की बागी निहारिका भी बाइक चलाकर नामांकन भरने पहुंची, बाद में

■ **छात्रनेता निर्मल चौधरी और पुलिस की झड़प, लाठीचार्ज में एसीपी मुकेश कुमार और कुछ छात्रों का सिर फूटा। बाद में पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए 9 लोगों को गिरफ्तार किया।**

समर्थकों के हुजुम के साथ पैदल चलकर वोट मांगी। वहीं एबीवीपी के अध्यक्ष उम्मीदवार नरेन्द्र यादव भी समर्थक युवाओं के कंधों पर सवार होकर नारेबाजी करते हुए वोट मांगने पहुंची। राजस्थान यूनिवर्सिटी के बाहर इस शक्ति-प्रदर्शन के खेल में आचार संहिता की जमकर धज्जियां उडती नजर आई, लेकिन पुलिस और विश्वविद्यालय प्रशासन मूकदर्शक बना देखता रहा। छात्रनेता निर्मल चौधरी अपने समर्थकों के साथ विश्वविद्यालय कैंपस में जाने की जिद करने लगा तो पुलिस के साथ उसकी झड़प गई।

इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज के दौरान डिप्टी मुकेश चौधरी सहित एक अन्य पुलिस कर्मी का सिर फूट गया। लाठीचार्ज में निर्मल चौधरी और राकेश यादव का भी सिर फूट गया। वहां पर मौजूद एबीवीपी कार्यकर्ताओं को भी गंभीर चोटें आई है। लाठीचार्ज से आक्रोशित एबीवीपी कार्यकर्ता जेएलएन मार्ग पर धरने पर बैठ गए, इससे करीब आधा घंटे तक जेएलएन मार्ग बंद रहा। जेएलएन मार्ग बंद रहने से यहां से गुजरने वाले लोग लम्बे ट्रेफिक जाम में फंस गए। इस पर पुलिस ने जेडीए सर्किल से गांधी सर्किल आने वाले वाहनों को यूनिवर्सिटी मार्ग होते हुए निकाला। राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर हुए लाठीचार्ज के बाद पुलिस ने छात्रसंघ अध्यक्ष प्रत्याशी निर्मल चौधरी समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस इन्हें मानसरोवर थाने लेकर गई।

# अध्यक्ष के लिए 8 और महासचिव के लिए 12 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा

**जयपुर** (कासं)। छात्रसंघ चुनाव में मात्र 4 दिन शेष है। राजस्थान यूनिवर्सिटी में सोमवार को दिनभर नामांकन दाखिल करने वाले छात्र नेताओं और समर्थकों का हुजुम उमड़ता रहा। अध्यक्ष पद पर 8 और महासचिव पद पर 12 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। इन नामांकन पत्रों की जांच और छंटनी के बाद मंगलवार सुबह वैध उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। इसके बाद 11 बजे से दोपहर दो बजे तक नाम वापसी का दौर चलेगा। नाम वापसी के दौर के बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची जारी करके उनके बैलेट नंबर जारी किए जाएंगे।

जानकारी के मुताबिक छात्रसंघ अध्यक्ष पद के लिए 8 प्रत्याशियों ने 10 आवेदन

■ **नामांकन छंटनी के बाद आज सुबह प्रकाशित की होगी वैध उम्मीदवारों की सूची। इसके बाद चलेगा नामांकन वापसी का दौर**

दाखिल किए है। निहारिका जोरवाल और निर्मल चौधरी ने दो-दो नामांकन पत्र भरे है। निर्मल ने एक निर्मल चौधरी के नाम से और दूसरा नामांकन निर्मल के नाम से भरा है। उपाध्यक्ष पद के लिए 7 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए है। महासचिव पद के लिए 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे है, इनमें एबीवीपी के महासचिव प्रत्याशी अरविंद झांझड़ा और तथा अन्य छात्रनेता प्रतान भानू मीण ने दो-दो नामांकन पत्र दाखिल किए है। संयुक्त सचिव पद के लिए एबीवीपी की कृष्णा तंवर और एसएफआई की धारा कुमावत ने नामांकन पत्र भरा है।

इसके साथ ही शोध छात्र प्रतिनधि के लिए 6 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। शोध छात्र प्रतिनिधि के लिए रामस्वरूप ओला, पुष्पेंद्र सिंह और निशा ने दो-दो नामांकन पत्र दाखिल किया है।

जानकारी के मुताबिक अध्यक्ष के लिए नरेंद्र यादव, रितु बराला, निहारिका जोरवाल, निर्मल चौधरी, संजय चौधरी, राजेंद्र गौरा, प्रताप भानु मीणा और हितेश्वर बैरवा ने नामांकन भरा है। उपाध्यक्ष पद के लिए साक्षी शर्मा, अभिषेक मीणा, कमल किशोर बेनिवाल, ट्वींकल शर्मा, अमिषा मीना, निकिता फामरा और मुस्कान शेखावत ने नामांकन दाखिल किया है। महासचिव पद पर अरविंद झांझड़ा, तेजपाल भाटी, अमरदीप परिहार, राजेंद्र चौधरी, रोहिताश कुमार मीणा, संजय चौधरी, अर्जुन कुम्हार, आलोक शर्मा, आकाश मीणा, लेखराज सामोता, प्रताप भानु मीणा और गुलाब मीणा ने पर्चा भरा है। संयुक्त सचिव पद के लिए कृष्णा तंवर और धारा कुमावत ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं शोध छात्र प्रतिनिधिक लिए रामस्वरूप ओला, रिषभ चौधरी, देशराज चेतीवाल, पुष्पेंद्र सिंह, राजेंद्र गावड़िया और निशा ने नामांकन भरा है।

### रणनीति में विफल?

**जयपुर** । राजस्थान यूनिवसिर्टी के छात्रसंघ चुनाव में एनएसयूआई और एबीवीपी दोनों ही संगठन रणनीति बनाने में पूरी तरह से विफल नजर आये। जहां एनएसयूआई नामांकन दाखिल करने के बाद तक पैनल घोषित नहीं कर पाई। सिर्फ अध्यक्ष पद के लिए रितु बराला को ही प्रत्याशी बनाया। महासचिव, उपाध्यक्ष और संयुक्त सचिव पद के लिए अभी तक प्रत्याशी तय नहीं किया गया। एबीवीपी ने नेहा शर्मा को उपाध्यक्ष का टिकट दिया थाा, लेकिन उसकी शैक्षिणक फीस जमा नहीं होने से अब तक उसका एडमिशन नहीं है। आखिरी वक्त में उपाध्यक्ष के लिए दूसरे प्रत्याशी का नामांकन दाखिल किया।

ARBIT it happens here...



## Ride the Wind Day

There's no better feeling than the wind in your hair as you look out at a beautiful horizon. Ride the Wind Day is an excellent opportunity to marvel at all things flying and perhaps take part in some flying yourself. Wind powers movement in many different ways help us travel through air and over water, as well as provide us with energy to use in our homes. Take a trip to an aerospace museum or schedule a parachuting or bungee jumping experience, an airplane ride or similar.



#PHOTO EXHIBITION

## The 'Mahakumbh' of Photography

To mark the 'World Photography Day' on 19 August, a 3-day photography exhibition 'Nazar' was organized at Jawahar Kala Kendra. The exhibition displayed as many as 200 works of over 100 photographers which included administrative officers, photo journalists, professional photographers as well as students.





Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*



*"Photography is a way of feeling, of touching, of loving. What you have caught on film is captured forever… It remembers little things, long after you have forgotten everything."*
***-Aaron Siskind***

The 'long weekend' that recently passed unleashed a wave of inspiration, new perspectives and vigour for shutterbugs in the Pink City, as a 3-day photography exhibition at Jawahar Kala Kendra (JKK) -- 'Nazar' - had on display over 200 photographs of over 100 photographers from 19 August to 21 August. The exhibition, being held as a part of the Jaipur Photo Festival, served as a platform to unite passionate photographers from various walks of life such as administrative officers, photo journalists, professional photographers as well as students.



### Shutterbugs from diverse walks of life unite at Nazar

The pictures on display were clicked by a diverse group of photographers from not just the state but also from across the country. While photography enthusiasts from Jaipur, Jodhpur, Bikaner, Barmer, Sawai Madhopur, Udaipur participated in the show from Rajasthan, people from areas like Jammu, Kashmir, Tamil Nadu and Madhya Pradesh also had their works on display. In the international category, photographs clicked by snappers from Denmark, Muscat and Australia were also a part of the exhibition. Some of the noteworthy names whose photographs were on display included IAS Pawan Arora, Dr Neeraj K Pavwan, IFS Arijit Banerjee and Former State Minister and wildlife enthusiast, Bina Kak.

### Evocative Photographs as well as a vintage camera were crowd pullers

From forests and wildlife to the rich and colourful culture of Rajasthan, from a 22 feet long moustache to the stills from everyday life, the exhibition beautifully captured the multitude of hues of life.

A great attraction at the show was the display of a vintage camera of 1860. Renowned cameraperson, Tikamchand acquainted the visitors with the process of using vintage cameras for clicking photographs. A photograph clicked from this vintage camera was also a part of the exhibits at the exhibition. Detailed workshops with photo journalists Rajdeep Sharma and Suman Sarkar also helped the visitors and amateur photographers to understand the intricacies of the art and science of photography.

The patron of the exhibition, Renuka Kumawat shared that the objective of 'Nazar' Photo Exhibition was to provide a platform for all photographers. It also served as a motivation for photography enthusiasts to take up the art and pursue it with dedication and zeal. More such exhibitions and workshops will also be organized in the future, she informed.



# Gutter Inspector's Report

In the landmark judgment in V. KISHAN RAO v. NIKHIL SUPER SPECIALITY HOSPITAL & ANOTHER (Civil Appeal No. 2641 of 2010), MARCH 8, 2010 their Lordships G.S. SINGHVI AND ASOK KUMAR GANGULY, invoking the doctrine of res ipsa loquitur, had held that the facts of the case and the evidence on record was sufficient to conclude that 'it was a case of simple malaria that was treated for typhoid, resulting in death of the patient'. That no expert opinion or independent medical assistance was needed to conclude the same. The judgment has been relied upon in several cases to conclude similarly. A medical analysis of the evidence on record in the case however reveals the contrary. Facts speak for themselves.



Dr. Shri Gopal Kabra
*Veteran Doctor & Voracious writer on medical affairs*

#NEEM-HAKIM

The famous/notorious book Mother India by Kathrine Mayo in 1927, was a relentless recounting of horrors, overflowing with Mayo's utter contempt for the people of India, their faith, belief, culture and practices.


Mahatma Gandhi opined that it was a 'Gutter inspector's report'.

Recent judgments of Rajathan State Consumer Fora with their utter contempt of medical profession, its faith, belief and practices has a very close parallel.

It was a case of Hirschsprung's Disease. It is congenital condition in which nerve cells responsible for the movement of bowel are absent. This may occur in short or long segment of bowel to be determined by sequential multiple biopsies. Since the effected segment of the bowel does not move the fecal matter has difficulty in getting across it and the feces are retained inside the colon. The new born child is unable to pass stool, gets constipated and his abdomen swells. The only curative and permanent treatment is to remove the diseased segment surgically to bypass the obstruction.

In this case the parents chose not to get the child operated. Consequently, as the child grow the remaining fecal matter keep on increasing, it gets converted into hard fecoliths filling the entire large bowel. At the age of 15, when the boy was admitted in critical condition the abdomen was virtually a septic tank. The associated malnutrition led to severe anemia that could not be corrected even with 20 blood transfusions.

The learned judge's findings recorded in the judgment reveal his abominable ignorance of the medical condition, his arrogance of ignorance and utter contempt of modern medicine. The patient had been treated by a highly qualified and competent pediatric surgeon.




### The learned judge's observations

- "Mareej ke sirf kabj ki bimari thee jo sadharntaya bharatvarsh me kafi vyaktiyon me payee jati hai. Pura mal visarjan nahin hone par vah pet me jama ho jata hai. Iske best chikitsa ayurvedic chikitsak hote hai jo davayion ke jariye mal nikaal dete hai tatha pet saaf kar dete hai yadi yeh mal jyada jama ho to enema laga kar mal nikal diya jata hai."
- "Anaemia ka ilaj iron va vitamins dwara kiya jana chahiye tha. Mareej ko 20 units rakt aadhaan dene ki avashakta hi nahi thi."

In another case of Chorio-Carcinoma of Uterus that had spread out and invaded the urinary bladder. A surgical procedure of Open Abdominal Total Hysterectomy with Bilateral Salpingio-Oopherectomy (removal of diseased uterus with its two tubes and ovaries) was done by a team of three super specialists - a Gynecologist, an Oncosurgeon and a Urologist.

The utter ignorance of the learned judge about the detailed surgical anatomy of ureter and its vulnerability to injury in Hysterectomy, his knowledge base for the judgment in the case, reveals his deep rooted contempt of modern medicine. The arrogance of ignorance is too patent to be ignored. His expert observations:-

- Ureter pet ka ek organ hai jo kidney se bladder tak urine pahunchata hai. Yah do kidney ke hisab se do hote hai. Ek right kidney ka ek left kidney ka. Yah sab kam right kidney right bladder se sambhandhit hai. Ureter ek prakar ki nalki (tube) hoti hai jo chiknee peshee tantu se bani hoti hai. Uski lambai 25 se 30 centimetre yani 10 se 12 inch tak hoti hai tatha iski motai 3 se 4 mm yani 0.12 se 0.16 inch tak moti hoti hai. Andar ka jo bhaag jiske jariye urine jata hai uski motai patang udaane vale majhe jitani hoti hai. Is se chhed chhaad karne par chipkne ka khatara rahta hai, puncture hone ka khatara rahta hai.

And the learned judge had the audacity to advice on the basis of this 'medical knowledge', the three well qualified and trained super specialists, how the surgery should have been performed to avoid injury to the ureter.

- Operation ke baad urology se sambandhit samasya aayi.
- Bachedani bahut badi thi tatha bladder ureter aadi chipke huye the.
- Bladder ureter aadi chipke huye the jisko pahle alag karna tha uske baad bachedani nikalni thi.
- Ureter alag to kiya parantu uska ilaaj nahi kiya gaya, na to dye daal kar yah test kiya gaya ki ureter sahi kaam kar rahi hai ya nahi.
- Doctor ka farj tha ki dye ke jariye ukt ureter ke test kar leta ki vah sahi kam kar rah ya nahi? Yadi vah kisi bhag par pichak rahi hai to us sthaan par stent daalna chahiye ta ki pichak na sake. Parantu doctor ne aisa nahi kiya sirf bahar se dekh liya ki ureter ko kshati nahi pahunchi, yadi bahar se leak ho jata to peshaab apne aap us surakh ke jariye bahaar aana shuru ho jata tatha khulkar yah pata chal jata tatha jo kidney kharab hone me 6 mahine me pata chala vah kaharb nahi hoti.
- Ureter ka upchar ho jata is liye leak hone ka prashn hi utpann nahi hota.

As the urinary bladder was open the urologist in the team had verified the integrity of ureters by threading catheters through their visible openings and flushing them with water.

The learned judge's dictate that he should have used a 'dye' and put a 'stent' only shows arrogant contempt for the competence of a qualified and trained urologist in modern medicine.

It is such contempt for the people of India in Mayo's report that prompted Gandhi to call it a gutter inspectors report.



Choriocarcinoma.

> **'Cardio-respiratory arrest' is not a cause of death. It is a mode of death. No one dies without his heart and respiration stopping. 'Simple malaria' does not kill anybody.**


### Supreme Injustice

Res ipsa loquitur – the thing speaks for itself.

In the landmark judgment in V. KISHAN RAO v. NIKHIL SUPER SPECIALITY HOSPITAL & ANOTHER (Civil Appeal No. 2641 of 2010), MARCH 8, 2010 their Lordships G.S. SINGHVI AND ASOK KUMAR GANGULY, invoking the doctrine of res ipsa loquitur, had held that the facts of the case and the evidence on record was sufficient to conclude that 'it was a case of simple malaria that was treated for typhoid, resulting in death of the patient'. That no expert opinion or independent medical assistance was needed to conclude the same.

The judgment has been relied upon in several cases to conclude similarly.

A medical analysis of the evidence on record in the case however reveals the contrary. Facts speak for themselves.





### A. Court's Observations

- Patient admitted for intermittent fever with chills and rigor.
- Peripheral blood film examination at the time of getting admitted in the hospital initially was negative for malarial parasite.
- Later examination revealed presence of Plasmodium Falciparum.
- It was a simple case of malaria.

**Medical interpretation:**

- Detection of malarial parasites in peripheral blood needs repeated examinations. In case of P Falciparum, whence the parasitized RBCs are incarcerated or sequestered in microvasculature, as it occurs in Cerebral Malaria caused by P Falciparum, it is not visible in peripheral blood and requires repeated examinations of peripheral blood to catch them in appropriate cycle of P Falciparum.
- The detection of P Falciparum on later examination in a comatose patient having ARDS, the infection was most likely to be Cerebral Malaria.

### B. Courts observation/finding

- Patient was a simple case of malaria.

**Medical interpretation of the record:**

- A P Falciparum positive patient with total leukocyte count of 30900/cumm) with ARDS (Acute respiratory syndrome) was not a 'simple case of malaria'.



> The first two, Monocef and Cifran are broad spectrum antibiotics that are used to treat wide spectrum of bacterial infections including Typhoid bacillus. In acute conditions a combination of broad spectrum antibiotics are used to cover all possible life threatening bacterial infections.

**Evidence on record:**

- Smear for MP-Positive-ring forms & Gametocytes of P Falciparum seen Positive index-2-3/100 RBCS, deranged prothrombin levels (PT-TEST-22 sec CONTROL-13 sec, APTT-TEST-92 sec CONTROL-38 sec), CBP-HB-3.8% gms, TLC-30.900/cumm, RBC-1.2/cumm, C X R - s/o ARDS.
- Raised leukocyte count of over 30 thousand shows that the patient simultaneously suffered from severe bacterial infection.
- The patient suffered from life threatening bacterial infection and cerebral malaria, a deadly combination.
- This is substantiated by the treatment of the patient with broad spectrum antibacterial antibiotics and injectadble chloroquine, as documented in the records available.

### C. Relied by the court for cause of death of patient

- Cause of Death certificate: 'Cardio respiratory arrest - malaria'.

**Medical interpretation:**

- It is grossly improper Cause of Death Certificate as -
- 'Cardio-respiratory arrest' is not a cause of death. It is a mode of death. No one dies without his heart and respiration stopping.
- 'Simple malaria' does not kill.
- With the evidence available to the certifying doctor the cause of death certificate should have been evaluated.
- **Underlying condition (cause):** Septicaemic shock and ARDS
- **Antecedent conditions:** Severe bacterial infection and cerebral Malaria.
- A vital legal document executed incorrectly in such a casual manner. Had a proper cause of death certificate been executed on the basis of patient's record made available to the court they would not have come to the conclusion that the patient died because a 'simple case of malaria was treated for typhoid'.

### D. Court's observation/findings

- Patient treated for Typhoid and not for malaria.

**Medical evidence:**

- Patient was treated with -
- INJ MONOCEF.
- INJ CIFRAN.
- INJ CHOLROQUINE.
- The first two, Monocef and Cifran are broad spectrum antibiotics that used to treat wide spectrum of bacterial infections including Typhoid bacillus. In acute conditions a combination of broad spectrum antibiotics are used to cover all possible life threatening bacterial infections pending identification of specific microorganism.
- Simultaneously, the patient is covered for possible malarial infection.
- Injectable Chloroquine is a standard antimalarial drug against P Falciparum malaria.
- The conclusion of the Hon'ble court that the patient was exclusively treated for typhoid is contrary to the available evidence on record. Same is true for the inference that patient was not treated for malaria.
- This was based on the lack of proper appreciation, interpretation and understanding of the medical evidence on record. The medical evidence of severe bacterial infection, septicemia, ARDS and cerebral malaria were too complex to be interpreted by lay persons without the availability of medical expertise. The court's decision that no such assistance was needed or called for is what has resulted into gross injustice, medically speaking.


The conclusion of the Hon'ble court that it was a straight forward case of medical negligence, evident on the face of it (a case of 'malaria' treated for 'typhoid') on the basis of lay interpretation of the treatment of complex medical conditions is presumptuous to say the least.

writetoarbit@rashtradoot.com

*It was supreme injustice to the medical profession. The medical evidence on record speaks for itself.*
*Director Legal and Medical Audit SDM Hospital, Jaipur*

#PET-CARE

## More Dogs Diagnosed With Diabetes



Mirroring a finding in humans, diabetes diagnoses in dogs are significantly more likely to occur in the winter and in the northern US compared to any other season or region, a new study shows.

For the study in PLOS ONE, researchers looked at 960 pet dogs with diabetes mellitus living across the United States. Though the findings don't explain the underlying cause of this correlation the link with cold weather hints at future possibilities to pursue.

"This link is something that has been discussed in regard to humans with type 1 diabetes, but it's never been rigorously looked at in dogs," says Rebecka Hess, a professor of internal medicine in the University of Pennsylvania School of Veterinary Medicine, and senior author of the study.

"It's important to explore because dogs and people live in the same world. If the environment - cold temperatures and seasonality - are important in this disease in both species, it gives us something to look at with further research."

To investigate the relationships between geography, seasonality and diabetes, Hess and Penn Vet colleagues recruited dogs with the condition from across the US, reaching out to all of the nation's veterinary schools, the American Kennel Club and breed clubs, leveraging social media to gain the broadest sample possible.

Owners filled out surveys about their pets including their dog's age, date and age at the time of diabetes diagnosis and state of residence.

For 669 dogs, the date of diabetes diagnosis was known. Of those 33% were diagnosed in the winter compared to 24% in the spring, 24% in the summer and 19% in the fall.

When the researchers looked at geographic regions of the US, the North stood out with 46% of diagnoses occurring in dogs of this region compared to 27% in the South, 15% in the central US, and 12% in the West. This is despite the fact that many more dogs - more than 31 million - reside in the South compared to about 24 million in the North and about 13 million each in the central and West regions.

"To be honest I was surprised we found this connection even though it had been hinted at before. I was always skeptical of the data," says Hess. "But when I saw our results it was quite clear. The findings were strengthened by the fact that diabetes diagnoses were more prevalent in both the winter and the North. Results would have been more difficult to interpret if, for example, we had found increased prevalence in the winter but also in the South."

> "I was surprised we found this connection, even though it had been hinted at before."



Of the dogs in the study 3% developed diabetes before they were 1 year old. Like the diagnoses made in adulthood these juvenile onset cases were also more common in colder months and in the North but did not correlate to any particular breed, the researchers say.


Hypotheses about the connection between colder and more northerly climates and diabetes diagnoses in humans include links to vitamin D deficiency, diet, lifestyle and viral infections. In dogs the diet connection seems unlikely.

In addition she says, overweight and obese dogs aren't at higher risk of developing diabetes so a connection with exercise or lack thereof seems unlikely.

In Hess' view, the culprits are more likely to involve how the body processes either vitamin D or insulin. In human studies, lower levels of vitamin D have been connected with an increased likelihood of diabetes. And lower temperatures lead to declines in insulin sensitivity. Hess also says some researchers have floated a connection to a viral infection that may be more prevalent in cold weather.

"Given the close relationship between humans and dogs, and the parallels we see when it comes to diabetes it behooves us to look."

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कोटा बैराज के 14 गेटों को खोलकर की 340000 क्यूसेक पानी की निकासी

## चंद्रलोई नदी में भारी मात्रा में पानी आने से कैथून कस्बा दो हिस्सों में बंटा



कोटा क्षेत्र के निचले इलाकों में बारिश का पानी भर गया।

■ कई इलाकों में पानी भरा, प्रशासन ने रेस्क्यू किया

**कोटा,** (निसं)। संभाग में रविवार शाम से हुई तेज बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। निचले इलाकों में बारिश का पानी भर गया है। रविवार रात से ही लगातार बारिश हो रही है। इसके चलते आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कोटा और बूंदी कलेक्टर ने भी जिले के सरकारी और निजी स्कूल में अवकाश घोषित कर दिया है। इसके साथ ही कोचिंग संस्थानों ने भी अपनी कक्षाएं सोमवार के लिए स्थगित कर दी हैं। जिसके बाद सभी छात्रों को हिदायत दी है कि हॉस्टल से बाहर नहीं निकलें।


कोटा से गुजर रहे प्रमुख मार्ग भी बाधित हो गए हैं। इनमें कोटा-सांगोद और कोटा ग्वालियर, सवाईमाधोपुर, श्योपुर शामिल हैं । शहर के जवाहर नगर नाले का पानी भी ओवरफ्लो हो गया । तलवंडी और जवाहर इलाके में मकानों में घुस गया। इसके साथ ही जवाहर नगर मेन रोड पर भी दुकानों में पानी प्रवेश कर गया। अभी भी लगातार बारिश का क्रम जारी है। जिले में करीब 15 घंटों में करीब 9 इंच बारिश हुई है। बोरखेडा, रायपुरा, देवली अरब रोड, अनंतपुरा सहित कई इलाकों में जलभराव की स्थिति हो गई है। सैकडों की संख्या में कॉलोनियों में पानी भर गया है। जिससे हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। ऐसे में निचले इलाकों में रेस्क्यू भी नगर निगम की टीम शुरू कर सकती है। कुछ समय में ही नगर निगम की गोताखोर और रेस्क्यू टीम नाव इन इलाकों में चला सकती है। इसके अलावा आरएसी और एसडीआरएफ की मदद भी ली जा सकती है। कुछ कच्चे मकान भी कच्ची बस्तियों में गिरे हैं। मौसम विभाग ने कोटा संभाग में 21 और 22 अगस्त के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। जिसमें हिदायत दी थी कि कोटा में 115 से 205 मिलीलीटर बारिश तक की बारिश हो सकती है।

चंद्रलोई नदी में भी भारी मात्रा में पानी की आवक हो रही है। कैथून कस्बे को इस नदी ने दो हिस्सों में बांट दिया है। कस्बे के बीच से गुजर रही नदी के पुलिया पर साढ़े तीन फीट पानी है। जिसके चलते कोटा सांगोद मार्ग पर भी आवागमन बाधित हो गया है। साथ ही इस नदी के आसपास की सैकड़ों बस्तियां जलमग्न हो गई हैं।

**कोटा बैराज के 14 गेट खोले:-** गांधी सागर बांध से भी लगातार पानी छोडा जा रहा है। इसके साथ ही लोकल इनफ्लो भी चंबल नदी में बढ़ गया है जिसके चलते कोटा बैराज के 14 गेटों को खोलकर 340000 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही। प्रशासन ने एहतियातन तौर पर निचली बस्तियों में लोगों को निकालने के लिए निर्देशित किया है। वहां पर नगर निगम की टीम ने मुनादी भी की है. जिससे मथुराधीशजी के घाट के पास देवस्थान व घाट, जामा मस्जिद के पास नाले वाली मस्जिद की गोलाकार दीवार, शवदाह घाट, कर्बला क्षेत्र तक, राज्य पथ परिवहन अड्डे के पास पुलिया के पास तेज पानी आने की संभावना रहेगी।

# बिना अनुमति के बाजार में रोड शो निकालते पांच गिरफ्तार

## खुद एसपी ने की कार्यवाही, 10 वाहन भी किए जब्त



धौलपुर एसपी ने एबीवीपी व एनएसयूआई समर्थकों को गिरफ्तार किया।

**धौलपुर,** (निस)। छात्र संघ चुनाव को लेकर एनएसयूआई और एबीवीपी के प्रत्याशी तथा उनके समर्थकों को नियमों का उल्लंघन करने पर सोमवार दोपहर को भारी पड़ गया। इसे लेकर खुद धौलपुर एसपी धर्मेंद्र सिंह ने कार्यवाही करते हुए 5 जनों को गिरफ्तार कर लिया, वही 10 वाहनों को जप्त किया है।

राजकीय महाविद्यालय धौलपुर के एबीवीपी के छात्रसंघ अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सूरज कंसाना वाहनों के काफिले और अपने समर्थकों के साथ बाजार में रोड शो निकाल रहा था। रोड शो जैसे ही गुलाब बाग चौराहे से वाटर बॉक्स की तरफ आगे बढ़ा तो एसपी धर्मेंद्र सिंह को इसकी सूचना मिली। जिस पर खुद एसपी मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस फोर्स को बिना अनुमति के रोड शो निकाल रहे प्रत्याशी एवं उसके समर्थकों को गिरफ्तार करने तथा वाहनों को जब्त करने के निर्देश दिए। इससे रोड शो में शामिल युवा मौके से भाग गए। हालांकि इस दौरान पुलिस ने कुछ युवाओं को गिरफ्तार कर लिया ।

एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि बिना अनुमति के रोड शो निकालने पर 10 वाहनों को जप्त किया गया है, वही कॉलेज परिसर में चुनाव प्रचार के दौरान घूम रहे 5 बाहरी युवाओं को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी ने बताया कि इस दौरान दीपक पुत्र भूप सिंह गुर्जर उम्र 24 साल निवासी बडागांव मनिया, विनोद पुत्र विपतीराम गौड उम्र 32 साल निवासी गुर्जर कोलोनी मनिया, धर्मेन्द्र सिंह पुत्र जगदीश गुर्जर उम्र 19 साल निवासी भमरौली थाना सदर धौलपुर, जीतेन्द्र सिंह पुत्र रामेश्वर गुर्जर उम्र 25 साल निवासी भानपुर थाना सरायछोला मुरैना व पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

# पुष्कर सरोवर में श्रद्धालु की डूबने से मौत

■ रविवार को भी एक श्रद्धालु डूबकर मर गया था

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर सरोवर में सोमवार को फिर एक बार दर्दनाक हादसा हो गया। ब्रह्म घाट में डूबने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सोमवार सुबह मध्य प्रदेश से आए श्रद्धालु सारंगपुर जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश निवासी उदित कलजोरिया पुत्र देवेंद्र 20 वर्ष अपने दादा प्रेमाराम के साथ यात्रा करने बस के द्वारा पुष्कर आए थे लेकिन सोमवार की सुबह ब्रह्म घाट पर स्नान करने के दौरान उदित गहरे पानी में चला गया जिसकी भनक साथ वालों को भी कुछ देर बाद लगी साथ वालों ने कहा कि उदित कब गहराई में चला गया मालूम नहीं चला।

जब साथ वाले जाने लगे तब उसकी सुध ली तब मालूम चला कि युवक डूब गया है। सभी लोग जोर जोर से डूबने पर चिल्लाने लगे। इसके उपरांत मौके पर तैनात सिविल डिफेंस टीम के रेस्क्यूर किशन गोपाल जाट ने तुरंत पानी मे छलांग लगाकर दो मिनट में निकाल लिया और दस मिनट तक सीपीआर देकर बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन समय ज्यादा होने के कारण युवक को होश नहीं आया। सिविल डिफेंस के सुनील उपाध्याय, अमरचंद सांखला व पुलिस प्रशासन के हेमाराम, पुरोहित संघ के स्टाफ की मदद से ब्रह्म घाट के बाहर पुलिस जीप में डालकर हॉस्पिटल भेजा जंहा पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे अनुसंधान कर रही है।

पुष्कर में लगातार हो रही डूबने की घटना के बाद स्थानीय लोगों ओर यात्रियों में भारी रोष व्याप्त है। सोशल मीडिया में प्रशासन की किरकिरी होने के बाद अजमेर के जिला कलेक्टर अंशदीप पुष्कर पहुंचे और यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। हालांकि कलेक्टर ने पहले भी जायजा ले लिया है लेकिन व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ। तीर्थ पुरोहितों ने कलेक्टर को बताया कि पुष्कर की व्यवस्थाओं को तुरंत सुधारे। इसके पूर्व भी कलेक्टर को बताया था लेकिन कोई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ है। हालांकि जिला कलेक्टर बार-बार दौरा करते हैं लेकिन सुधार नहीं है।

# प्राध्यापक परीक्षा के अभ्यर्थी कर सकेंगे संशोधन

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए प्राध्यापक प्रतियोगी परीक्षा 2022 का आयोजन अक्टूबर माह के द्वितीय सप्ताह से चतुर्थ सप्ताह तक करवाया जाना है। इस परीक्षा में आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को बुधवार से ऑनलाइन संशोधन का अवसर दिया है। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि 24 अगस्त से 2 सितम्बर 2022 तक अभ्यर्थी का नाम, फोटो, पिता का नाम, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त सभी प्रकार के संशोधन ऑनलाइन किये जा सकेंगे। ऑफलाइन संशोधन स्वीकार नहीं किये जायेंगें। ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधा मात्र है। परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तों के अनुरूप ही संशोधन मान्य होंगे।

# दवा और उपचार के साथ-साथ पशुपालकों की जागरुकता बेहद जरूरी

■ लम्पी रोग से जागरुकता के लिए प्रचार वाहन रवाना ग्रामीण क्षेत्रों में होगा प्रचार-प्रसार

**चूरू,** (कासं)। मवेशियों में फैल रहे लंपी रोग से बचाव एवं नियंत्रण की दिशा में आमजन की जागरुकता के लिए सोमवार को जिला प्रशासन तथा सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय की ओर से प्रचार वाहन रवाना किए गए।

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ अशोक शर्मा, कृषि उपनिदेशक डॉ दीपक कपिला, जिला गौशाला प्रभारी डॉ. निरंजन चिरानियां एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक कुमार अजय ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक कुमार अजय ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार प्रभावित क्षेत्र में जागरुकता गतिविधियां की जा रही हैं। विभिन्न माध्यमों से पशुपालकों को जागरुक किया जा रहा है। प्रचार वाहन विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरुक करेंगे और जागरुकता पैंफलेट वितरित करेंगे। इस मौके पर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ अशोक शर्मा ने कहा कि दवा एवं उपचार के साथ.साथ पशुपालकों में जागरुकता भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिले में लंपी से बचावए उपचार के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं और स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने पशुपालकों से अनुरोध किया है कि पशुओं में रोग के प्रारंभिक लक्षण दिखाई देने पर रोगी पशुओं को अन्य स्वस्थ पशुओं से अलग करें। रोगी पशुओं के उपचार के लिए नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क करें। पशु बाड़े में कीटनाशक दवा का छिड़काव करें। मृत पशु के शव का निस्तारण वैज्ञानिक विधि से ही करें। इसके लिए 1.5 मीटर की गहराई की गड्ढा खोदकर मृत पशु के शव पर चूना व नमक डालकर दफना दें। पशु बाड़े में नियमित रूप से साफ-सफाई एवं हवा व रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था रखें। उन्होंने कहा कि संक्रमित क्षेत्रों में गोट पॉक्स का टीका नहीं लगवाएं। रोगी पशुओं को खिलाने.पिलाने के बाद बचे हुए चारा.दाना व पानी को अन्य स्वस्थ पशुओं को नहीं खिलाएं-पिलाएं। स्वस्थ एवं रोगी पशुओं को चारा-दाना एवं पानी साथ-साथ न दें। स्वस्थ पशुओं से पहले रोगी पशुओं के दैनिक कार्य न करें।

रोग प्रकोप के दौरान पशुओं का क्रय-विक्रय नहीं करें। पशु बाड़े में पशुओं के गोबर व मूत्र को एकत्रित नहीं रखें। उन्होंने कहा कि पशु को तेज बुखार, त्वचा में सूजन व मोटी-मोटी गांठें, चारा खाने में परेशानी, कमजोरी व दूध उत्पादन में कमी इस रोग के लक्षण हैं। लक्षण सामने आने पर लापरवाही नहीं बरतें। इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के जसवंत सिंह, विक्रम सिंह, रामचंद्र गोयल, बजरंग मीणा, संजय गोयल, विजय रक्षक आदि मौजूद थे।

# बाढ़ प्रभावित 80 गांवों में रेड अलर्ट जारी

**धौलपुर,** (निस)। कोटा बैराज से अत्यधिक पानी छोड़े जाने के कारण चम्बल नदी में बढ़ते जल स्तर को देखते हुए जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल ने अधिकारियों को आवश्यक राहत व बचाव सम्बंधी तैयारियों के साथ मुस्तैद रहने के निर्देश दिए है।

उन्होंने बताया कि अधिशाषी अभियन्ता निचली यमुना मण्डल केन्द्र जल आयोग आगरा द्वारा अवगत कराया कि चम्बल नदी का जल स्तर आज रात तक 136 मीटर पहुंचने की संभावना है। जोकि सुबह तक बढ़ कर 140 मीटर तक हो सकता हैं। कोटा बैराज के 16 गेट खोलकर 4 लाख 83 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की गई है। इस पानी की निकासी से चम्बल नदी में जल स्तर बढ़ने से सरमथुरा, बाड़ी, धौलपुर, राजाखेड़ा के करीब 80 से अधिक गांवों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को बाढ़ संभावित निचले क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए वहाँ रहने वाले निवासियों एवं पशुओं को तत्काल सुरक्षित स्थल तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उनकी भोजन व अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# शहर की दुर्दशा को लेकर धरने पर बैठे लोग

**चूरू,** (कासं)। शहर में सड़कों, नालियों, साफ-सफाई व रोशनी की माकूल व्यवस्था किये जाने की मांग को लेकर आमजन ने धरना देकर नगर परिषद के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। चूरू के आम ओ आवाम ने शहर की स्थिति से तंग आकर मुख्य बाजार गढ़ के आगे आकर धरना दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग को ज्ञापन दिया। सोमवार को दिए गए ज्ञापन में चूरू की जनता ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि शहर की सड़कों की हालत आज इस कदर खराब हो गयी कि उन पर वाहन तो क्या पैदल चल पाना दूभर हो गया। सुभाष चौक , चांदनी चौक, स्टेशन रोड, पुराना बस अड्डा सभी के हालत खराब है। चांदनी चौक से बुटियां रोड़ तक गन्दा पानी फैला हुआ है। जहाँ से निकल पाना मुश्किल है।

इसी तरह से पीडब्लूयूडी रेस्ट हाउस के पास बारिश में पानी इस कदर जमा हो गया जहाँ से निकल पाना मुश्किल हो गया। मजे की बात यह है कि एक बार पानी जमा हो जाने के बाद उसे निकलवाने की कोई कवायद नही होती। आखिर में वो पानी कीचड़ का रूप ले लेता है। जिससे वातावरण दुर्घन्ध युक्त हो जाता है। इसी तरह से पंचायत समिति के सामने सीवरेज के लीकेज को एक महीने से अधिक हो गया। जिसका सारा गन्दा पानी आवासन मंडल कार्यालय के परिसर में डाल गया। उस लीकेज को ठीक करवाने के लिए भी कॉलोनी वालो को 5 नम्बर रोड़ जाम कर धरना देना पड़ा। लीकेज ठीक हो गया लेकीन आज तक क्षतिग्रस्त सड़क और गड्ढे को दुरुस्त नही किया गया। प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। ज्ञात रहे पंचायत समिति के सामने से सैंकड़ो वाहन रात दिन गुजरते है कभी भी कोई हादसा घटित हो सकता है। पंखे चौराहे से लेकर आपणी योजना तक लगी लाइट कभी जलती है कभी नही जलती। इन्होंने ज्ञापन में बताया कि शहर में साफ सफाई का नामोनिशान नही है। कही पर भी गन्दगी देखने को मिल जाएगी। आम जनता ने बताया कि यहाँ पर कांग्रेस का बोर्ड है लेकिन शहर का कोई धनी धोरी नही है। चूरू की जनता ने मुख्यमंत्री से पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि यहाँ की जनता राजनेताओं के चक्कर में फंस गयी। जिसका कोई इलाज नही। यहाँ के नेताओ को बहुत नजदीक से देखा है लेकिन आप प्रदेश के मुख्यमंत्री हो। विवेकपूर्ण निर्णय लेकर यहाँ की जनता को राहत दिलवाये। जिससे शहर के हालत सुधर सके। इस दौरान धरने पर जनता ने नारेबाजी कर विरोध जताया। धरने पर सत्यनारायण सोनी पूर्व पार्षद, विजय कृष्ण बजाज, दीनदयाल, लालचंद, ओमप्रकाश, मंगल, सुरेश, गणेश, सोनू, सलीम, मोहम्मद तौफीक, मोहनलाल आदि सैकड़ो की तादाद में लोग जमा हो गए।

# सड़क हादसे में पति-पत्नी और दो बच्चों की मौत

**सुजानगढ़,** (नि.स.)। राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर सालासर-फतेहपुर के बीच बाटडा नाऊ के पास ट्रैलर-डिजायर कार की टक्कर में पति-पत्नी व उनके दो बच्चों की दर्दनाक मृत्यु हो गई।

दोनों वाहनों की टक्कर इतनी तेज थी कि हादसे में कार चकनाचूर हो गई तथा हादसे में दम्पति की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं उनके दोनों बच्चों को ग्रामीण सालासर के राजकीय अस्पताल लेकर पंहूचे, लेकिन उन्हे भी बचाया नहीं जा सका। हादसे के बाद टैलर चालक व खलासी मौके से फरार हो गए। लक्ष्मणगढ पुलिस ने बताया कि मृतक के बडे भाई राजवीरसिंह ने रिपोर्ट दी कि उसका छोटा भाई कर्मवीर पुत्र रणवीर उम्र 32 वर्ष जाति जाट निवासी गली नम्बर 4, आजाद नगर, राजगढ रोड हिसार व उसकी पत्नि रेनू उम्र 28 वर्ष, उनकी पुत्री प्राची उम्र 2 वर्ष व मेरा पुत्र यश जिसकी उम्र 9 वर्ष जो सोमवार सुबह करीब 5 बजे डिजायर कार में सवार होकर अपने घर से सालासर बालाजी के दर्शन करने के लिए रवाना हुए थे। करीब साढे 8 बजे उनके पास फोन आया कि आपके भाई की गाडी एक्सीडेन्ट हो गई है, उनको चोटें आई है।

# पालिका चेयरमैन के पुत्र के घर चोरी

■ दो लाख के जेवरात और नगदी पार

**महुवा,** (निस)। महुवा में चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि उन्होंने नगर पालिका चेयरमैन के पुत्र को भी नहीं बख्शा जहां बीती रात चोर उनके घर से नगदी व जेवरात पार कर ले गए। लेकिन पुलिस उन तक पहुंचने में पहुंचने में नाकाम साबित हुई है । जानकारी के अनुसार बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने गुर्जर मोहल्ले में नगर पालिका चेयरमैन नर्मदा देवी गुर्जर के पुत्र तुलसीराम गुर्जर के घर में सेंधमारी करते हुए 50 हजार नगद सोने, चांदी के जेवरात सहित लगभग दो लाख का माल ले जाने में कामयाब हो गए। कस्बे वासियों ने उनका पीछा किया लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी।

मामले को लेकर सोमवार सुबह नगर पालिका चेयरमैन के नेतृत्व में दर्जनों लोग थाने पहुंचे और चोरी की घटनाओं को लेकर विरोध दर्ज करवाया। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों के हाथों में लोहे के सरिए थे। लोगों ने उनका पीछा किया, लेकिन वह भागने में सफल हो गए। गुर्जर मोहल्ले में अब से पहले भी चोरी की तीन बड़ी वारदातें घटित हो चुकी हैं। बावजूद इसके पुलिस किसी की चोरी की वारदात का खुलासा करने में असफल रही है। जिसे लेकर लोगों में गहरा रोष व्याप्त है।

# सीसीआरटी भवन का लोकार्पण किया

**उदयपुर,** (कासं)। सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) क्षेत्रीय केंद्र, उदयपुर के नव निर्माणाधीन भवन के प्रशासनिक प्रखण्ड का उद्घाटन व लोकार्पण केन्द्रीय संस्कृति एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने सोमवार को किया।

शिल्पग्राम के समीप नवनिर्मित भवन के प्रशासनिक प्रखंड के लोकार्पण समारोह में नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया, उदयपुर सांसद अर्जुनलाल मीणा, चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी, राजसमंद सांसद दीया कुमारी, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, सीसीआरटी नई दिल्ली की अध्यक्ष हेमलता एस. मोहन व बड़ी ग्राम पंचायत के सरपंच मदन पंडित बतौर अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री मेघवाल व अन्य अतिथियों द्वारा प्रांगण में मोलश्री के पौधों का रोपण किया गया। केन्द्रीय मंत्री मेघवाल द्वारा भवन का फीता काटकर व लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर विधिवत लोकार्पण किया।

मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अपने उद्बोधन में भारत सरकार द्वारा भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी । संस्कृति मंत्रालय अधीन सीसीआरटी द्वारा शिक्षा के साथ संस्कृति को जोडने हेतु किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि अब इस नये भवन में सुदृढ़ व सुविधापूर्ण व्यवस्थाओं के साथ में क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा और बेहतर तरीकों से कार्य किया जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया ने सीसीआरटी के इस नये भवन के संदर्भ में सबको बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही विद्यार्थियों के अंदर संस्कृति व संस्कार को बेहतर तरीके से जोड़ा जा सकता है । उन्होंने कहा कि इतिहास में महान भारतीय संस्कृति को बचाने के लिये ही मेवाड़ की धरा पर कईयों ने बलिदान दिया है।

इस मौके पर अतिथियों ने भवन में ही राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हवाला खुर्द व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ी के 150 विद्यार्थियों को सीसीआरटी द्वारा दी जा रही मृण शिल्प, पेपर क्राफ्ट व बांधनी शिल्प के प्रशिक्षण व उनके द्वारा तैयार किये गये शिल्प के नमूनों का अवलोकन किया व विद्यार्थियों से संवाद भी किया। राजस्थानी लोक संगीत कलाकार भुगरा खान मांगणियार व समूह द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति से समां बांध दिया। समारोह में अतिथियों द्वारा सीसीआरटी द्वारा प्रकाशित 'सांझी संस्कृति के निर्माता' श्रृंखला की तीन न पुस्तकों का विमोचन भी किया गया।


# चोरों ने बैंक शाखा के ताले तोड़े

**सपोटरा,** (नि.स.) उपखंड की ग्राम पंचायत अमरगढ़ स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा परिसर में देर रात्रि को अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सूचना मिलने पर बैंक शाखा प्रबंधक नमो नारायण मीणा जब शाखा परिसर में पहुंचे तो देखा कि चोरों के द्वारा शाखा परिसर की छत के रास्ते पर लगे हुए लोहे के दरवाजे को तोड़ने के बाद चैनल गेट के ताले को तोड़कर घटना को अंजाम दिया गया था। चोरी की घटना की सूचना शाखा प्रबंधक के द्वारा सपोटरा पुलिस थाने पर दी गई।

सूचना मिलने पर सपोटरा पुलिस थाने से एएसआई महेंद्र सिंह, हैड कांस्टेबल हरिमोहन, कांस्टेबल सोमवीर पुनिया टीम के साथ बैंक शाखा परिसर अमरगढ़ पहुंचे और घटना की जानकारी जुटाने के बाद शाखा परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को देखा। लेकिन शाखा परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे नाइट विजन क्वालिटी के नहीं होने के कारण अंधेरे में कुछ भी स्पष्ट नहीं दिख रहा था और बैंक शाखा की ओर से सुरक्षा के लिए रात्रि में गार्ड की व्यवस्था भी नहीं की हुई थी। शाखा प्रबंधक नमोनारायण मीणा ने बताया कि चोरों के द्वारा बैंक शाखा में फाइलों की हेराफेरी करने के साथ बैंक शाखा में रखें रुपयों को ले जाने का प्रयास किया गया लेकिन चोर सफल नहीं हो सके।चोरी की घटना से बैंक शाखा के उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया है।

# फतहसागर, पिछोला व उदयसागर में पानी की आवक जारी

## जयपुर के फ्लड सेल द्वारा ऑरेंज अलर्ट जारी करने के बाद भी लेकसिटी में सिर्फ बूंदाबांदी



उदयपुर की उदयसागर झील के गेट सोमवार को भी तीन-तीन फिट खुले रहे।

**उदयपुर,** (कासं)। जयपुर के फ्लड सेल द्वारा उदयपुर में ऑरेंज अलर्ट के बीच भारी बारिश की चेतावनी जताई जारी की थी लेकिन पूरा दिन बारिश के इंतजार व कुछ मिनट बूंदाबांदी के बीच ही बीच गया। दोपहर में छाए बादलों के साथ ही शहर के दिन के तापमान में ढाई डिग्री की गिरावट हुई है।

लेकसिटी की प्रमुख झीलें फतहसागर, पीछोला व उदयसागर में अब भी आवक जारी है। सीसारमा नदी से पीछोला में हो रही आवक के चलते स्वरूपसागर के दो गेट अब भी एक-एक फीट खुले हुए है। उदयसागर के दोनों गेट तीन-तीन फीट खुले हुए है। फतहसागर पर अब भी सुबह 9.30 बजे से रात 10 बजे तक चारों गेट खुले होकर उस पर 3 इंच की चादर चल रही है। बीते तीन दिनों से बारिश का दौर थम गया है। इधर, जिले में ऑरेंज अलर्ट के जारी होने के बाद भी रात 8 बजे तक जिले में कहीं भी तेज बारिश के समाचार नहीं मिले है। उदयपुर शहर में भी दिन में रूक-रूक हल्की बूंदाबांदी हुई।

मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार शहर के अधिकतम व न्यूनतम तापमान में केवल चार डिग्री का अंतर रहा। शहर का अधिकतम तापमान जो रविवार को 31.6 डिग्री था ढाई डिग्री के करीब गिरकर 28 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

# नाराज एनएसयूआई के एक धड़े के निर्दलीय उम्मीदवार उतरने से त्रिकोणीय संघर्ष बना

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर सोमवार को छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद के व अन्य पदों के लिए दिए जा रहे आवेदनों के दौरान अचानक टिकट कटने से नाराज एनएसयूआई के एक धड़े द्वारा निर्दलीय उम्मीदवार उतारने के बाद एनएसयूआई के सामने अधिकृत प्रत्याशी को जिताने का संकट खड़ा हो गया है वहीं छात्र संघ चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला होने से चुनावी रोचकता भी बढ़ती नजर आ रही है।

■ **कन्या महाविद्यालय में एनएसयूआई प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित**

कोरोना के दो साल बाद हो रहे चुनाव में छात्र-छात्राओं का उत्साह सिर चढ़कर बोल रहा है। वहीं दूसरी ओर कन्या महाविद्यालय में एबीवीपी संगठन की ओर से कोई अधिकृत प्रत्याशी द्वारा नामांकन दाखिल नहीं करने से एनएसयूआई की छात्र संघ अध्यक्ष प्रत्याशी सुनीता सैनी निर्विरोध निर्वाचित होगी।



प्रियांशी मीणा एनएसयूआई प्रत्याशी।



निर्दलीय प्रत्याशी की रोशन लाल मीणा।



एबीवीपी के प्रत्याशी दिलराज गुर्जर ।



कन्या महाविद्यालय के निर्विरोध निर्वाचित प्रत्याशी सुनीता सैनी।

राजकीय राजेश पायलट महाविद्यालय में सोमवार को एनएसयूआई की ओर से प्रियांशी मीणा एवं एबीवीपी की ओर से दिलराज गुर्जर व निर्दलीय प्रत्याशी रोशन लाल मीणा सहित तीन नामांकन समर्थकों के साथ ढोल नगाड़े बजाते हुए फूल मालाओं से लादकर विधिवत दाखिल हुए। अध्यक्ष पद के सभी दावेदारों द्वारा छात्र हितों में कार्य करने एवं छात्र संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण का दावा किया एवं छात्र विकास के मुद्दे पर ही चुनाव लड़ने की बात कही। एनएसयूआई के टिकट कटने से नाराज एक धड़े द्वारा उतारे गए निर्दलीय प्रत्याशी रोशन लाल मीणा के समर्थकों द्वारा जमकर एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष रोहित मीणा पर टिकट वितरण में धांधली एवं खरीद फरोख्त के भी आरोप लगाए गए। वहीं एनएसयूआई व एबीवीपी के साथ निर्दलीय तीन प्रत्याशी होने के चलते मुकाबला मौजूदा समय में बराबरी का होने से त्रिकोणीय संघर्ष के हालात बनेंगे। वही आने वाले दिनो के बाद छात्र संघ चुनाव को लेकर बढ़ते हुए समीकरण तय करेंगे कि छात्रसंघ अध्यक्ष पद किसकी झोली में जाएगा। इसी के साथ छात्र संघ चुनाव में तीनों प्रत्याशी मजबूत होने के कारण कानून व्यवस्था को लेकर भी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी निगाह बनाए हुए हैं। राजेश पायलट महाविद्यालय में चुनाव अधिकारी की कमान पूरणमल मीणा एवं कहां अन्य महाविद्यालय में आर के मीणा संभाल रहे हैं। छात्र संघ चुनाव के केंद्र बिंदु राजेश पायलट महाविद्यालय में कुल 1899 मतदाता हैं जिनमें 747 छात्रा मतदाता एवं 1152 छात्र मतदाता शामिल है। शासन चुनाव को लेकर सोमवार को 10 बजे से 3 बजे तक नामांकन का दौर चला व उसके बाद 3 से 5 बजे तक नामांकन पत्रो की जांच एवं आपत्ति लेने का कार्य भी किया गया।

# 2 बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। नगर पालिका प्रशासन ने बास कृपाल नगर पुराने ग्राम पंचायत भवन से लगती नगर पालिका की करीब 2 बीघा जमीन अति कर्मियों के कब्जे से राजस्व विभाग की मदद से मुक्त कराई। उक्त जमीन पर नगर पालिका की आगामी योजना इंदिरा रसोई का निर्माण कराना है।

■ **इस भूमि पर इंदिरा रसोई बनेगी**

ईओ महेश गुर्जर ने बताया कि किशनगढ़ बास के बास कृपाल नगर में पुराने ग्राम पंचायत भवन से लगती करीब 2 बीघा भूमि पर तारबंदी कर अति कर्मियों का कब्जा होने की शिकायत पर सोमवार को राजस्व विभाग की मदद से पैमाइश कराकर भूमि को मुक्त कराया गया है।

अधिकारी ने बताया कि अति कर्मियों के कब्जे से मुक्त कराई गई जमीन पर इंदिरा रसोई बनाए जाने की योजना है। दूसरी ओर नगर पालिका प्रशासन की ओर से आती कर्मियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बैठे अति कर्मियों में हड़कंप मचा है। अधिकारी का कहना है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



**किशनगढ़ बास में नगर पालिका प्रशासन ने जेसीबी की मदद से सरकारी भूमि को अति कर्मियों से मुक्त कराया।**

## पाटोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। गणेश चतुर्थी के अवसर पर श्रीमाधोपुर के पंचावाली रेलवे फाटक के पास स्थित पंचदशनाम जूना अखाड़ा टीडी नाथ आश्रम में 14 वें पाटोत्सव की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। आयोजक संत बालक गिरी महाराज के अनुसार 24 अगस्त से आचार्य ओम शास्त्री के नेतृत्व में कथावाचक दीक्षित महाराज वृंदावन द्वारा भागवत कथा का शुभारंभ किया जाएगा। इस कथा का समापन 30 अगस्त मंगलवार को होगा। 31 अगस्त को प्रातः 7:15 से 11 बजे तक गणेश अभिषेक, प्रातः9.15 बजे हवन (पूर्णाहुति), दोपहर से गणेश दर्शन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। क्षेत्रवासियों से सपरिवार शामिल होने का अनुरोध किया है।

## पौधारोपण किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। पर्यावरण सुरक्षा के तहत महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल हांसपुर में पौधारोपण का कार्य किया गया। पौध रोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच एवं भामाशाह मालाराम जादूगर ,कार्यवाहक प्राचार्य अनिल कुमावत, मोनिका ,सरोज, अनिता भास्कर आदि उपस्थित थे।

## पांच छात्रों का छात्रवृति में चयन

**दौसा,** (निसं)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल खेला खुर्द दौसा के 5 विद्यार्थियों का नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम परीक्षा 2022 में चयन हुआ है। शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार धर्मी ने बताया कि छात्रा आशा लखेरा, माही जैन व छात्र शिवांक खण्डेलवाल, यदवी जोशी, राहुल जांगिड़ का चयन जिला मेरिट सूची में हुआ है। सभी चयनितों का विद्यालय की ओर से पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य सुरेशचंद मीना ने प्रभारी रामकेश मीना, प्रदीप कुमार सहित समस्त स्टाफ का धन्यवाद देते हुए सभी को बधाई दी। पिछले वर्ष भी चार विद्यार्थियों का चयन हुआ था।

## निवाई में 100 एमएम रिकार्ड बारिश

**निवाई,** (निसं)। रविवार की देर रात से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में मूसलाधार बारिश का दौर चालू है जिसकी वजह से कई जगह आने-जाने के रास्ते बंद हो गए हैं, तो वहीं कई स्कूलों में पानी भर जाने से विद्यार्थियों व स्टाफ को परेशानी उठानी पड़ी। लगातार तेज बारिश से पहाड़ के झरने तेज गति से बहने लगे जिनमें सैंकड़ों लोगों ने पहुंचकर नहाने का आनन्द लिया। पहाड़ के पीछे बने हुए एनिकट की चादर चलने लग गई तथा आसजी बन्धे में भी भरपूर पानी की आवक हुई। जल संसाधन विभाग के अनुसार रविवार रात से सोमवार की शाम 5 बजे तक मुख्यालय पर 100 एमएम बारिश दर्ज की गई है। अत्यधिक बारिश होने से शिवाजी पार्क रोड पर करीब घुटनों तक पानी भर गया जिसकी निकासी धीमी होने के कारण लोगों को पानी में से होकर गुजरना पड़ा। वहीं बाईपास पर स्थित झिलाय पुलिया के अण्डरपास एवं एसडीएम कोर्ट तक बरसाती पानी भरा रहने के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

## कार्यालय नगर पालिका मण्डल चाकसू

क्रमांकः-न.पा.चा./2022/1728 दिनांक :- 22-8-2022

### आपत्ति आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित आवेदकों द्वारा चाकसू आवासीय/वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि का उपयोग करने के लिए फ्री होल्ड प्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में उल्लिखित भूमि में अपना अधिकार आत्मसमर्पण कर दिया हैः-

| क्र. सं. | जिले सहित नगर का नाम | आवेदक का नाम व वार्ड/ कॉलोनी/गली का नाम | प्लाट के साथ पडौस का विवरण | भूखण्ड का क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चाकसू, जयपुर | अब्दूल सत्तार पुत्र मोहम्मद खां, वार्ड नं. 11, नया वार्ड नं. 7, लुहारों की मस्जिद के पास चाकसू, जयपुर | उत्तर-साबिर का चरपेटा, दक्षिण-अब्दुल सिराज, पूर्व अब्दुल गफार, पश्चिम-अन्य का चरपेटा | 30.06 वर्ग गज |
| 2. | चाकसू, जयपुर | जाकिर हुसैन पुत्र मोहम्मद खां , वार्ड नं. 11, नया वार्ड नं. 7, लुहारों की मस्जिद के पास चाकसू, जयपुर | उत्तर अब्दूल गफार, दक्षिण-आम रास्ता, पूर्व गली, पश्चिम-सामलाती रास्ता | 23.62 वर्ग गज |
| 3. | चाकसू, जयपुर | अब्दूल सिराज पुत्र मोहम्मद खां, वार्ड नं. 11, नया वार्ड नं. 7, लुहारों की मस्जिद के पास चाकसू, जयपुर | उत्तर अब्दूल गफार, दक्षिण-आम रास्ता, पूर्व-सामलाती रास्ता, पश्चिम-अन्य चरपेटा | 23.62 वर्ग गज |
| 4. | चाकसू, जयपुर | रसीदा पत्नि, बुन्दू खां, वार्ड नं. 4, नया वार्ड नं. 6, मोहल्ला करारखानियान, चाकसू, जयपुर | उत्तर-घासी खां, दक्षिण-जहीर मेम्बर, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-शब्बीर खां | 123.83 वर्ग गज |
| 5. | चाकसू, जयपुर | छोटी बाई पुत्री खेराती खां, वार्ड नं. 7, नया वार्ड नं. 11, देशवालियों का मोहल्ला, चाकसू, जयपुर | उत्तर-इशाक लुहार, दक्षिण-गली, पूर्व-गली, पश्चिम-रास्ता | 326.91 वर्ग गज |
| 6. | चाकसू, जयपुर | मोहम्मद सलीम व मोहम्मद अलीम पुत्र अब्दुल शकूर, वार्ड नं. 12, नया वार्ड नं. 15, जोगाबाड़ी के पास, चाकसू, जयपुर | उत्तर-आबिद अली, दक्षिण-रामसहाय गुर्जर, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-गली व शंकर लाल शर्मा | 185.70 वर्ग गज |
| 7. | चाकसू, जयपुर | कल्लो बेगम पत्नि मोहम्मद शब्बीर खॉन, वार्ड नं. 3, नया वार्ड नं. 6, मोहल्ला करारखानियान, चाकसू, जयपुर | उत्तर-सी.सी. रोड़, दक्षिण-अब्दुल हमीद का चरपेटा, पूर्व-सी.सी. रोड़, पश्चिम-जाकीर का चरपेटा | 188.12 वर्ग गज |
| 8. | चाकसू, जयपुर | जेबुन निशा पत्नि अब्दूल जब्बार, वार्ड नं.3, नया वार्ड नं. 6 मोहल्ला करारखानियान, चाकसू, जयपुर | उत्तर-हमीदुल्ला खॉन, दक्षिण-अब्दूल हमीद, पूर्व-सी.सी. रोड़, पश्चिम-छोटे खां का बाड़ा | 210.76 वर्ग गज |
| 9. | चाकसू, जयपुर | चुन्नू खान पत्नि अल्लादीन खान, वार्ड नं. 3 नया वार्ड नं. 7, मोहल्ला करारखानियान, चाकसू, जयपुर | उत्तर-आम रास्ता, दक्षिण-हबिबुर्र रहमान, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-निजामुद्दीन | 58.68 वर्ग गज |
| 10. | चाकसू, जयपुर | नाथू लाल पुत्र घासी राम सैनी, वार्ड नं. 01, नया वार्ड नं. 02, सिंघाड़ी वाली ढाणी, चाकसू, जयपुर | उत्तर-छीतर माली, दक्षिण-गंगाराम माली, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-स्वयं का बाड़ा | 319.21 वर्ग गज |
| 11. | चाकसू, जयपुर | फूला देवी पत्नि गोरधन सैनी, वार्ड नं. 01, नया वार्ड नं. 02, सिंघाड़ी वाली ढाणी, चाकसू, जयपुर | उत्तर-रामअवतार सैनी, दक्षिण-गली, पूर्व-रोड़, पश्चिम-गली | 146.87 वर्ग गज |
| 12. | चाकसू, जयपुर | रामअवतार सैनी पुत्र गंगाराम सैनी, वार्ड नं. 01, नया वार्ड नं. 02, सिंघाड़ी वाली ढाणी, चाकसू, जयपुर | उत्तर-नाथू सैनी, दक्षिण-फूला देवी, पूर्व-रोड़, पश्चिम-गली | 146.87 वर्ग गज |
| 13. | चाकसू, जयपुर | छित्तर सैनी पुत्र नानगराम सैनी, वार्ड नं. 01, नया वार्ड नं. 02, सिंघाड़ी वाली ढाणी, चाकसू, जयपुर | उत्तर-बाबू लाल का चरपेटा, दक्षिण-सामलाती गली, पूर्व-रोड व चौक, पश्चिम- गली | 196.18 वर्ग गज |
| 14. | चाकसू, जयपुर | सहीदा बानो पत्नि निजामुद्दीन, वार्ड नं. 03, नया वार्ड नं. 06, मोहल्ला करारखानियान, चाकसू, जयपुर | उत्तर-अब्दूल अजीज, दक्षिण-चुन्नू खां, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-हमीद शेख, शहीद मोहम्मद | 226.26 वर्ग गज |
| 15. | चाकसू, जयपुर | असमुद्दीन कुरैशी पुत्र कमरूद्दीन, वार्ड नं. 03, नया वार्ड नं. 05, मोहल्ला, कुरैशियान, चाकसू, जयपुर | उत्तर-रास्ता, दक्षिण-रास्ता, पूर्व-रियाजुद्दीन कुरैशी, पश्चिम-रास्ता | 26.28 वर्ग गज |
| 16. | चाकसू, जयपुर | रियाजुद्दीन कुरैशी पुत्र कमरूद्दीन कुरैशी, वार्ड नं. 03, नया वार्ड नं. 05, मोहल्ला, कुरैशियान, चाकसू, जयपुर | उत्तर-कन्हैया लाल, दक्षिण-गफूर खां, पूर्व-राधेश्याम, पश्चिम-अस्मुद्दी व रास्ता | 71.58 वर्ग गज |
| 17. | चाकसू, जयपुर | हसीना बैगम पत्नि जाकिर हुसैन, शाबिर हुसैन व कासिम हुसैन पुत्र हबीब नूर, वार्ड नं. 05, नया वार्ड नं. 04, मोहल्ला करारखानियान, चाकसू, जयपुर | उत्तर-रज्जाक मोहम्मद, दक्षिण-आम रास्ता, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-गफूर खां | 99.44 वर्ग गज |
| 18. | चाकसू, जयपुर | रहीसा बैगम पत्नि चुन्नू खान, वार्ड नं. 03, नया वार्ड नं. 06, मोहल्ला करार खानियान, चाकसू, जयपुर | उत्तर-निजामुद्दीन, दक्षिण-अब्दुल वहीद, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-अब्दुल हमीद | 224.75 वर्ग गज |
| 19. | चाकसू, जयपुर | रसीदा बेगम पत्नि अजीजुर्रहमान, वार्ड नं. 03, नया वार्ड नं. 06, जोगीबाड़ी रोड़, चाकसू, जयपुर | उत्तर-अब्दुल रज्जाक, दक्षिण-अब्दुल हमीद, पूर्व-सीसी रोड़, पश्चिम-सितरा बेगम | 234.86 वर्ग गज |
| 20. | चाकसू, जयपुर | अब्दूल अजीज पुत्र अलादीन खॉ, वार्ड नं. 03, नया वार्ड नं. 06, मोहल्ला करारखानियान, चाकसू, जयपुर | उत्तर-हमीद खॉ, शरीफ, दक्षिण-निजाम भाई, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-शहीद खॉ | 232.05 वर्ग गज |
| 21. | चाकसू, जयपुर | मोहम्मद सलीम व मोहम्मद अलीम खॉ पुत्र अब्दुल शकूर, वार्ड नं. 04, नया वार्ड नं. 05, मोहल्ला करारखानियान, चाकसू, जयपुर | उत्तर-छोटू खॉ, दक्षिण-आम रास्ता, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-इमामुद्दीन उर्फ बाबू खॉ | 77.32 वर्ग गज |
| 22. | चाकसू, जयपुर | अब्दुल वहीद पुत्र अली मोहम्मद, वार्ड नं. 03, नया वार्ड नं. 06, मोहल्ला करारखानियान, चाकसू, जयपुर | उत्तर-इमरामुद्दीन उर्फ चिन्नू, दक्षिण-वहीद मोहम्मद, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-शहजाद मोहम्मद | 131.75 वर्ग गज |
| 23. | चाकसू, जयपुर | मुंशी खॉन पुत्र नूर मोहम्मद, वार्ड नं. 03, नया वार्ड नं. 06, मोहल्ला करारखानियान, चाकसू, जयपुर | उत्तर-रईस, दक्षिण-निजाम, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-हनीफ, लतीफ खॉन | 291.58 वर्ग गज |
| 24. | चाकसू, जयपुर | विमला जैसवाल पत्नि सत्यनारायण जायसवाल, वार्ड नं. 11, नया वार्ड नं. 13, तैलियों का मोहल्ला, चाकसू, जयपुर | उत्तर-रामजी लाल प्रजापत, दक्षिण-आम रास्ता, पूर्व-मोहल लाल का बाड़ा, पश्चिम-कैलाश, नन्द लाल | 94.51 वर्ग गज |
| 25. | चाकसू, जयपुर | गुलजार मस्जिद पंचायत मोहल्ला करारखानियान, सदर हाजी अब्दुल कदीर पुत्र दीन मोहम्मद, वार्ड नं. 03, नया वार्ड नं. 05, चाकसू, जयपुर | उत्तर-नजीर खॉ, दक्षिण-आम रास्ता, पूर्व-अब्दुल मजीद, पश्चिम-ईमाम चौक | 53.10 वर्ग गज |
| 26. | चाकसू, जयपुर | मदरसा इस्लामिया तालिमुल कुरान, तकिया वाली मस्जिद, सम्पत्ति पंचायत मोहल्ला करारखानियान वार्ड नं. 03 नया वार्ड नं. 06, चाकसू, जयपुर | उत्तर-रास्ता, दक्षिण-आम रास्ता, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-रास्ता | 1230.00 वर्ग गज |
| 27. | चाकसू, जयपुर | कैलाश हरिजन पुत्र गोपी राम हरिजन, वार्ड नं. 11, नया वार्ड नं. 17, हरिजनों का बड़ा मोहल्ला, चाकसू, जयपुर | उत्तर-गली, बुद्धा राम, दक्षिण-आम रास्ता, पूर्व-कजोड़ हरिजन, पश्चिम-बृद्धि चन्द हरिजन | 101.38 वर्ग गज |
| 28. | चाकसू, जयपुर | गोपाल लाल सैनी पुत्र नाथू लाल सैनी, वार्ड नं. 01, जादमा की ढाणी, चाकसू, जयपुर | उत्तर-मूलचन्द सैनी, दक्षिण-गली, शंकर लाल, पूर्व-नैनू राम, पश्चिम-आम रास्ता | 186.86 वर्ग गज |
| 29. | चाकसू, जयपुर | कदीर मोहम्मद पुत्र बशीर मोहम्मद, वार्ड नं. 03, नया वार्ड नं. 06, मोहल्ला करार खानियान, चाकसू, जयपुर | उत्तर-रईस, दक्षिण-अजहर, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-गफूर | 76.86 वर्ग गज |
| 30. | चाकसू, जयपुर | इकराम अली पुत्र अलादीन खॉ, वार्ड नं. 24, नया वार्ड नं. 34, शीतला माता टोंक रोड़, चाकसू, जयपुर | उत्तर-मूल चन्द जागिंड़, ओम प्रकाश गुप्ता, दक्षिण-चरपेटा, नियमत अली, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-रोड़ | 392.00 वर्ग गज |
| 31. | चाकसू, जयपुर | सखी चन्द गुप्ता पुत्र रामनाथ गुप्ता, वार्ड नं. 24, नया वार्ड नं. 34, शीतला माता टोंक रोड़, चाकसू, जयपुर | उत्तर-पठानों के मकान, दक्षिण-स्वयं का, पूर्व-गली, पश्चिम-रोड़ | 866.66 वर्ग गज |
| 32. | चाकसू, जयपुर | सखी चन्द गुप्ता पुत्र रामनाथ गुप्ता, वार्ड नं. 24, नया वार्ड नं. 34, शीतला माता टोंक रोड़, चाकसू, जयपुर | उत्तर-स्वयं का, दक्षिण-आम रास्ता, पूर्व-गली, पश्चिम-रोड़ | 179.16 वर्ग गज |
| 33. | चाकसू, जयपुर | देवी नारायण पुत्र कन्हैया लाल शर्मा, वार्ड नं. 24, नया वार्ड नं. 34, शीतला माता टोंक रोड़, चाकसू, जयपुर | उत्तर-हरपाल गुर्जर, दक्षिण-राधेश्याम, सीताराम पूर्व-ओम प्रकाश गुप्ता, पश्चिम-रोड़ | 83.11 वर्ग गज |
| 34. | चाकसू, जयपुर | भगवत राम सांवरिया पुत्र कैलाश चन्द सांवरिया, वार्ड नं. 12, नया 14, मोहल्ला खटीकान, चाकसू | उत्तर-आम रास्ता चौक, दक्षिण-आम रास्ता, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-विक्रम सांवरिया | 162.66 वर्ग गज |
| 35. | चाकसू, जयपुर | उषा देवी पत्नी भैरूलाल सांवरिया, वार्ड नं. 12, नया 14, मोहल्ला खटीकान, चाकसू | उत्तर-आम रास्ता, दक्षिण-मन्दिर, पूर्व-विक्रम सांवरिया, पश्चिम-आम रास्ता | 25.46 वर्ग गज |
| 36. | चाकसू, जयपुर | महेन्द्र सावंरिया पुत्र लच्छुराम सांवरिया, वार्ड नं. 12, नया 14, मोहल्ला खटीकान, चाकसू | उत्तर-रामफूल सांवरिया, दक्षिण-रूकमणी देवी, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-स्वयं का बाड़ा | 251.57 वर्ग गज |
| 37. | चाकसू, जयपुर | भैरूराम सांवरिया पुत्र बोदू राम सांवरिया, वार्ड नं. 12, नया 14, मोहल्ला खटीकान, चाकसू | उत्तर-आम रास्ता, दक्षिण-रमेश सांवरिया, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-मदन लाल सांवरिया | 196.07 वर्ग गज |
| 38. | चाकसू, जयपुर | रामबाबू पुत्र बद्रीनारायण शर्मा, वार्ड नं. 14, नया 19, मामोडियों का मोहल्ला, चाकसू | उत्तर-रामेश्वर प्रसाद, दक्षिण-आम रास्ता, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-प्रेम देवी | 97.87 वर्ग गज |
| 39. | चाकसू, जयपुर | प्रेम देवी पत्नी सत्यनारायण शर्मा, वार्ड नं. 14, नया 19, मामोडियों का मोहल्ला, चाकसू | उत्तर-रामेश्वर प्रसाद, दक्षिण-आम रास्ता, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-भंवर शर्मा | 89.70 वर्ग गज |

अतः सभी सर्वसाधारण संबंधित व्यक्यिों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-ए के तहत फ्री-होल्ड लीज अधिकार प्राप्त करने के लिए आवेदक द्वारा नगरपालिका के पक्ष में आवेदन द्वार भूमि में आत्मसमर्पण करने की अनुमति देने के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष सम्बन्धित/सहायक दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

उपरोक्त निर्धारित समायावधि में आपत्ति न होने की स्थिति में यह माना जा सकता है कि किसी व्यक्ति को आपत्ति नहीं है तथा मामले का निस्तारण तदनुसार किया जायेगा।

यह नोटिस आज के दिन दिनांक 22-08-22 मिक को मेरे हस्ताक्षर और मुहर के साथ जारी किया जाता है।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका चाकसू**

## संक्षिप्त

### गोरीशंकर सैनी पार्षद मनोनीत



**फुलेरा, (निसं)।** राजस्थान सरकार द्वारा नगर पालिका फुलेरा में नगर पालिका अधिनियम में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए आगामी आदेश तक राज्यसरकार ने नगर पालिका क्षेत्र के 25 वार्डों के लिए 6 पार्षद मनोनीत किये है। मनोनीत पार्षद लतीफ कुरेशी, गोरीशंकर सैनी, विष्णु सोनी, दिलीप जाजोरिया, विजय तम्बोली एवं भगवती देवी कुमावत का फुलेरा के वार्डों में जगह-जगह पर माला व साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। वहीं मोबाइल पर बधाइयां और शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### धमकी देने वाला गिरफ्तार

**बहरोड़/ शाहजहांपुर, (निसं)।** शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के समीपवर्ती गांव हरिनगर निवासी हरीश यादव पुत्र भगवान सिंह यादव को फोन करके जान से मारने की धमकी देते हुए अभद्र भाषा बोलने वाले फौलादपुर निवासी पूर्व उपसरपंच दिलावर जाट को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। शाहजहांपुर थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौधरी ने बताया कि फौलादपुर निवासी उपसरपंच दिलावर जाट ने अकारण ही 15 अगस्त की रात को कांग्रेस नेता हरीश यादव को फोन पर जान से मारने की धमकी देते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्ज कर जांच की तो आरोपी पकड़े जाने के डर से फरार हो गया था जिसे पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया।

### तालाब में शव तैरता मिला

**निवाई, (निसं)।** गांव नला में रेल की पटरी के पास स्थित तालाब में शव तैरता हुआ मिला जिससे सनसनी फैल गई। बरोनी थानाधिकारी हरिराम ने बताया कि सोमवार को रेल लाइन चैक करते समय रेलवे के कर्मचारियों को पोल नंबर 55 के पास एक व्यक्ति का शव तालाब में तैरता हुआ दिखा जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को लेकर सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया। थानाधिकारी ने बताया कि बीती देर रात में अज्ञात ट्रेन से गिर जाने से उसकी मृत्यु हुई। उन्होंने बताया कि मृतक के एक हाथ पर राधा और दूसरे पर एसपीआर तथा त्रिशूल बना हुआ है। मृतक की शिनाख्त के लिए पुलिस जुटी हुई। लेकिन अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# टोंक शहर में भारी बारिश से बने बाढ़ के हालात



टोंक जिला मुख्यालय पर बारिश के दौरान बाजारों में पानी भर गया।

- दोपहर में बारिश थमने से मिली राहत
- पक्के बांध व चंदलाई बांध पर चादर चली

**टोंक, (निसं)।** जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में रविवार रात्रि से हुए हुई मूसलाधार बारिश से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। टोंक शहर में रात साढे 11 बजे से शुरु हुई बारिश का दौर सुबह तक मूसलाधार बारिश के साथ चला, जिससे टोंक शहर में गली मौहल्लों में पानी भरने से बाढ़ के हालात बने गए और मुख्य बाजार में फुटपाथों तक पानी बारिश के दौरान बहता रहा है।

जोरदार बारिश को देखते हुए प्रशासन अलर्ट हो गया और कई जगह पर रास्तों को काटकर शहर के पानी की निकासी कराई। टोंक शहर में रातभर में करीब 7 इंच से अधिक पानी बरसा, जिससे पूरा शहर में रास्ते जलमग्न हो गए और घरों व दुकानों में पानी घुस गया। सुबह 10 बजे बाद बारिश रुकने के बाद आमजन को राहत मिली। टोंक शहर के आसपास के गांवों में भी बारिश के कहर से गांवों के रास्तों व घरों में पानी भर गया और आवाजाही का संपर्क कट गया। वही टोंक शहर के पक्के बंधे व चंदलाई बंधे की चादर बारिश होने के साथ चलना शुरु हो गई और श्योपुरी मेहगांव में पानी भर गया।

शहर के पुराने सब्जी मंडी रोड, कलेक्ट्रेट रोड, मुख्य बाजार में पानी भर गया। शहर के कालीपलटन, रजबन, धन्नातलाई, रेडिवास सहित कई इलाकों में पानी भर गया और दुकानों व घरों में पानी भर गया। शहर में बारिश का पानी भरने से बाढ के हालात पैदा हो गए और धन्नातलाई, रेडिवास, चतुर्भुज तालाब, तेलियो के तालाब, महादेवाली तालाब सहित कई जलस्त्रोतो मे पानी की आवक बढने से रास्ते बंद हो गए।

शहर में पानी भरने की समस्या को देखते हुए नगर परिषद के सभापति अली अहमद, पूरी नगर परिषद की टीम के साथ बारिश के बीच लोगों की मदद के लिए निकले और बाढ नियंत्रण कक्ष से कर्मचारी शहर में पानी के निकास के लिए पहुंच गए। नगर परिषद की टीम ने पानी निकास के लिए रेडिवास तालाब भरने पर सिविल लाईन रोड को काटकर पानी की निकासी शुरु कराई और सोलंगपुरा रोड पर जेसीबी की मदद से रोड से पानी की निकासी कराई, जिससे के बाद बारिश थमने से शहर के पानी की निकासी शुरु हो गई और लोगों को बारिश के कहर से राहत मिली। एसडीआरएफ की टीम ने वहां पहुंचकर मदद कारवाई शुरू की।

### मुख्य रास्ता बंद होने से ग्रामीण परेशान

- रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**पावटा, (निसं)।** गांव बेरी का बांध की ढाणी विजयनगर में जाने का मुख्य रास्ता पिछले कई माह से बंद होने के कारण कई गांवों के ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। रास्ते को खुलवाने की मांग को लेकर ग्रामीण दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

ग्रामीणों ने पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी से मुलाकात कर, उन्हें अपनी व्यथा बताई। जिस पर पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी पावटा राजवीर सिंह, तहसीलदार ओमप्रकाश गुर्जर को एक ज्ञापन भी सौंपा। उपखंड अधिकारी पावटा राजवीर सिंह ने 20 दिन के अंदर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। वहीं पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी ने बताया कि गांव बेरी का बांध की ढाणी विजयनगर में जाने का रास्ता नहीं था जिस पर प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत ढाणी विजयनगर में जाने का रास्ता कटवाया गया।

लेकिन प्रशासन की लापरवाही व टालमटोल रवैये के कारण रास्ता नहीं खुलवाया गया। जिस के कारण 500 लोगों की आबादी वाली ढाणी विजय नगर के ग्रामीणों को अच्छी खासी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों में भारी रोष है।

इस मौके पर पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, जय नारायण, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि धर्मपाल, पंचायत समिति सदस्य नरेंद्र गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य मंजू गुर्जर, चिराग मीणा, अशोक कुमावत, चेतन शर्मा, काशीराम लंबोरा, टिंकू सिंह, रामचंद्र सरपंच, बिहारी यादव, संज्या देवी, लाली देवी, सुमन देवी, बरफो देवी, लिछमा देवी सहित अन्य ग्रामीण व महिलाए मौजूद रही।

## सार-समाचार

### बिजली चोरी करने वालों पर जुर्माना लगाया

**बहरोड़/अलवर, (निसं)।** जयपुर विद्युत वितरण निगम की विद्युत सतर्कता दल की लगभग 6 टीम विद्युत चोरी की बढ़ती घटनाओं को रोकने हेतु सघन सतर्कता अभियान चलाकर 2 दिन से कार्रवाई कर रहीं हैं। जिसमें विद्युत निगम की सतर्कता टीम बहरोड़ के द्वारा 22 अगस्त को बहरोड़ क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुरा, बहरोड़ शहर, मोहम्मदपुर, तलवाड़, जलालपुर आदि गांवों में विद्युत चोरी की सघन जांच कर मौके पर वीसीआर भरकर कनेक्शन काटे। करीब 25लाख का जुर्माना लगाया गया है। सहायक अभियंता सतर्कता नवीन यादव ने बताया कि उक्त सभी लोगों के खिलाफ सात दिवस में जुर्माना जमा नहीं कराने पर संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। एक्स ई एन पीडी सैनी के निर्देशानुसार 22 अगस्त को सुबह 5 बजे 61 घरों की वीसीआर भरी गई। जिसमें लगभग 25 लाख रुपए का जुर्माना किया गया तथा क्षेत्र के तलवाड़, मोमनपुर, सरबिंदपुरा, नांगलिया, बर्डोद कस्बा, जलालपुर, कल्याणपुरा, मिलकपुर, मांचल तथा बहरोड़ शहर में अलवर रोड, इंदिरा कॉलोनी, नारनौल रोड आदि पर वीसीआर की टीम द्वारा चेकिंग की गई। कार्यवाही के दौरान एक्स ईएएन पीडी सैनी, एईएन बहरोड शहर, एटीवीएस नवीन यादव, जेईएन डी पी सिंह, नितिन गुप्ता, सौरव शेखर, अविनाश, विजय परेवा, महिपाल, अजीत यादव व टीम के सदस्यों का सहयोग रहा।

### प्रतिभावान सम्मान समारोह 7 को

**नारायणपुर, (निसं)।** यादव उत्थान समिति के तत्वावधान में कस्बे के भगतपुरा मोहल्ले में स्थित राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में यादव समाज का 5वां प्रतिभावान सम्मान समारोह 7 सितम्बर को आयोजित किया जायेगा। समिति अध्यक्ष अर्जुन लाल ने बताया कि सम्मान समारोह में सत्र 2020-21-22 में 10वीं व 12वीं परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक तथा स्नातक, स्नातकोत्तर आदि में 60 प्रतिशत अंक एवं नीट, जेआरएफ, पीएचडी, नेट, आईआईएम आदि में प्रवेशित छात्र-छात्राओं सहित राजकीय सेवा में चयनित प्रतिभाओं को समिति द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। समिति अध्यक्ष ने बताया कि प्रतिभावान छात्र-छात्रा अपने दस्तावेज 31 अगस्त तक राधा-कृष्ण मंदिर में जमा कर सकते हैं। वही समिति द्वारा सम्मान समारोह की तैयारीयां जोर शोर से की जा रही है।

### तीर्थ यात्रियों की बस आज रवाना होगी

**कोटपूतली, (निसं)।** स्वयंसेवी संस्था आओ साथ चलें के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. विष्णु मित्तल मंगलवार को कस्बे के गोकुल टॉवर के पास मथुरा, वृंदावन व गोवर्धन के लिए तीर्थ यात्रियों को लेकर जाने वाली दूसरी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यात्रा में ग्राम पुरुषोत्तमपुरा, बेरी, शुक्लावास के 60 से 75 साल तक के करीब 55 वृद्धजन शामिल होंगे। इससे पहले भी संस्था की ओर से ग्राम सुंदरपुरा, ढाढा सहित अनेक गांवो के वृद्धजनों को धार्मिक तीर्थ यात्रा का भ्रमण करवाया जा चुका है। संस्था के आनंद मित्तल एवं विपिन शर्मा ने बताया कि तीर्थ यात्रियों के लिए खाना-पीना व ठहरने की व्यवस्था का खर्च संस्था द्वारा किया जायेगा।

### भाजपाइयों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया

**गोविंदगढ़/अलवर, (निसं)।** भाजपा के अध्यक्ष संजय नरुका के नेतृत्व में उपखण्ड कार्यालय में उपखण्ड अधिकारी रेखा मीणा को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें कांग्रेस सरकार की चल रही दमनकारी नीति, आये दिन हो रही घटनाएं, महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार, मोब लिंचीग की जघन्य घटना घटित होने के बाद भी किसी भी प्रकार की सहायता नही मिलने तथा रामगढ विधानसभा में एक विशेष वर्ग ने आतंक मचा रखा है। यहां ओलेक्स तथा क्राइम बढ़ रहे है इन सभी मुद्दों को रखकर आज सभी भाजपा के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन दिया है। पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा की ओर से दिए गए बयान पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि केस तो तिजारा के पूर्व मंत्री पर भी होना चाहिए जिसका एक वीडियो वायरल हुआ था।

### कुक कम हेल्परों को टेबलेट बांटे

**पावटा, (निसं)।** रा. उच्च मा. विद्यालय विराटनगर में शिक्षा विभाग व वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश सिंह शेखावत व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विराट नगर रतिराम बुनकर के मुख्य आतिथ्य में मिड डे मील योजना में कार्य कर रहे कुक कम हेल्पर को टेबलेट वितरित किए गए। जिसमें ब्लॉक विराटनगर के कुल 186 विद्यालयों के कुक कम हेल्परों को टेबलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के प्रतिनिधि भगवंत चिलाटे ने टेबलेटस की गुणवत्ता व संचालन के बारे में पूर्ण जान कारी दी। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राजेश गुर्जर ने कहा कि ऐप के द्वारा 9 अध्यायों के माध्यम से सरकारी विद्यालयों में मिड डे मील पकाने वाले कुक कम हेल्पर को हाथ धोना, रसोई में सफाई रखना, भोजन बनाने वाले बर्तनों को साफ रखना, कीटाणुओं से खाने को बचाना, खाने को सही तरीके से पकाना, भोजन बनाने के बाद कचरा प्रबन्धन इत्यादि के बारे में जागरूक एवं प्रशिक्षित किया जाएगा।

# सांभर को जिला बनाने की मुहिम के तहत रैली निकाली

- सांभर को जिले का दर्जा दिलवाने के लिये जनप्रतिनिधियों की भूमिका अहम : खंगारोत

**सांभरझील, (निसं)।** बार एसोसिएशन सांभर के अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह खंगारोत ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिये जनप्रतिनिधियों की भूमिका सबसे अहम है, लेकिन अपने अधिकारों की लड़ाई के लिये हमें सभी को प्रमुखता से एकजुटता दिखानी होगी।

सांभर को जिला घोषित करवाने के लिये आयोजित आमसभा में उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन सांभर को जिला बनाये जाने के लिये पहले से संघर्षरत है तथा कमेटी के अध्यक्ष रहे परमेशचन्द व जीएस संधु को दो दफा तथ्यात्मक विवरण के साथ सौंपे गये अभ्यावेदन सरकार के पास उचित निर्णय हेतु विचाराधीन है। फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत ने कहा कि जिले के हक के लिये मैं तन, मन व धन से पूरा साथ देने को तैयार हूं। मेरी ओर से सांभर को जिला बनाये जाने के लिये लिखित में अभिशंषा सरकार को भिजवायी हुयी है। जब भी विधानसभा का सत्र शुरू होता है मैं सांभर को जिला के संदर्भ में यह मुद्दा उठाना कभी नहीं भूलता हूं। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शेख शमीमुहक ने कहा कि सांभर प्रदेश का सबसे पुराना उपखण्ड है, यदि कोई नया जिला बनेगा तो वह सांभर ही बनेगा। सचिव सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि सांभर को जिला बनाये जाने के लिये हमारी ओर से समय समय पर सरकार को अभ्यावेदन भिजवाये गये है। राजनीति से ऊपर उठकर को ठोस तरीके से हमारी मांग को सरकार तक बार बार पहुंचाने के लिये हम कृत संकल्प है। चेयरमैन बालकृष्ण जांगिड ने कहा कि सात दिन में यदि सरकार कोई सुनवाई नहीं करती है तो हमें धरना प्रदर्शन करने के लिये मजबूर होना पड़ेगा। सोमवार को जिले के समर्थन में सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे गये।

इसके बाद बार एसोसिएशन के पदाधकिारियों व संघर्ष समिति की तरफ से अभ्यावेदन सरकार तक पहुंचाने हेतु तहसीलदार हरिसिंह राव को दिये गये। इस मौके पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सदस्यों, वकील सहायकों के अलावा व्यापार महासंघ से जुडे पदाधिकारी, भाजपा व कांग्रेस के पार्षदों सहित सैंकड़ों की संख्या में आमजन की उपस्थिति रही। आम सभा से पहले नगर में सामूहिक रैली निकाली गयी, नारे लगाते हुये सरकार से सांभर को जिला घोषित किये जाने की प्रबल तरीके से मांग रखी।

# प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन के साथ भरा नामांकन

- अध्यक्ष सहित चारों पदों के लिए 12 छात्र नेताओं ने किया नामांकन दाखिल

**मालपुरा, (निसं)।** 26 अगस्त को होने वाले महाविद्यालय छात्रसंघ चुनाव को लेकर सोमवार को मालपुरा पीजी महाविद्यालय में अध्यक्ष सहित चारों पदों के लिए कुल 12 छात्र नेताओं ने निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया।

विद्यार्थी परिषद में प्रत्याशी चयन को लेकर दो गुटों मे बटे परिषद पदाधिकारियों में सहमति नहीं बनने के बाद यशपाल चौधरी ने अध्यक्ष पद के लिए ताल ठोकते हुए अपने समर्थकों के साथ प्रदेश कार्यालय पहुंच बीते तीन साल से संगठन के लिए किये जा रहे कार्यों सहित छात्र मतदाताओं अपनी मजबूत पकड का दावा किया। तो एबीवीपी के प्रान्त कार्यालय से यशपाल को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किये जाने के बाद सोमवार को यशपाल हजारों की संख्या में समर्थकों व छात्र मतदाताओं की भारी भीड़ के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए रैली के रूप में दो किमी लम्बे काफिले के साथ महाविद्यालय पहुंच अपने पैनल में शामिल आशीष शर्मा, राकेश सैनी व राहुल वर्मा के साथ नामांकन दाखिल कर विक्टरी लहराते हुए जीत की ताल ठोकी।

वहीं दीपक गुर्जर ने भी परिषद का प्रत्याशी होने का दावा कर अपने पैनल के साथ नामांकन दाखिल किया। वही एनएसयूआई के अजयपाल बैरवा ने पैनल के साथ पहुंच सादगी से नामांकन भरा। नामांकन दाखिले के बाद परिषद के यशपाल समर्थकों ने महाविद्यालय के बाहर नुक्कड सभा करते हुए कहा कि बीते तीन साल से छात्र हितों के साथ-साथ संगठन हित में महाविद्यालय में कार्य किये जाने के बावजूद जिला पदाधिकारियों ने एनवक्त पर यशपाल का टिकट काट छात्रहितों के साथ कुठाराघात किया। जिसका जवाब छात्र मतदाता मतदान से देंगे। नामांकन दाखिले के दौरान कानून व्यवस्था को मध्य नजर रखते हुए थानाधिकारी कैलाश विश्नोई भारी पुलिस जाप्ते के साथ मुस्तैद रहे। महाविद्यालय प्रशासन व निर्वाचन टीम ने नामांकन प्रक्रिया निर्विवाद सम्पन्न करवाई।

### चंदलाई बांध में डूबने से एक मरा

**टोंक, (निसं)।** ग्राम चंदलाई के चंदलाई बंधे में सोमवार को सुबह अपने बच्चों के साथ गए एक जने की बह जाने से मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक मृतक का शव नहीं मिला था। जानकारी के अनुसार चंदलाई बंधे पर पानी की चादर चलने पर गोपाल लाल पुत्र मन्नालाल महावर अपने दो बालकों पानी दिखाने गया था, जहां पर अचानक पानी में जाने से दोनों बालक बहने लगे तो उनको बचाने के लिए वह भी गया तो वह भी बहने लगा। जिस पर वहां मौजूद लोगों ने दोनों को बालकों को तो बाहर निकाल लिया, परन्तु गोपाल गहरे पानी में बहकर चला गया और उसकी डूबने से मौत हो गई।

# शिविर में दिव्यांगों को लाखों रुपयों के उपकरणों का वितरण किया



भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति एवं जीवन बचाओ आंदोलन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय मेगा दिव्यांग सहायता शिविर के प्रथम दिन उपकरण वितरण किये।

- पुण्य कार्यों का हिस्सा बनना जीवन की अहम उपलब्धिः जगदीश आर्य

**पावटा, (निसं)।** दिव्यांगजनों के चहरे पर मुस्कुराहट लाना बेहद सामर्थ्य भरा कार्य है। जिन लोगों को प्रकृति द्वारा घाव दिए गए हैं उन घावों पर मलहम लगाना बेहद पुण्य का काम है। पुण्य कार्यों का हिस्सा बनना जीवन की अहम उपलब्धि होता है। यह बात भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति एवं जीवन बचाओ आंदोलन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय मेगा दिव्यांग सहायता शिविर के प्रथम दिन उपकरण वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए जगदीश आर्य अतिरिक्त जिला कलेक्टर कोटपूतली ने बतौर मुख्य अथिति कही।

साथ ही अतिरिक्त जिला कलेक्टर आर्य ने कहा कि पिछले कई वर्षों से इस शिविर की महत्ती आवश्यकता बनी हुई थी। जिसे आज पूरा होते देख बेहद खुशी हो रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव ने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा करना ही असल सेवा है। ये लोग प्रकृति का वज्रपात सहन किये हुए योद्धा हैं। इनके प्रति समाज का समर्पण भाव होना बेहद जरूरी है। हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है कि जब भी हमें दिव्यांगजनों की सेवा करने का मौका मिले हमें आगे बढ़ कर इनकी सेवा करनी चाहिए। शिविर में दिव्यांगजनों की उमड़ती भीड़ को देख कर उपखण्ड अधिकारी ने आयोजकों को धन्यवाद दिया।

शिविर को बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित करते हुए प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी, वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह शेखावत, भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के प्रबंधक डॉ. मदन लाल शर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रहलाद माठ, समाजसेवी लालचंद योगी, अनुसूचित जाति जनजाति एवं मूल ओबीसी एकता महासंघ के अध्यक्ष शंकर थानेदार, समाजसेवी लाल चंद मीना व मदन बाज्या ने शिविर में अपनी सेवाएं दे रहे सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए सभी दिव्यांगजनों का माला पहना कर स्वागत करते हुए समय समय इस तरह के शिविरों का आयोजन किये जाते रहने की बात कही। आयोजकों द्वारा शिविर का आयोजन आस पास की आठ तहसीलों के दिव्यांगजनों को दृष्टिगत रखते हुए किया गया था। साथ ही आयोजक पिछले सप्ताह भर से शिविर का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिस कारण सुबह से ही दिव्यांगजनों कि जबरदस्त भीड़ रही। शिविर में अलवर जयपुर सीकर चुरू झुनझुनु जिले तक दिव्यांगजनों ने आकर अपनी जरूरत के हिसाब से सामान प्राप्त किये।

शिविर संयोजक नित्येन्द्र मानव ने बताया कि शिविर का यह प्रथम दिन है जो अभी दो दिन 23 व 24 अगस्त को भी लगेगा। जिसमें दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क रूप से उपकरण मुहैया करवाये जाएंगे। मानव ने बताया कि प्रथम दिन 8 लोगों कृत्रिम पांव, लगाए गए, 58 लोगों को ट्राईसाइकिल, 20 पोलियों प्रभावित लोगों कैलिपर्स, 27 लोगों को व्हील चेयर, 19 बैसाखी, 42 कानों की मशीन इस तरह कुल 174 लोगों को आवश्यकतानुसर उपकरण वितरित किये गए। साथ ही मानव ने बताया कि अगले 2 दिनों में पहले दिन से भी ज्यादा भीड़ आने की संभावना है जिसको देखते हुए उपकरणों की व्यवस्था की गई है। शिविर का संचालन पूर्व सरपंच जोधपुरा सागर मल वर्मा ने किया तथा आगन्तुकों का गुलदस्ता भेंट कर, माला व साफा पहना कर स्वागत किया गया।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिन्गटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 I फैक्स- +91 44 4564 4022

**परिशिष्ट- VI {नियम 8 ( 1 )}**
**कब्जा नोटिस**
**( अचल सम्पत्ति का )**

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मेलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 19.04.2021 को एक मांग नोटिस कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. रघुवीर प्रसाद स्वामी, 2. लाडी देवी को जारी किया गया था जिसमें 12.04.2021 की तिथि को एक मांग नोटिस उल्लेखित राशि रुपये 3132131.45/- (रुपये इकत्तीस लाख बत्तीस हजार एक सौ इकतीस और पैसा पैंतालीस मात्र) का भुगतान उपर्युक्त निर्दिष्ट नोटिस प्राप्ति के 60 दिन के अंदर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज अगस्त 2022 के 18वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन राशि रूपये 3132131.45/- (रुपये इकतीस लाख बत्तीस हजार एक सौ इकतीस और पैसा पैंतालीस मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा। कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

प्लाट नं. 400, क्षेत्रफल 202.50 वर्ग मीटर, डेयरी फार्म, सूरजपुरा भाटावाल, तहसील सांगानेर का पूरा व प्रत्येक भाग और सीमायें है : पूर्व रोड 9 मीटर चौड़ी, पश्चिम : रोड 12 मीटर चौड़ी, उत्तर :प्लाट नं. 399, दक्षिण : प्लाट नं. 401

दिनांक- 18.08.2022
स्थान- सांगानेर
ऋण खाता संख्या-13703980 एवं 27177489

प्राधिकृत अधिकारी,
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
( पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित )



**कार्यालय नगर पालिका, नोखा( बीकानेर )**

क्रमांकःन.पा.नो./निर्माण/2022-23/10261 दिनांकः-22/8/22

**निविदा -सूचना-05/2022-23**

नगर पालिका नोखा की ओर से निम्नलिखित विकास कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 30/08/22 को 1.00PM तक सील बन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। जो निविदाएं उसी दिन 4.00 PM पर उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 29/08/22 को प्रातः10.00बजे से दोपहर 1.00बजे तक प्राप्त कर सकते है। जो ठेकेदार इस कार्य को लेना चाहते है, वे अपनी निविदाऐं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रेषित कर सकते है। अन्य शर्तें एवं अधिक जानकारी हेतु http://sppp.rajasthan.in पर देखें।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि (2%) | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सीवर लाइन निर्माण कार्य गणेश पालीवाल की फैक्ट्री से मुरली फ्लोर मिल तक वार्ड नं.45 मनोज जाजड़ा के घर से सीताराम कठातला के प्लॉट तक वार्ड नं.02 एवं आदर्श विद्या मंदिर परिसर में सीवर लाईन मिलान का कार्य वार्ड नं.25। | 4.97 | 9940.00 | 500/- | 01 माह |
| 2. | सीवर लाईन निर्माण कार्य मांगीलाल पंचारिया के घर से तिलोकचन्द सुथार के घर तक वार्ड नं.10, गणेश जाट के घर से रूपाराम नाई के घर तक वार्ड नं.12, श्याम बागड़ी के घर से सोनू सेवग के घर तक, कैलाश गोयल के घर से महावीर प्रसाद सारस्वत के घर तक वार्ड नं.16 जेठाराम छींपा के घर से किस्तुराम कुम्हार के घर वार्ड नं.43 नोखा। | 4.99 | 9980.00 | 500/- | 01 माह |
| 3. | सीवर लाई निर्माण कार्य नारायणराम वाल्मिकी के घर से सुन्दरलाल वाल्मिकी के घर तक वार्ड नं.01, एवं MGGS Jorawarpura school में छात्र-छात्राओं हेतु यूरीनल निर्माण कार्य वार्ड नं.42, राजकीय भट्ट स्कुल की चारदिवारी मरम्मत का कार्य वार्ड नं.12, अशोक सुथार के घर के पास नवीन सीवरेज चैम्बर निर्माण कार्य वार्ड नं.03 | 3.65 | 7300.00 | 500/- | 01 माह |
| 4. | नगरपालिका परिसर में अधिशाषी अधिकारी के क्वार्टर के आगे टीनशेड एवं पेवर ब्लाक लगाने का कार्य तथा रायसर रोड़ स्थित PHED Campus में J.En के क्वार्टर की मरम्मत एवं रंग रोगन का कार्य एवं पोस्ट ऑफिस नोखा के दक्षिणी-पश्चिमी कॉर्नर पर भारी वाहनों का आवागमन रोकने हेतु गर्टर लगाने का कार्य | 4.80 | 9600.00 | 500/- | 01 माह |

(नारायणझंवर)
अध्यक्ष
नगरपालिका नोखा

(अविनाश शर्मा)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका नोखा



पाक के लिये यह बड़ा झटका है कि शाहीन शाह अफरीदी एशिया कप से बाहर हो गए है। अगर आप भारत के खिलाफ पिछले मैच को देखें तो उन्होंने टी-20 विश्वकप के पिछले सीजन में पहले ही ओवर से दबाव बनाया था। - इंजमाम-उल-हक

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान, शाहीन आफरीदी के टीम से बाहर होने पर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — संजू सैमसन



भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान भारतीय टीम में नियमित रूप खेलने का मौका नहीं मिल पाना उनके लिए मुश्किलों भरा रहा है लेकिन वह सकारात्मक रहने को प्राथमिकता देते हैं। किशोरावस्था में ही अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरने वाले सैमसन ने यहां 2015 में जिंबाब्वे के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया लेकिन तब से केरल के इस क्रिकेटर ने अब तक सिर्फ सात वनडे और 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले ही खेले हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** अपनी टेस्ट जीवन की पहली श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भारत के सुनील गावस्कर के नाम है। गावस्कर ने 1970-71 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 775 रन बनाए।

# भारत की संघर्षपूर्ण जीत, जिम्बाब्वे का सफाया



हरारे, 22 अगस्त। भारत ने शुभमन गिल (103 रन) की शतकीय पारी की बदौलत ज़िम्बाब्वे को तीसरे एकदिवसीय मैच में सोमवार को 13 रन से मात दी। भारत ने 50 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 289 रन बनाये थे, जिसके जवाब में ज़िम्बाब्वे 276 रन बनाकर ऑलआउट हो गयी। सिकंदर रज़ा ने 115 रन की शतकीय पारी खेलते हुए ज़िम्बाब्वे को जीत के करीब पहुंचाया, लेकिन जीत दिला नहीं सके और उनकी टीम 12 साल बाद भारत के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज करने से चूक गयी।

भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए ज़िम्बाब्वे को 290 रन का लक्ष्य दिया था। कप्तान केएल राहुल और शिखर धवन ने टीम को मज़बूत शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिये 63 रन जोड़े। राहुल ने जहां 46 गेंदों पर एक चौका और एक छक्का लगाते हुए 30 रन बनाये, वहीं धवन ने 68 गेंदों पर पांच चौकों की बदौलत 40 रन की पारी खेली। पहली पारी में भारतीय टीम के स्टार शुभमन गिल रहे जिन्होंने 97 गेंदों में 15 चौकों और एक छक्के की बदौलत 130 रन की शतकीय पारी खेली। इसके अलावा ईशान किशन ने 61 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 50 रन बनाये। किशन ने दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट होने से पहले गिल के साथ तीसरे विकेट के लिये 140 रन की साझेदारी की।

भारत ने 42 ओवर में 224 रन बना लिये थे, लेकिन ज़िम्बाब्वे ने किशन का विकेट गिरने के बाद मैच में वापसी की और नियमित रूप से विकेट निकालते हुए भारत को 289 रन पर रोका। दीपक हुड्डा (01), अक्षर पटेल (01) और शार्दुल ठाकुर (09) 10 रन का आंकड़ा छुए बिना पवेलियन लौट गये। भारत ने 50वें ओवर में गिल का विकेट गंवाते हुए सात रन जोड़े और 289 पर पारी को समाप्त किया। ज़िम्बाब्वे की ओर से ब्रैड इवान्स ने 10 ओवर में 54 रन देकर पांच विकेट झटके, जबकि विक्टर न्यौची और ल्यूक जॉन्वे को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ।

ज़िम्बाब्वे 290 रन का पीछा करने उतरी तो सलामी बल्लेबाज़ इनोसेंट काइया (06) तीसरे ओवर में आउट हो गये, जबकि उनके साथी तकुद्ज़वनाशे काइटानो को मांसपेशी में खिंचाव के कारण पवेलियन लौटना पड़ा। सीन विलियम्स (45) ने टोनी मुन्योंगा (15) के साथ पारी को आगे बढ़ाने का प्रयास किया लेकिन 16वें और 17वें ओवर में दोनों पवेलियन लौट गये।

इसके बाद रज़ा ने एक छोर से ज़िम्बाब्वे की पारी को आगे बढ़ाया जबकि दूसरे छोर से बल्लेबाज़ आउट होते रहे। ल्यूक जॉन्वे के 169 रन पर सातवें विकेट के रूप में आउट होने के बाद ब्रैड इवान्स क्रीज़ पर आये जिन्होंने रज़ा के साथ आठवें विकेट के लिये 104 रन की साझेदारी की। इवान्स ने 36 गेंदों पर दो चौकों की बदौलत बहुमूल्य 28 रन बनाये और उनके आउट होने तक ज़िम्बाब्वे को 12 गेंदों पर सिर्फ 17 रन की ज़रूरत थी। ज़िम्बाब्वे की उम्मीदें रज़ा पर टिकी हुई थीं लेकिन शार्दुल ठाकुर ने 49वें ओवर में शुभमन गिल के शानदार कैच की बदौलत उन्हें आउट किया और भारतीय खेमे ने चैन की सांस ली। आवेश खान ने 50वें ओवर में विक्टर न्यौची को आउट कर मैच समाप्त किया। इस जीत के साथ भारत ने तीन मैचों की शृंखला में ज़िम्बाब्वे को 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

# विश्व चैम्पियनशिप : लक्ष्य, श्रीकांत, प्रणय दूसरे दौर में

टोक्यो, 22 अगस्त। भारत के युवा शटलर लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और एच एस प्रणय ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2022 में शानदार शुरुआत करते हुए अपने-अपने पहले दौर के मुकाबलों में जीत दर्ज की।

नौंवी सीड लक्ष्य ने टोक्यो मेट्रोपोलिटन जिम्नेशियम में डेनमार्क के दिग्गज खिलाड़ी हान्स-क्रिस्टियान विटिंगस को 21-12, 21-11 के सीधे गेमों में मात दी। लक्ष्य दूसरे दौर में स्पेन के लुइस पेनलवर का सामना करेंगे। 20 वर्षीय सेन ने विश्व चैंपियनशिप 2021 में कांस्य पदक जीता था। वह पिछले आयोजन में वरीयता सूची से बाहर थे, लेकिन उन्होंने टोक्यो ओलंपिक के सेमीफाइनलिस्ट केविन कॉर्डन सहित कई बड़े खिलाड़ियों को हराया था। सेन को सेमीफाइनल में हमवतन किदांबी श्रीकांत से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था।



दूसरी ओर, विश्व चैंपियनशिप 2021 के सिल्वर मेडलिस्ट श्रीकांत ने करीबी मुकाबले में आयरलैंड के न्हात न्यूएन को 22-20, 21-19 से हराया। न्यूएन ने 51 मिनट चले मुकाबले में श्रीकांत को कड़ी टक्कर दी मगर वह आयरिश खिलाड़ी की चुनौती से विजयी उभरे। श्रीकांत अब दूसरे दौर में चीन के ज़्हाओ जुन पेंग से मुकाबला करेंगे। एच एच प्रणय ने ऑस्ट्रिया के ल्यूका रैबर को 21-12, 21-11 से हराकर अपने हमवतनों का साथ अगले दौर में जगह बनायी, जहां उनका सामना दो बार के विश्व चैंपियन जापान के केंटो मोमोटा से होगा।

इसी बीच, 2019 चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता बी साई प्रणीत चीनी तापेई के चोऊ टेइन चेन से 15-21, 21-15, 15-21 से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गये। साथ ही मालविका बंसोड़ को महिला एकल मैच में डेनमार्क की लिन क्रिस्टोफरसन से 21-14, 21-12 से हार मिली। एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला की भारतीय जोड़ी ने हालांकि पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाने के लिये थाइलैंड के सुपक जोमकोह और किटिनुपोंग केडरेन को 21-17, 17-21, 22-20 से मात दी।

अब भारतीय पुरुष युगल जोड़ी को मुश्किल मुकाबले में डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारप रासमुसेन की आठवीं सीड जोड़ी का सामना करना है। अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की भारतीय जोड़ी ने महिला युगल के पहले राउंड में मालदीव की आमिनत नबीहा और फातिमा नबाहा को 21-7, 21-9 से शिकस्त दी। पूजा डंडू और संजना संतोष की जोड़ी ने भी महिला युगल में भारत का परचल लहराते हुए पेरू की इनेस लूसिया सालाज़ार और पॉला ला टोरे रेगल को पहले दौर में 21-6, 10-21, 21-14 से हराया। ईशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने जर्मनी के पैट्रिक स्कील और फ्रांज़िस्का वोल्कमैन को 21-12, 21-13 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

## पीएचएफ ने पूर्व हॉकी दिग्गज शाहबाज अहमद के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू की

कराची, 22 अगस्त. पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने पूर्व सचिव और दिग्गज खिलाड़ी शाहबाज अहमद के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। पिछले सप्ताह फिर से पीएचएफ के अध्यक्ष चुने गये ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) खालिद सज्जाद खोखर ने एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी पुष्टि की। शाहबाज अपने खेल के दिनों में शानदार ड्रिब्लिंग कौशल के लिए प्रसिद्ध थे। खोखर ने कहा, ''हां, शाहबाज के खिलाफ धन के दुरुपयोग सहित भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं, जिसकी जांच की जा रही है। अगर वह भ्रष्टाचार का दोषी पाया जाता है तो उसे जेल भी हो सकती है।'' शाहबाज की कप्तानी में पाकिस्तान ने 1994 में चैंपियंस ट्रॉफी और विश्व कप खिताब जीता था।

## गार्सिया नेजीता करियर का दसवां खिताब

मेसन, 22 अगस्त। फ्रांस की कैरोलीन गार्सिया ने डब्ल्यूटीए टूर 2022 की अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखते हुए सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में चेक गणराज्य की पेट्रा क्विटोवा को मात देकर अपने करियर का 10वां एकल खिताब जीता। गार्सिया ने रविवार को खेले गये फाइनल में क्विटोवा को 6-2, 6-4 के सीधे सेटों में मात दी। हार्ड कोर्ट की इस जीत के साथ गार्सिया ने इस सत्र में अपना तीसरा खिताब जीत लिया है। इससे पहले वह बैड होमबर्ग (ग्रास कोर्ट) और वारसॉ (क्ले कोर्ट) में भी जीत दर्ज कर चुकी हैं। गार्सिया ने क्वालीफायर राउंड से जगह बनाते हुए फाइनल तक पहुंची थीं। इस जीत के साथ वह डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने वाली पहली क्वालीफायर भी बन गयी हैं। गार्सिया ने जीत के बाद कहा, यह निरा सुख है। केवल सुख। हर जीत बेहद महत्वपूर्ण। हर खिताब बहुत खास है, चाहे डब्ल्यूटीए 250 हो या 1000। इसे बयान कर पाना मुश्किल है। ऐसा बार-बार नहीं होता, इसलिये आपको इसका आनंद लेना होता है। मैं टेनिस के इस शानदार हफ्ते के लिये शुक्रगुज़ार हूं। एक और खिताब जीतना बहुत खास है। उन्होंने कहा, डब्ल्यूटीए 1000 में सब कुछ बहुत तेज़ होता है। आपको हर सुबह दोबारा ध्यान केंद्रित करना होता है। यह एक मुश्किल चुनौती थी, लेकिन मैं अपने प्रयास से बहुत खुश हूं।

# सत्रह साल बाद पाकिस्तान में टेस्ट श्रृंखला खेलेगी इंग्लैंड

**इंग्लैंड मेजबान टीम के साथ 20 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच कराची और लाहौर में सात टी-20 मैच भी खेलेगी**

लाहौर, 22 अगस्त। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस साल दिसंबर में तीन मैचों की टेस्ट शृंखला के लिये इंग्लैंड के पाकिस्तान दौरे की पुष्टि की। इंग्लैंड 17 साल बाद पाकिस्तान में टेस्ट शृंखला खेलेगी। इससे पहले इंग्लैंड मेजबान टीम के साथ 20 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच कराची और लाहौर में सात टी20 मैच खेलेगी। तीन टेस्ट मैचों की यह शृंखला रावलपिंडी (01-05 दिसंबर), मुल्तान (09-13 दिसंबर) और कराची (17-21 दिसंबर) में खेली जाएगी।

इंग्लैंड ने पिछली बार 2005 में पाकिस्तान का दौरा किया था, जब मेज़बान टीम ने मेहमानों को 2-0 से मात दी थी। इंग्लैंड ने 2000 में नासिर हुसैन की कप्तानी में पाकिस्तान में अपना आखिरी टेस्ट जीता था। इंग्लैंड ने तीसरा टेस्ट मुल्तान में खेलते हुए सीरीज पर 1-0 से कब्जा किया था।

पीसीबी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक ज़ाकिर ख़ान ने कहा, हमें खुशी है कि पाकिस्तान और इंग्लैंड टेस्ट प्रतिद्वंद्विता दिसंबर में हमारे यहां लौट रही है, जिसने ऐतिहासिक रूप से कई करीबी और कड़े मैच देखे हैं। पाकिस्तान में आखिरी बार 2005 में दोनो टीमों ने मैच खेला था। मुझे विश्वास है कि यह शृंखला वैश्विक क्रिकेट प्रेमी की उम्मीदों पर खरी उतरेगी जो प्रतिस्पर्धी और रोमांचक मैच देखना और उनका आनंद लेना चाहते हैं।

इंग्लैड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्लेयर कॉनर ने कहा, वर्ष 2005 के बाद पहली बार पाकिस्तान में हमारी पुरुष टेस्ट टीम की वापसी एक ऐतिहासिक अवसर होगा। हम पाकिस्तान में क्रिकेट प्रेमियों के सामने टेस्ट क्रिकेट खेलने का अवसर पाकर खुश हैं। हम हाल के महीनों में पीसीबी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हमारी टेस्ट और टी20 शृंखला को सबके लिये रोमांचक बनाने के लिये मैं उनका शुक्रगुज़ार हूँ।

## कोरिक ने वापसी में जीता अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब

मेसन, 22 अगस्त। क्रोएशिया के बोर्ना कोरिक ने चोट के बाद यादगार वापसी करते हुए सोमवार को सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में स्टेफानोस सितसिपास को मात देकर अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीता। कोरिक ने यूनान के चौथी सीड सितसिपास को एक घंटे 57 मिनट चले फाइनल में 7-6(0), 6-2 से मात दी। 2020 के बाद अपना पहला टूर-स्तरीय फाइनल खेल रहे क्रोएशियाई खिलाड़ी ने खिताब तक के सफर में राफेल नडाल को मात दी थी। फाइनल के पहले सेट में वह 1-4 से पिछड़ गये थे, लेकिन उन्होंने दबाव से उभरते हुए अपने यूनानी प्रतिद्वंदी को दो सेट में शिकस्त दी। कोरिक कंधे की चोट के कारण पिछले सीज़न ज्यादातर आयोजनों से बाहर रहे थे। जब वह सिनसिनाटी ओपन में आये थे तब उनकी रैंकिंग 152 थी लेकिन अपने दमदार प्रदर्शन के दम पर वह एटीपी रैंकिंग में 29वें स्थान पर आ गये हैं।

# न्यूजीलैंड ने विंडीज के खिलाफ जीती ऐतिहासिक श्रृंखला

**न्यूज़ीलैंड ने 2-1 से वेस्ट इंडीज़ को हराकर कैरिबियन में अपनी पहली एकदिवसीय शृंखला जीती है।**

बारबाडोस, 22 अगस्त। न्यूज़ीलैंड ने टॉम लैथम (69) और डैरिल मिशेल (63) के अर्द्धशतकों की बदौलत वेस्ट इंडीज़ को तीसरे एकदिवसीय मैच में पांच विकेट से हराकर कैरिबियन में अपनी पहली एकदिवसीय शृंखला जीती।

वेस्ट इंडीज़ ने रविवार को बारबाडोस के केनसिंगटन ओवल में न्यूज़ीलैंड को 50 ओवर में 302 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे उन्होंने 47.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। ब्लैक कैप्स ने टॉस जीतकर वेस्ट इंडीज़ को पहले बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किया। शाई होप और काइल मेयर्स ने कैरिबियाई टीम को मजबूत शुरुआत दिलाते हुए 34.5 ओवर में 173 रन की साझेदारी की। मेयर्स ने 110 गेंदों पर 12 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 104 रन बनाये, जबकि होप ने 51(100) रन की पारी खेली।

इसके बाद कप्तान निकोलस पूरन ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 55 गेंदों पर चार चौकों और नौ छक्कों की बदौलत 91 रन बनाये। अल्ज़ारी जोसेफ़ ने 6 गेंदों में 20 रन के योगदान के साथ विंडीज़ को 301 रन तक पहुंचाया। न्यूज़ीलैंड के लिये 302 रन का पीछा करते हुए मार्टिन गप्टिल, डेवन कॉनवे, कप्तान लैथम और मिशेल ने अद्धर्शतक जड़ते हुए टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। गप्टिल (57) और कॉनवे (56) के बीच दूसरे विकेट के लिये 82 रन की साझेदारी हुई। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच लैथम ने 75 गेंदों पर छह चौकों की बदौलत 69 रन बनाये, जबकि मिशेल ने 49 गेंदों पर छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 63 रन की पारी खेली। अंत में जेम्स नीशम ने 11 गेंदों पर ताबड़तोड़ 34 रन बनाते हुए टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

## भारतीय कुश्ती का भविष्य सुरक्षित हाथों में : मोदी

नयी दिल्ली, 22 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारतीय पहलवानों को अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि भारतीय कुश्ती का भविष्य सुरक्षित हाथों में है।

## हॉकी इंडिया के चुनावों के लिये अजय नायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

नयी दिल्ली, 22 अगस्त। हॉकी इंडिया की प्रशासकों की समिति (सीओए) ने संगठन के चुनावों के लिये सोमवार को अजय नायक को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। हॉकी इंडिया ने आज यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा, बिहार सरकार के पूर्व मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय नायक निर्वाचन अधिकारी की भूमिका संभालेंगे। इसके अलावा श्री ए के मजूमदार को सह-निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों अधिकारी तत्काल प्रभाव से अपना कार्यभार संभालेंगे। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ और हॉकी इंडिया की प्रशासनिक समिति के बीच 17 अगस्त को एक बैठक हुई थी। इस बैठक में एफआईएच की ओर से महासंघ के कार्यवाहक अध्यक्ष सैफ अहमद और मुख्य कार्यकारी अधिकारी थिएरी वेल शामिल हुए थे। जबकि सीओए के न्यायमूर्ति अनिल दवे, डॉ एसवाई कुरैशी और ज़फ़र इक़बाल ने हॉकी इंडिया का प्रतिनिधित्व किया था। बैठक में हॉकी इंडिया की चुनावी प्रक्रिया को इस वर्ष नौ अक्टूबर तक पूरा कर लिए जाने का निर्णय लिया गया था। इसी सिलसिले में सीओए ने निर्वाचन अधिकारी और सह-निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति की है ताकि चुनावी कार्य को आगे बढ़ाया जा सके।

# उच्चतम न्यायालय ने प्रशांसकों की समिति भंग की

नयी दिल्ली, 22 अगस्त। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को भारतीय फुटबॉल के लिये महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के संचालन के लिये गठित प्रशासकों की समिति (सीओए) को भंग करने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि एआईएफएफ का कार्यभार महासंघ के महासचिव संभालेंगे। महासचिव के कार्यभार संभालते ही सीओए भंग हो जाएगी।

अदालत का यह फैसला फीफा द्वारा एआईएफएफ के निलंबन के बाद आया है। फीफा ने 16 अगस्त को 'तीसरे पक्ष के अनावश्यक हस्तक्षेप' का हवाला देते हुए एआईएफएफ को निलंबित कर दिया था और कहा था कि यह फीफा नियमों का उल्लंघन है। फीफा ने कहा था कि सीओए की नियुक्ति के फैसले के निरस्त होने और महासंघ का कार्य एआईएफएफ की कार्यकारी समिति के हाथों में आने के बाद निलंबन हटाया जाएगा।

सीओए उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित एक समिति है जिसे एआईएफएफ के पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल की बर्खास्तगी के बाद महासंघ के कार्य संभालने की जिम्मेदारी दी गयी थी। मोदी सरकार ने एआईएफएफ के निलंबन के बाद उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया था कि वह आवश्यक कदम उठाते हुए निलंबन की समाप्ति सुनिश्चित करे ताकि अक्टूबर में होने वाले अंडर-17 महिला विश्व कप की मेज़बानी भारत के पास रहे। न्यायमूर्ति धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ और



न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने अपने पिछले फैसले को पलटते हुए प्रशासकों की समिति को भंग किया। अदालत के नये निर्देश के अनुसार एआईएफएफ के चुनाव भी एक हफ्ते के लिये बढ़ा दिये गये हैं। अट्ठाइस अगस्त को होने वाले चुनाव अब एक हफ्ता देर से होंगे ताकि नये नामांकन किये जा सकें।

इसके अलावा, निर्वाचक मंडल में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सदस्य संघों (35 1) के प्रतिनिधि शामिल होंगे। निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा और तापस भट्टाचार्य होंगे। अदालत ने स्पष्ट किया कि एआईएफएफ की कार्यकारी समिति (ईसी) में 23 सदस्य होंगे, जिसमें से 17 निर्वाचक मंडल द्वारा चुने जाएंगे जबकि छह प्रतिष्ठित खिलाड़ियों को सदस्यों के रूप में शामिल किया जाएगा।

इसी बीच, पूर्व भारतीय फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया ने शीर्ष अदालत में हस्तक्षेप याचिका दाखिल करते हुए सीओए के उस प्रस्ताव का समर्थन किया है जिसमें निर्वाचन मंडल में प्रमुख खिलाड़ियों के 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व की बात कही गयी

## एआईएफएफ संविधान में खिलाड़ियों के लिये मताधिकार चाहते हैं भूटिया

कोलकाता, 22 अगस्त। महान फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया ने सोमवार को प्रशासकों की समिति को हटाने के उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया। सीओए 18 मई के उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद से भारत में एआईएफएफ का कामकाज देख रहा था। भूटिया ने बांग्ला फुटबॉल लीग के लांच से इतर कहा ,'' उच्चतम न्यायालय का आज का फैसला भारतीय फुटबॉल के हित में था। प्राथमिकता फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप है जो भारत की प्रतिष्ठा का प्रश्न है। इसके अलावा भारत पर लगा प्रतिबंध भी हटवाना है।'' उन्होंने कहा, हम सभी के लिये खिलाड़ियों, सीओए, प्रदेश संघों की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि भारत में महिला अंडर 17 विश्व कप हो और प्रतिबंध हटाया जाय।'' भूटिया ने एआईएफएफ अध्यक्ष पद के लिये नामांकन भरा है। न्यायालय ने एआईएफएफ चुनाव के लिये मतदाता सूची में केंद्र और केंद्रशासित प्रदेशों के 36 प्रतिनिधियों को शामिल करने का निर्देश दिया जबकि भूटिया ने न्यायालय के पूर्व फैसले का समर्थन किया था जिसमें 36 खिलाड़ियों को भी मताधिकार देने की बात थी। यह पूछने पर कि क्या पूर्व खिलाड़ियों को बाहर रखने के न्यायालय के फैसले से वह निराश है, उन्होंने कहा ,'' हां। मैने अपील की थी कि खिलाड़ियों की भी आमसभा में नुमाइंदगी हो लेकिन इस समय प्राथमिकता भारत पर लगा प्रतिबंध हटाना और अंडर 17 महिला विश्व कप की मेजबानी है।'' उन्होंने कहा, खिलाड़ी संघर्ष करते रहेंगे और महासंघ तथा खेल मंत्रालय से अपील करते रहेंगे कि भविष्य में एआईएफएफ के संविधान में पूर्व फुटबॉलरों को मताधिकार हो। वे प्रशासन और निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं।''

# एशिया कप में शाहीन की जगह लेंगे हसनैन

**शाहीन जुलाई में श्रीलंका के खिलाफ खेले गये पहले टेस्ट के दौरान चोटिल हो गये थे**

लाहौर, 22 अगस्त। पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज़ मोहम्मद हसनैन 27 अगस्त से शुरू होने वाले टी-20 एशिया कप में शाहीन शाह अफ़रीदी की जगह लेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। शाहीन जुलाई में श्रीलंका के खिलाफ खेले गये पहले टेस्ट के दौरान चोटिल हो गये थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की चिकित्सीय सलाहकार समिति ने शनिवार को बताया कि उन्हें चार से छह हफ्ते और आराम करने की जरुरत है। हसनैन ने 18 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान की ओर से खेलते हुए 17 विकेट चटकाए हैं। हसनैन इस समय इंग्लैंड में द हंड्रेड प्रतियोगिता में ओवल इनविंसिबल के लिये खेल रहे हैं। पीसीबी ने बताया कि आसिफ़ अली, हैदर अली, इफ़्तिख़ार अहमद और उस्मान क़ादिर मंगलवार तड़के दुबई के लिये रवाना होंगे। वे टीम में अब्दुल्लाह शफ़ीक, इमाम-उल-हक, मोहम्मद हारिस, सलमान अली आगा और ज़ाहिद महमूद की जगह लेंगे जो नीदरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय शृंखला में पाकिस्तान की ओर से खेल रहे थे। एशिया कप 2022 में पाकिस्तान का पहला मैच 28 अगस्त को भारत के खिलाफ है। इसके बाद बाबर आज़म की टीम दो सितंबर को ग्रुप-ए के अपने दूसरे मैच में क्वालीफायर (यूएई, कुवैत, सिंगापुर या हॉन्ग कॉन्ग में से कोई एक) टीम का सामना करेगी। सुपर-4 मुकाबले तीन सितंबर से खेले जाएंगे। एसीसी टी20 एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम में बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), आसिफ अली, फखर जमान, हैदर अली, हारिस रउफ, इफ्तिखार अहमद, खुशदिल शाह, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, शाहनवाज दहानी और उस्मान कादिर हैं।

# मुख्य न्यायाधीश के आदेश को अगर तहसीलदार स्तर का अधिकारी भी नहीं मानता तो न्यायपालिका की वखत रह गई?

## कोटपूतली में सरकार ने सड़क चौड़ा करने के नाम पर बिना सूचना दिये, बिना मुआवज़ा दिये दुकान व रिहायशी मकान तोड़ने का क्रम जारी रखा

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 22 अगस्त। कोटपूतली नगर परिषद के अधिकारियों ने छः अगस्त से शुरू हुई तोड़-फोड़ की कार्यवाही को जारी रखते हुए, रविवार सुबह को फिर से कई इमारतों को गिराया। हैरानी की बात यह रही कि नगर परिषद के कर्मचारी और अधिकारियों ने आज भी तोड़-फोड़ करने से पहले कानूनी प्रक्रिया की पूरी तरह से अवहेलना की और उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त कर चुके लोगों की इमारतें भी तोड़ दी और किसी व्यक्ति को तोड़-फोड़ से पूर्व नोटिस भी नहीं दिया।

जैसा कि विदित है पिछले वर्ष दिसंबर माह में कोटपूतली क्षेत्र की तत्कालीन नगर पालिका ने सरदार विद्यालय रोड और "हाई-वे" से संलग्न मुख्य चौराहे के आसपास रहने वाले लोग तथा दुकानदारों को अवैध निर्माण स्वयम् हटाने के लिए नोटिस दिया था। परन्तु नोटिस में कौनसी इमारतें अवैध हैं इस संदर्भ में कोई जानकारी नहीं दी थी।

नगर पालिका के नोटिस के खिलाफ 32 पार्टियों ने राजस्थान हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। न्यायाधीश इन्द्रजीत सिंह की एकल पीठ ने आदेश दिये थे कि नगर पालिका इन 32 पार्टियों को नोटिस भेजकर 30 दिन में इन पार्टियों की आपत्तियाँ सुने और फिर कानूनी प्रक्रिया के अनुसार ही इमारतें हटाने की कार्यवाही करे। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि नगर पालिका को किसी भी इमारत के खिलाफ कार्यवाही करने से पूर्व 15 दिन का समय देना होगा, ताकि नगर पालिका के निर्णय के खिलाफ भी लोगों को उपयुक्त अदालत में चुनौती देने का समय दिया जा सके।

उल्लेखनीय है कि न्यायाधीश इन्द्रजीत सिंह की अदालत ने कोटपूतली नगर पालिका की सभी 32 पार्टियों को सुरक्षा देते हुए अपने आदेश में यह भी कहा था कि जब तक नगर पालिका सभी लोगों की आपत्तियों को सुनकर कानूनी प्रक्रिया के अनुसार कोई निर्णय नहीं ले लेती है, तब तक उसे सभी इमारतों के संबंध में यथास्थिति बनाए रखनी है।

कोटपूतली की नगर पालिका को हाल ही में नगर परिषद घोषित यिा गया है। परन्तु क्या नगर परिषद के अधिकारी, मुख्य तौर पर इसके कमिश्नर फतेह सिंह मीणा, उच्च न्यायालय के आदेशों को पढ़ना तो दूर, बिल्कुल ही दरकिनार करने लगे हैं?

गौरफरमाने योग्य है कि, कमिश्नर फतेह सिंह मीणा, मीडिया में तो बार-बार बयान दे रहे हैं कि वे हाई कोर्ट का सम्मान करते हैं, परन्तु हाई कोर्ट के आदेश अनुसार किसी भी मकान मालिक या दुकानदार पर कार्यवाही याचिकाकर्ताओं में अशोक कुमार शर्मा भी थे, परन्तु नगर परिषद ने उनकी इमारत भी तोड़ दी और उन्हें कार्यवाही करने से पूर्व कोई नोटिस भी नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कई दिनों से प्रशासन ने पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बनाया हुआ था और पुलिस तथा अन्य अधिकारी लाकर लाऊड स्पीकर के माध्यम से इमारतें गिराने की चेतावनी देते हैं, "परन्तु किसी भी व्यक्ति को नोटिस नहीं दिया गया था।" उन्होंने बताया कि उनके परिवार को उक्त भूमि पर रहने के लिए

- तोड़-फोड़ के खिलाफ न्यायालय के आदेश लेकर जब कुछ पीड़ित अधिकारियों के पास पहुंचे तो एक अधिकारी ने कहा कि वह कोर्ट के आदेश को नहीं मानते।
- इसमें एक समझदार अधिकारी ने पीड़ितों से कहा कि, अगर नगर निगम ने आपको नोटिस नहीं दिया तो आप न्यायालय के आदेश की अवमानना की याचिका दायर कीजिये।
- वहीं बिना नोटिस, बिना मुआवज़ा और बिना सुनवाई के सरकार का रिहायशी मकान व व्यवसाई दुकान तोड़ने का क्रम जारी रहेगा।

करने से पूर्व कोई भी नोटिस नहीं दे रहे हैं। यही नहीं 18 अगस्त को ही इसी मामले से संबंधित याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश वकील ने माना था कि नगर पालिका ने किसी भी दुकानदार या मकान मालिक को उसकी आपत्ति सुनने के लिए नहीं बुलाया, तो यह कैसे माना जाये कि नगर परिषद ने सभी तथ्यों को समझकर इमारतें तोड़ने का फैसला किया है? और अगर फैसला कर भी चुकी है तो लोगों को नोटिस क्यों नहीं दिया गया? और क्यों देर रात, चोरों की भांति लोगों को बेघर कर उनके घरों को तोड़ा जा रहा है?

राजस्थान हाई कोर्ट की सिंगल बैंच में याचिका दायर करने वाले 32 खेतड़ी महाराज ने पट्टे दिये थे, जिसे उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों दे दिया था। और उन्हें यह बताया गया नगर परिषद के अधिकारी उनकी भूमि के विषय में निर्णय लेंगे, "परन्तु बिना कोई नोटिस दिये मेरे मकान को तोड़ दिया गया।" अशोक कुमार शर्मा के अलावा, आलोक अग्रवाल और गोविंद नारायण शर्मा को भी उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने अपने आदेश में राहत दी थी और तत्कालीन नगर पालिका को कहा था कि नगर पालिका उनकी इमारतों पर यथास्थिति बनाए रखे, जब तक उनकी जमीन के विषय में विधिवत् तरीके से कोई निर्णय नहीं लिया जाता, यानि नगर परिषद को भूमि मालिकों की आपत्ति सुनकर उनकी जमीन अवाप्त करके ही




*कोर्ट के आदेशों के खिलाफ कोटपूतली में गत 6 अगस्त से शुरू हुई मकानों एवं दुकानों की तोड़-फोड़ की कार्रवाई निरंतर जारी है। रविवार को भी नगर पालिका प्रशासन तोड़-फोड़ की कार्रवाई की।*

इमारत ध्वस्त करनी चाहिये थी। परन्तु ऐसा नहीं किया गया।

जब इन याचिकाकर्ताओं में से कई लोग स्थानीय अफसरों से बात करने गये, तो उन्होंने कह दिया कि वह हाई कोर्ट के आदेश को स्थगन आदेश नहीं मानते हैं। इस विषय में एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अगर नगर परिषद ने हाई कोर्ट के आदेशानुसार लोगों को नोटिस नहीं दिया था, तो उन्हें नगर परिषद के खिलाफ हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दायर करनी चाहिए।

हाई कोर्ट में दायर याचिकाओं में से चार याचिकाएं हाई कोर्ट में ही मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व वाली खण्डपीठ के समक्ष भी दायर की गईं थी। मुख्य न्यायाधीश अकील कुरैशी और न्यायाधीश भूपेश बंसल की खण्डपीठ ने अतिक्रमण हटाये जाने के संदर्भ में दिये गये नोटिस को अवैध करार दिया था क्योंकि नगर पालिका के नोटिस में यह नहीं बताया गया था कि कौनसी इमारतें अवैध हैं। अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा कि नगर पालिका ने किसी व्यक्ति की जमीन अवाप्त करने की प्रक्रिया शुरू नहीं की है। इस मामले में याचिकाकर्ता हरी प्रसाद शर्मा का घर और दुकान नगर परिषद द्वारा तोड़ दी गई। हरी प्रसाद शर्मा के घर वालों का भी यही कहना है कि उनका घर व दुकान तोड़ने से पूर्व उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया था। बल्कि उन्हें रविवार सुबह साढ़े चार बजे घर से बाहर निकलने कहा गया और फिर सुबह करीब छः बजे उनके घर व दुकान को गिरा दिया।

एक प्रत्यदर्शी ने कहा कि सुबह करीब 9 बजे नगर परिषद के अधिकारी पहले हरि प्रसाद की दुकान का गेट, शटर तोड़कर और धातु से बना सारा सामान ले गये, "फिर छः बजे उनकी इमारत को तोड़ने की कार्यवाही शुरू की गई।"

इस पूरे प्रकरण में अगर नगर परिषद की बात मानी जाये, कि तोड़ी गई सारी इमारतें विधिवत तरीके से तोड़ी गई है, तो यह कैसे संभव है कि कई लोग अदालत के स्थगन आदेश लाने में सफल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 18 अगस्त को महेन्द्र कुमार गोयल की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता सुलोचना को राहत देते हुए नगर परिषद के उस नोटिस पर रोक लगाई थी, जिसके तहत उनका पट्टा खारिज किया जा रहा था। परन्तु 18 अगस्त को ही सुलोचना का मकान भी नगर परिषद ने तोड़ दिया था। वहीं सोमवार को मीनू सोनी को न्यायाधीश महेन्द्र कुमार गोयल की एकल पीठ से राहत मिली थी और अदालत ने कहा था कि नगर परिषद का दिसंबर में जारी किया गया अवैध इमारतें हटाने का नोटिस गैरकानूनी है, परन्तु मीनू सोनी की भी इमारत नगर परिषद ने सोमवार को ही गिरा दी।

कोटपूतली नगर परिषद अभी तक तीन चरणों में सरदार स्कूल रोड पर करीब एक से डेढ़ किलोमीटर के क्षेत्र में दुकानें व घर तोड़ चुकी है, जिनमें कई लोग ऐसे भी है जिसके पास हाई कोर्ट में याचिका दायर करने के लिए पर्याप्त साधन नहीं थे। परंतु इन लोगों के घर व दुकानों को भी प्रशासन ने बिना नोटिस दिये गिरा दिया। इनमें से एक थी जगदीश सैनी की पुत्री रूपा सैनी। रूपा सैनी और उनकी पुत्री को करीब चार बजे घर से निकाला गया और फिर सुबह छः बजे इनके घर को तोड़ा गया। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में एक तोड़ी गई इमारत के पहले फ्लोर पर उनका एक कमरे का घर था। उनकी बेटी अभी नाबालिग है और बेटा मानसिक रूप से कमजोर है। परन्तु उन्हें घर से निकाला गया और उन्हें बच्चों के साथ सरदार स्कूल में पनाह लेनी पड़ी। प्रशासन तोड़-फोड़ करने के लिए इतना आतुर है कि कोटपूतली का सरदार विद्यालय, जिसकी स्थापना स्वामी विवेकानन्द के आग्रह पर, खेतड़ी महाराजा सरदार सिंह द्वारा 1928 में की गई थी, के मुख्य गेट और दीवार को भी तोड़ दिया है।

# कोई किसी पद पर आ गया तो बपौती नहीं समझे, हमेशा उसी की नहीं चलेगी, कांग्रेस में गांधी परिवार कहेगा, वही होगा

## रघु शर्मा ने यह नसीहत 4 सितम्बर को दिल्ली में कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित "महंगाई रैली" की तैयारी के लिये रखी गयी वरिष्ठ कांग्रेजन की बैठक में दी

जयपुर, 22 अगस्त (का.प्र.)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद से कहा जा रहा है कि राहुल गांधी पार्टी अध्यक्ष नहीं बनेंगे। इसके बाद से राजस्थान में कांग्रेस के दोनों धड़ों के नेता मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का नाम भी पार्टी में उच्च पदों के लिए चल रहा है, लेकिन दोनों ही नेता दिल्ली की राजनीति में नहीं जाना चाहते। इस बाबत सोमवार को कांग्रेस के गुजरात प्रभारी डॉ रघु शर्मा ने नाम तो नहीं लिया, लेकिन मुख्यमंत्री और पूर्व उपमुख्यमंत्री दोनों को ही नसीहत देते हुए कहा कि पद पर आने के बाद किसी को भी खुद को खुदा नहीं समझना चाहिए।

दरअसल सोमवार को जयपुर में कांग्रेस के सभी विधायकों,सांसद प्रत्याशियों और पार्टी पदाधिकारियों को बुलाकर 4 सितंबर को दिल्ली में

- इस अवसर पर गहलोत ने कहा कि, कांग्रेसजन की भावना स्वीकार कर राहुल गांधी अध्यक्ष बनें। राहुल गांधी अध्यक्ष नहीं बनते हैं तो इससे कार्यकर्ताओं को तकलीफ होगी।

होने वाली महंगाई के खिलाफ रैली की तैयारियों पर चर्चा होनी थी। इसी बैठक में डॉ. रघु शर्मा ने कहा कि कोई किसी पद पर आ गया तो उसे बपौती नहीं समझना चाहिए। यह भी नहीं समझना चाहिए कि हमेशा उसी की चलेगी। कांग्रेस में तो सिर्फ गांधी परिवार कहेगा, वही होगा। दरअसल रघु शर्मा के इस बयान को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट से जोड़कर देखा जा रहा है, जो कि दोनों ही राजस्थान छोड़कर दिल्ली की राजनीति में नहीं जाना चाहते, जबकि कांग्रेस आलाकमान की ओर से इस बारे में गंभीरता से विचार किया जा रहा है ऐसे समय में रघु शर्मा का यह बयान राजनीतिक रूप से काफी मायने रखता है। दरअसल इस बैठक में पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और राजस्थान के प्रभारी अजय माकन को भी आना था, लेकिन दोनों ही बैठक में नहीं पहुंचे। ऐसे में इनके नहीं आने को लेकर भी अलग अलग तरह की चर्चाएं हो रही है।

एक ओर तो रघु शर्मा ने अपनी ओर से नसीहत दी तो दूसरी ओर एक बार फिर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से इंकार किया और कहा कि राहुल गांधी को ही पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना चाहिए। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए गहलोत ने कहा कि देशभर के कांग्रेसजन की भावना है कि राहुल गांधी को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना चाहिए।

अगर वह अध्यक्ष नहीं बनते हैं, सभी को तकलीफ होगी और निराश होकर कांग्रेस कार्यकर्ता घर बैठ जाएंगे। गहलोत ने कहा कि पहले भी राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कई बार बैठकें हो चुकी हैं। उन सब में एक तरफा राय यही बनी है कि राहुल गांधी को ही अध्यक्ष पद की कमान संभालने चाहिए।

गैर गांधी परिवार से राष्ट्रीय अध्यक्ष के मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी परिवार में 30 साल से कोई प्रधानमंत्री नहीं बना है। ऐसे में पार्टी से राष्ट्रीय अध्यक्ष गांधी परिवार से ही बनना चाहिए। हालांकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कार्यकारी अध्यक्ष पद के सवाल को टाल गए।

## सब तरह से घिरी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दैनिक एवं खुदरा मजदूरों को रोजी-रोटी कमाने का अवसर दिया करती हैं। लेकिन यह संगठित क्षेत्रों में काम करने वाले उन लोगों के लिये बहुत बड़ा तोहफा भी है, जहाँ स्थाई कर्मचारियों का मोटी एवं पूरी तनख्वाह मिलती हैं। उदाहरण के लिये, राज्य सरकार के कर्मचारियों को पूरे 11 दिन की अवधि का वेतन कोई काम किये बिना ही मिलेगा। ममता की सरकार और पार्टी फिर घिर चुकी हैं। उनके मंन्त्रिमंडल तथा तृणमूल कांग्रेस के नेताओं की कलई एक-एक कके खुलती जा रही है तथा जबरदस्त भ्रष्टाचार तथा अवैघ धन-समत्ति इकट्ठा करने के मामले उजागर होते जा रहे हैं। स्वयं ममता पर भी यह आरोप है कि राज्य के चिटफंड धोखाधड़ी के मामलों में वे भी कहीं न कहीं लिप्त हैं। जब भी उनके सामने अस्तित्व का संकट आता है, ममता बनर्जी उससे बाहर निकलने के लिये विशेष कौशलपूर्ण राजनैतिक खेल जाती हैं। यह अवसर भी कोई अपवाद नहीं है भ्रष्टाचार के बड़े-बड़े आरोपों का सामना करते हुये, उन्होंने लोगों को यह तर निवाला देकर, उन तक सीधी पहुँच बनाने का कुशल खेल खेला हैं।

## खेलों में...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को भी एक सप्ताह तक आगे खिसका दिया। कोर्ट ने यह सुनिश्चित करने के लिए आदेश पारित किया कि आई.ओ.ए. की ऐसी हालत ना हो जाए, जैसी कि ऑल इण्डिया फुटबॉल फैडरेशन (ए.आई. एफ. एफ.) की हुई है। उसने कहा कि उसका यह निर्णय फीफा द्वारा ए.आई.एफ.एफ. के किए गए निलम्बन को वापस लेने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## तीस्ता को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ही पूछा कि क्या किसी वकील को इस सुनवाई पर आपत्ति है क्योंकि उन्होंने सोहराबुद्दीन की हत्या के केस में कुछ आरोपियों के केस लड़े थे। इस पर तीस्ता की ओर प्रस्तुत वरिष्ठ एडवोकेट ने कहा, "नहीं"।

जहाँ तक उनके खिलाफ दायर हुई एफ.आई.आर. का सम्बन्ध है, सिब्बल ने कहा कि इसके आरोप उन कार्यवाहियों का शुद्ध कथन या दोहरान हैं, जो सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष हुई थी तथा पूर्णता को पहुँची थी।

# दिल्ली में फिर से शुरु हुआ किसान आंदोलनकारियों का जमावड़ा

## एम.एस.पी., युवा बेरोजगारी एवं अग्निवीर भर्ती किसानों के मुख्य मुद्दे हैं

नई दिल्ली, 22 अगस्त (वार्ता)। कृषि उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) की सुनिश्चित व्यवस्था और बढ़ती बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर किसान संगठनों का सोमवार को ऐतिहासिक जंतर-मंतर पर जमावड़ा शुरू हो गया था, लेकिन इस आयोजन को लेकर संगठनों के बीच दरार दिखने लगी है।

दिल्ली पुलिस ने किसानों को सभा करने की इजाजत दी थी लेकिन कृषि कानूनों का विरोध करने वाले संयुक्त किसान मोर्चा (एस.के.एम.) में शामिल कुछ संगठनों के नेताओं ने कहा कि उन्हें जहां रोका जायेगा, वे वहीं प्रदर्शन शुरू कर देंगे। इस बीच, संगठनों के बीच दरार का संकेत देने वाले एक घटनाक्रम में स्वराज इंडिया के अध्यक्ष योगेन्द्र यादव ने ट्विटर पर बयान में कहा कि एस.के.एम. का जंतर-मंतर पर आज से आयोजित किसान महापंचायत से कोई लेना-देना है।

भारतीय किसान यूनियन (बी.के.यू.) के राकेश टिकैत धड़े ने किसान महापंचायत से अपने को अलग रखने का एलान पहले ही किया था। टिकैत ने कहा, महापंचायत के लोगों ने एस.के.एम. से अपने को अलग कर लिया है, मैं मुजफ्फनगर जा रहा हूं, आज की महापंचायत में शामिल हूं।

- पर इस बार किसान संगठनों में दरार साफ दिखाई दे रही है। राकेश टिकैत ने इस प्रदर्शन से खुद को अलग कर लिया है तथा संयुक्त किसान मोर्चा को भी प्रदर्शन में शामिल नहीं होने दिया जा रहा।

उन्होंने कहा, किसानों के मुद्दे पर हमारा आंदोलन जारी है। हम अपनी मांगों पर बने हुए हैं और आंदोलन करते रहेंगे। टिकैत को दिल्ली पुलिस ने गाजियाबाद की सीमा के पास कल रोक लिया था और उन्हें मधु विहार थाने लाकर गाजीपुर बार्डर के पास वापस छोड़ दिया था। टिकैत ने कहा, उन्होंने एहतियात के तौर पर हमें रोका था।

महापंचायत में पंजाब के भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी गुट) के किसानों का जंतर-मंतर पर पहुंचना जारी था। चढ़ूनी गुट संयुक्त किसान मोर्चे से पहले ही खफा हो चुका है और 31 जुलाई को संयुक्त किसान मोर्चे की भारत बंद मुहिम में शामिल हुआ था। चढ़ूनी गुट पंजाब विधानसभा चुनाव में भी अपना हाथ आजमा चुका है, हालांकि उसे निराशा ही हाथ लगी।

## एन.टी.आर. एक बार फिर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तलाश में थे। और इस लिहाज से, जुनियर एन.टी.आर. से बेहतर और कौन हो सकता है। उनका उपयोग पूरे भारत में प्रचार के लिये किया जा सकता है क्योंकि उनकी फिल्में हिन्दी में भी डब होती है तथा ओ.टी.टी. सर्किट्स तथा टी.वी. चैनलों पर खूब चलती हैं।

उनके द्वारा अभिनीत बिल्कुल नई फिल्म, आर.आर.आर. न केवल तेलुगूभाषी राज्यों में ही जबरदस्त हिट रही बल्कि पूरे देश में हिट हुई क्योंकि यह, हिन्दी सहित, कई भाषाओं में एक साथ रिलीज हुई थी।

वाय.एस.आर.सी.पी. के विधायक ने फिल्मी तथा राजनैतिक हल्कों की उन अटकलों को विश्वसनीयता प्रदान की, जो जूनियर एन.टी.आर. के अमित शाह की करीब आधा घंटे तक चली मीटिंग को लेकर लगाई गई थी। वाय.एस.आर.सी.पी. विधायक ने मीडिया कर्मियों को बताया, "जब तक कोई उल्लेखनीय राजनैतिक लाभ दिखाई नहीं देता, तब तक प्रधानमंत्री या अमित शाह किसी व्यक्ति के साथ समय नहीं गुजारते।" गिने-चुने राजनैतिक विश्लेषकों की तरह इस विधायक को भी विश्वास है कि जूनियर एन.टी.आर. अपने वास्तविक जीवन में देश की ऐसी सबसे बड़ी पार्टी के साथ, रोल 'साइन' कर सकते हैं, जिसकी चुनाव रूपी बॉक्स-आफिस पर सफलता सुनिश्चित है।

संयोशवश, तेलंगाना की एक महत्वपूर्ण विधानसभा सीट भुनुगोडे के उपचुनावों में, प्रचार करते हुये, एक जनसभा में अमितशाह ने के.सी.आर. तथा उनके परिवार पर जबरदस्त हमला बोला।

स्थानीय भाजपा नेता भी के.सी.आर. की बेटी कविता का सम्बन्ध दिल्ली के उस शराब घोटाले से बता रहे हैं, जिसमें दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मुख्य आरोपी हैं। आंध्र प्रदेश में, केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मुख्यमंत्री जगमोहन रेड्डी पर हमला बोलते हुये कहा कि उनकी सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। ठाकुर ने आरोप लगाया कि आन्ध्र प्रदेश सरकार को शराब, जमीन तथा बजरी माफिया चला रहे हैं।

मजेदार बात यह है कि जिस समय एक प्रभावशाली केन्द्रीय मंत्री मुख्यमंत्री पर हमला बोल रहे थे, कल उस में दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ जगन मोहन रेड्डी की मीटिंग चल रही थी।

## शिव सेना ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कश्मीर में कार्यरत गैर कश्मीरियों और जम्मू-कश्मीर में अध्ययनरत छात्रों को वोटिंग का अधिकार दिया जाना चाहिए। यदि चुनाव आयोग अपने प्रस्ताव को मूर्त रुप देता है तो क्षेत्र की मतदाता सूची में 25 लाख नए वोटर जुड़ जाएंगे।

इस मुद्दे पर शिवसेना का रुख विपक्ष के उभरते आकार का सूचक है क्योंकि सेना का यह रुख उसके वर्ष 2019 के रुख से पूर्णतया भिन्न है जब पार्टी ने धारा 370 और अनुच्छेद35 ए को समाप्त करने के सरकार के निर्णय का उत्सव मनाया था।

यह घटनाक्रम राज्य के सभी नेताओं को एक प्लेटफॉर्म पर ले आया है क्योंकि गुपकार अलायंस के बैनर तले राज्य के नेताओं की आज हुई मीटिंग में कश्मीर की पार्टियों के अलावा कांग्रेस, शिवसेना और सी.पी.आई. ने भी भाग लिया।

गुपकार अलायंस के नेता इस असंवैधानिक कदम को रद्द करवाने के लिए अदालत की शरण में जाना चाहते हैं और इस कदम का विरोध करने और एक संयुक्त कार्ययोजना बनाने को लेकर उन्होंने मुख्यधारा की पार्टियों के राष्ट्रीय नेताओं को सितम्बर माह में आमंत्रित करने का निर्णय लिया है। पीपल्स कांफ्रेंस के नेता सज्जाद लोन ने तो इस मुद्दे को हाईलाइट करने के लिए संसद के बाहर भूख हड़ताल पर बैठने तक की धमकी दी है।

## 'मैं राजपूत हूं...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मनीष सिसोदिया के लिए और अधिक पुलिस सुरक्षा की मांग यह आरोप लगाते हुए की है कि दोनों पर प्रहार करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है और आप पार्टी की लोकप्रियता जिस तरीके से बढ़ रही है, उसे लेकर केन्द्र सरकार नाखुश है।

गुजरात में आप पार्टी का उद्देश्य इस संदेश का प्रचार-प्रसार करना है कि यदि वह आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य में सत्ता में आ जाती है तो जनता को गुणवत्ता युक्त शिक्षा एवं हैल्थकेयर सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करवायीं जाएंगी।

न्यूज़ एजेंसी आई.ए.एन.एस. ने खबर दी है कि गुजरात दौरे के दौरान अपने नेताओं पर हमले की आशंका के मद्देनज़र आप पार्टी ने दोनों नेताओं को और अधिक पुलिस प्रोटैक्शन देने की मांग की है।

आप पार्टी के गुजरात प्रभारी गुलाब सिंह और पार्टी के स्टेट लीगल सैल प्रैसिडैन्ट प्रणव ठक्कर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल ने रविवार को पुलिस महानिदेशक के कार्यालय में एक ज्ञापन प्रस्तुत किया।

ज्ञापन में कहा गया है कि "सीड़िया के कुछ सूत्रों और माध्यमों द्वारा हमारे ध्यान में लाया गया है कि सत्तारूढ़ पार्टी की विचारधारा से प्रभावित कुछ असामाजिक तत्व अरविन्द केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर हमला करने की योजना बना रहे हैं। अतः किसी प्रतिकूल घटना को टालने के लिए पुलिस को केजरीवाल और सिसोदिया के गुजरात दौरे के दौरान अधिक सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए।

अरविन्द केजरीवाल ने शनिवार को अपने एक ट्वीट में कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य की गारंटी देने के लिए मनीष जी और मैं सोमवार को दो दिन के लिए गुजरात जा रहे हैं। हम दिल्ली की तर्ज पर गुजरात में भी अच्छे स्कूल, अच्छे अस्पताल और मौहल्ला क्लीनिक्स खोलेंगे। प्रत्येक व्यक्ति अच्छी शिक्षा और मैडीकल उपचार निःशुल्क प्राप्त करेगा। जनता को बहुत राहत मिलेगी। हम युवाओं से भी बातचीत करेंगे।

## शाहनवाज़ हुसैन मामले में सुप्रीम कोर्ट का "स्टे"

नई दिल्ली, 22 अगस्त (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री नेता सैयद शाहनवाज हुसैन पर 2018 के एक कथित बलात्कार की शिकायत पर में प्राथमिकी दर्ज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति यू. यू. ललित, न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने प्राथमिकी दर्ज करने के दिल्ली पुलिस को दिए गए आदेश पर रोक लगाने के साथ-साथ पीड़िता की शिकायत पर दक्षिण दिल्ली के साकेत अदालत में पूर्व केंद्रीय मंत्री हुसैन के खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही पर भी रोक लगाने का आदेश दिया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908